10 विराट कोहली...

12 प्रियंका चोपड़ा...

झारखण्ड का अपना दैनिक

झारखण्ड उजाला

सच आप तक

रांची, मंगलवार, 10 दिसंबर 2024 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 04 | अंक -172 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com

आज का विचार

झारखण्ड उजाला

रोशन लाल चौधरी
एनडीए विधायक, बड़कागांव।

दिल से.. आज पूरा झारखण्ड में विधानसभा प्रथम सत्र एवं शपथ समारोह की लहर चल रही है.. और देश हम सभी को राष्ट्र की रक्षा के लिए सभी मतदताओ ने बहुत ही सोच समझकर अपना मतदान किया इसके लिए मैं सभी मतदाता गण को तहे दिल से हार्दिक अभिनंदन करता हूं और कार्यकर्ता को धन्यवाद के पात्र देता हूं और आप लोग के बीच में सेवक बन कर रहूंगा और भारत के संविधान के प्रति प्रभुता और अखडता एवं विधायक सदस्यता ग्रहण निर्वाचित हुआ मैं इसकी पूरा सच्ची और श्रद्धा से निर्वहन करुंगा जिस तरह से मुझे आप लोग एक एक मत देकर विजय किए। ठीक उसी प्रकार आप लोगों को विकास गंगा ही गंगा बहेगी। जय भाजपा, जय श्री राम, जय आजसू

सर्राफा

सोना (बिक्री) : **72,000**
चांदी (प्रति किलो) : **96,000**
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

शेयर बाजार

सेंसेक्स :- **81,508.46**
निफ्टी :- **24,619.00**

मौसम

अधिकतम तापमान : **21** °
न्यूनतम तापमान : **12** °

सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- **06:19**
संध्या :- **17:03**

आज का इतिहास

आज ही के दिन 1684 को एडमंड हेली ने गारम में पेपर डी मोटू कॉर्पोरम प्रस्तुत किया, जिसमें आइजैक न्यूटन के केपलर के नियमों, उनके टोगलिंग के सिद्धांत को रॉयल सोसाइटी से लिया गया था।

संक्षिप्त समाचार

सीएम ने सोनिया गांधी को जन्मदिन की दी शुभकामनाएं

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य सोनिया गांधी को जन्मदिवस पर बधाई और शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट शेयर कर कहा कि कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य सोनिया गांधी को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं और जोहार। मरांग बुरु आपको सदैव उत्तम स्वास्थ्य और सुदीर्घ जीवन प्रदान करें, यही कामना करता हूं।

दिल्ली के 40 स्कूलों को एक साथ बम से उड़ाने की धमकी, मांगे 25 लाख, हड़कंप

नयी दिल्ली। दिल्ली के 40 स्कूलों को एक साथ बम से उड़ाने की धमकी मिली है. इनमें पश्चिम विहार स्थित जीडी गोयनका और आरके पुरम स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल भी शामिल है. सभी स्कूलों को ईमेल के जरिये धमकी दी गयी है. स्कूल प्रशासन ने धमकी मिलने के बाद एहतियात के तौर पर सभी बच्चों को वापस घर भेज दिया है. मामले की सूचना पाकर पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम स्कूल पहुंची है और तलाशी ले रही है. हालांकि किसी भी स्कूल से अब तक बम नहीं मिला है. पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है. किसने ईमेल भेजा था, पुलिस इसका पता भी लगाने की कोशिश कर रही है. सभी स्कूलों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है. साथ ही ज्यादातर स्कूलों को एहतियातन बंद कर दिया गया है. जानकारी के अनुसार, 8 दिसंबर की रात करीब 11:38 बजे दिल्ली के 40 स्कूलों को धमकी भरा ईमेल आया. ईमेल में कहा गया कि स्कूल कैंपस में बम लगाये गये हैं. अगर बम फटा तो भारी नुकसान होगा. आगे कहा कि अगर आप चाहते है कि बम ना फटे तो 30 हजार डॉलर (25,28,100 रुपये) भेज दें. दिल्ली पुलिस ने ईमेल भेजने वाले की पहचान के लिए आईपी एड्रेस और अन्य तकनीकी पहलुओं की जांच कर रही है.

विधानसभा विशेष सत्र : सदन में 80 विधायकों ने ली शपथ

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

रांची। झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र सोमवार से शुरू हो गया. सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले से पहले स्पीकर कक्ष में प्रोटेम स्पीकर प्रो स्टीफन मरांडी का सीएम हेमंत सोरेन ने अभिवादन किया. इसके बाद संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने प्रोटेम स्पीकर का अभिवादन किया. दिन के 11 बजकर 15 मिनट में सदन की कार्यवाही शुरू हुई. सत्र के पहले दिन प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी ने ने 80 नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई. सबसे पहले मंत्रियों को शपथ दिलाई गयी. इसके बाद नवनिर्वाचित विधायकों ने शपथ ली. स्टीफन मरांडी मंगलवार को शपथ लेंगे. शपथ ग्रहण के बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार को दिन के 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी.

अलग-अलग भाषाओं में विधायकों ने ली शपथ

हेमलाल मुर्मू ने संताली, एमटी राजा ने उर्दू, जयराम महतो ने कुरमाली, अरूप चटर्जी ने बांग्ला और ममता देवी ने खोरठा भाषा में शपथ ली. इसके अलावा चंपाई सोरेन, मथुरा महतो सहित कई विधायकों ने भी स्थानीय भाषा में शपथ ली. वहीं कांग्रेस विधायक कुमार जयमंगल और श्वेता सिंह ने हाथ में संविधान की प्रति लेकर शपथ ली. जबकि पूर्णिमा साहू ने दोनों हाथ जोड़कर झारखंड विधानसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली.

सदन में दिखे 21 नये चेहरे

इस बार सदन में 21 नये चेहर दिखे. जो पहली बार विधायक बने हैं. सदन में पहली बार पहुंचने वाले विधायकों में रौशन लाल चौधरी, शुत्रध्न महतो, प्रदीप प्रसाद, मंजू कुमारी, कुमार उज्जवल, रागिनी सिंह, रामसूर्या मुंडा, मो ताजउद्दीन, आलोक सोरेन, सुदीप गुड़िया, धनंजय सोरेन, श्वेता सिंह, सुरेश बैठा, निशत आलम, नरेश प्रसाद सिंह, चंद्रदेव महतो, निर्मल महतो, जयराम महतो और पूर्णिमा साहू शामिल हैं. वहीं 18 ऐसे सदस्य हैं, जो पहले विधायक रह चुके हैं. इसमें सबसे अधिक आठ भाजपा के हैं, जबकि छह झामुमो, तीन कांग्रेस के हैं. वहीं राजद, माले, आजसू व जेएलकेएम के एक-एक विधायक शामिल हैं. पूर्व सीएम चंपाई सोरेन व सीपी सिंह लगातार सातवीं बार तो प्रदीप यादव लगातार छठी बार विधानसभा पहुंचने का रिकॉर्ड बनाया.

दस विधायक तीसरी बार पहुंचे सदन

सदन पहुंचनेवाले विधायकों में दस ऐसे विधायक शामिल हैं, जिन्होंने जीत की हैट्रिक लगायी है. इनमें स्टीफन मरांडी, इरफान अंसारी, डॉ नीरा यादव, राज सिन्हा, सरयू राय, विकास सिंह मुंडा, आलोक कुमार चौरसिया, रवींद्रनाथ महतो, निरल पूर्ति व दशरथ गगराई शामिल है. पिछले विधानसभा के 42 विधायक फिर से विधानसभा पहुंचे हैं. स्टीफन मरांडी सबसे सीनियर विधायक हैं. जो नौ बार जीत हासिल कर चुके हैं. चार विधायकों ने चौथी बार जीत हासिल की. जीत का चौका लगानेवालों में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री दीपक विरुआ, चमरा लिंडा, और विधायक नवीन जायसवाल शामिल हैं.

जयराम की सदन में नंगे पांव इंट्री

झारखंड विधानसभा सत्र में पहली बार शामिल हो रहे जयराम महतो ने अनोखे अंदाज में इंट्री ली. उन्होंने सबसे पहले धरती को प्रणाम किया. इसके बाद सदन के अंदर नंगे पांव घुसे. शपथ लेने के बाद जयराम महतो ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधायक मथुरा महतो और मंत्री दीपिका पांडेय के पैर छूकर आशीर्वाद लिया. वहीं जयराम महतो के हाथ में मौजूद लाल डायरी ने भी सबका ध्यान खींचा. जयराम ने कहा कि इस डायरी में मैं वह शपथ लिखूंगा, जो मैं विधानसभा में लूंगा.

स्टीफन मरांडी ने सीएम और बरहेट विधायक हेमंत सोरेन को दिलायी शपथ

स्टीफन मरांडी ने सबसे पहले झारखंड के मुख्यमंत्री और बरहेट विधायक हेमंत सोरेन को शपथ दिलायी. इसके बाद राधाकृष्ण किशोर, दीपक बिरुवा, चमरा लिंडा, संजय प्रसाद यादव, रामदास सोरेन, इरफान अंसारी, हफीजूल हसन, दीपिका पांडेय सिंह, योगेंद्र प्रसाद, सुदिव्य कुमार सोनू, शिल्पी नेहा तिर्की, राजमहल विधायक मोहम्मद ताजुद्दीन, बोरियो विधायक धनजंय सोरेन, लिट्टिपाड़ा विधायक हेमलाल मुर्मू, पाकुड विधायक निसात आलम, शिकारीपाड़ा विधायक आलोक कुमार सोरेन, नाला विधायक रविंद्र नाथ महतो, दुमका विधायक बसंत सोरेन समेत 80 विधायकों ने झारखंड विधानसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली.

स्मार्ट सिटी : 15 जनवरी तक मंत्रियों के आवास हो जायेंगे तैयार, सीएम हेमंत ने किया निरीक्षण

झारखंड जागरण संवाददाता

रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज सोमवार को रांची स्मार्ट सिटी में राज्य सरकार के मंत्रियों के लिए बने नवनिर्मित आवास सहित पूरे आवासीय परिसर का निरीक्षण किया. सीएम ने निरीक्षण के दौरान नवनिर्मित आवास से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. उन्होंने 15 जनवरी 2025 तक निर्माण कार्य पूरा कर लेने को कहा, ताकि मंत्रियों को उनका आवास आवंटित किया जा सके.

क्लब हाउस, बैडमिंटन कोर्ट और पुलिस बैरेक का भी किया निरीक्षण

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रांची स्मार्ट सिटी पहुंचे और आवासीय परिसर में बने क्लब हाउस, बैडमिंटन कोर्ट और पुलिस बैरेक इत्यादि का निरीक्षण कर सुविधाओं से संबंधित आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए. मुख्यमंत्री ने आवासीय परिसर में बच्चों के लिए खेलने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा. मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि नवनिर्मित आवास एवं पूरे आवासीय परिसर के सभी कार्य 15 जनवरी 2025 तक पूरे कर लिए जाएं, ताकि मंत्रियों को आवास आवंटित किया जा सके.

ये विधायक और अधिकारी निरीक्षण के दौरान थे मौजूद

निरीक्षण के दौरान गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार, भवन निर्माण विभाग के सचिव अरवा राजकमल, स्मार्ट सिटी के सीईओ अमीत कुमार, स्मार्ट सिटी के जीएम राकेश नंदकुलियार समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

झारखंड में कई जिलों में हुई तेज बारिश, पारा गिरने से बढ़ेगी ठंड

झारखंड जागरण संवाददाता

रांची। झारखंड में सोमवार को मौसम का मिजाज बदल गया है। साइक्लोनिक सकुर्लेशन की वजह रांची सहित प्रदेश भर के कई इलाकों में हल्की बारिश हो रही है। वहीं, कई इलाकों में बारिश की संभावना है। रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि सोमवार को उत्तर-पश्चिमी झारखंड को छोड़कर प्रदेश के बाकी हिस्सों में बारिश के आसार हैं। विभाग ने गढ़वा, लातेहार, पलामू और चतरा में वज्रपात होने की संभावना जतायी है। इसको लेकर येलो अलर्ट भी जारी किया है।

मौसम विभाग के अनुसार, मंगलवार को भी अधिकतर समय बादल छाये हुए रहेंगे। इस दौरान अधिकतम तापमान 25 डिग्री तो न्यूनतम तापमान 12 डिग्री के आसपास होगा। सुबह-सुबह हल्का कोहरा रहेगा। हालांकि, मौसम विभाग ने कहा है कि 11 दिसंबर को मौसम साफ रहेगा। 10 दिसंबर को

रांची सहित झारखंड के सभी जिलों में कड़ाके की ठंड पड़ने वाली है। बंगाल की खाड़ी में बने पश्चिमी विक्षोभ की वजह से एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन तैयार हुआ है। इसके असर से राजधानी रांची सहित कई जिलों में झमाझम बारिश हुई। अब तापमान गिरेगा और कड़ाके की ठंड पड़ेगी।

झारखंड के कई जिलों में सुबह सात बजे से साढ़े सात बजे तक बारिश हुई। बारिश रुकने के बाद चारों तरफ जलजमाव हो गया। आसमान में अभी भी बादल छाए हैं। सुबह-सुबह हुई बारिश की वजह से विद्यार्थियों को स्कूल जाने में काफी परेशानी हुई। खासकर ग्रामीण इलाकों के बच्चों को, जो कच्ची सड़क से जाते हैं। लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

झारखंड में बढ़ेगी ठंड, लुढ़केगा पांच डिग्री पारा, ये जिले होंगे घने कोहरे की चपेट में

झारखंड में नौ दिसंबर को हुई बारिश ने कड़ाके की ठंड पड़ने की चेतावनी दे दी है. मौसम विभाग ने अलर्ट जारी कर कहा है कि आने वाले तीन दिनों में पांच डिग्री सेल्सियस तापमान में गिरावट आने की संभावना है. जिसके कारण कड़ाके की ठंड पड़ेगी. मौसम विभाग के अनुसार, राज्य के एक दर्जन से अधिक जिलों में घना कोहरा छाया रहेगा. इसमें गढ़वा, पलामू, चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, देवघर, दुमका, गोड्डा, साहेबगंज, पाकुड़, सरायकेला-खरसांवा, पश्चिमी सिंहभूम और पूर्वी सिंहभूम शामिल हैं. विभाग के अनुसार, साइक्लोनिक सरकुलेशन के कारण झारखंड में इसका असर दिख रहा है. गिरिडीह में सबसे अधिक 14.2 मिलीमीटर बारिश हुई. वहीं सबसे अधिक तापमान सरायकेला खरसांवा में और सबसे कम तापमान बोकारो में दर्ज किया गया. सरायकेला में अधिक तापमान 29.8 डिग्री सेल्सियस रहा. जबकि बोकारो का न्यूनतम तापमान 10.1 डिग्री सेल्सियस रहा.

दुनिया के विशेषज्ञ और निवेशक भारत में निवेश को लेकर उत्साहित : पीएम

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को राजस्थान की राजधानी जयपुर के प्रदर्शनी एवं सम्मेलन केंद्र (जेईसीसी) में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने उद्घाटन समारोह में कहा कि आज दुनिया भर के विशेषज्ञ और निवेशक भारत में निवेश करने को लेकर उत्साहित है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मंत्र पर चलते हुए भारत ने जो विकास किया है वो हर क्षेत्र में नजर आ रहा है।आजादी के बाद, सात दशक में भारत, दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन पाया था, जबकि पिछले 10 वर्ष में भारत 11वीं अर्थव्यवस्था से दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है।

उन्होंने कहा कि भारत की सफलता लोकतंत्र, जनसांख्यिकी, डिजिटल डेटा और वितरण की वास्तविक शक्ति को प्रदर्शित करती है। वर्तमान सदी को तकनीक और डेटा की सदी बताते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने यह दिखाया है कि डिजिटल

प्रौद्योगिकी के लोकतंत्रीकरण से हर क्षेत्र और वर्ग को किस प्रकार लाभ पहुंच रहा है। भारत की यूपीआई और डीबीटी योजना सहित ऐसे कई प्लेटफॉर्म डिजिटल बुनियादी ढांचे की ताकत दिखाते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने राजस्थान की भाजपा सरकार को शानदार आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि राजस्थान अपने कुशल कार्यबल और बढ़ते बाजार के कारण निवेश के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में उभर रहा है। पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद की सरकारों की प्राथमिकता न देश का विकास था और न ही देश की विरासत और इसका नुकसान राजस्थान उठा चुका है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार विकास के साथ-साथ विरासत के मंत्र पर काम कर रही है और इसका बहुत बड़ा लाभ राजस्थान को मिल रहा है।

प्रधानमंत्री ने किया प्रदर्शनी का अवलोकन, कपड़े पर की ब्लाक से छपाई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को सीतापुरा स्थित जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में राज्य में अपार संभावनाओं से जुड़े क्षेत्रों की लगी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने कपड़ों पर हैंड प्रिंटिंग भी। शहर में वीवीआईपी मूवमेंट को देखते हुए कई जगह ट्रैफिक डायवर्ट किया गया है। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी के जयपुर एयरपोर्ट पहुंचने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, हरियाणा प्रभारी सतीश पूनियां ने उनका स्वागत किया। यहां से मोदी सीधे जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर पहुंचे और राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां लगाई गई एक प्रदर्शनी में लगे स्टॉलों क अवलोकन किया। इस प्रदर्शनी में राजस्थान की मशहूर सांगानेर प्रिंटिंग की यहां एक स्टॉल पर प्रधानमंत्री मोदी ने ब्लॉक से खुद भी एक कपड़े पर छपाई की। मोदी ने राज्य के परंपरागत उद्योग, सोलर ऊर्जा और अन्य क्षेत्रों से संबंधित स्टॉलों का भी अवलोकन किया और उनकी जानकारी ली।

THE RANCHI RIFLE CLUB (RRC)
(Registered under -Society Registration Act: 21,1860. Government of Jharkhand)
JOIN US TO BECOME A NATIONAL or INTERNATIONAL SHOOTER
Your ambition is our mission...

Our facilities:-
- 10m/ 25m Fully Air Conditioned Hitech indoor shooting range.
- All Types of Air/ Fire weapons are available for practice.
- All types of shooting equipments & accessories for sale available here.
- We teach the civilians how to handle weapons/ safety rules and way of firing.
- Special For School Girls & Boys.
- Above 8 years Girls & Boys May Join us.
- National Level Shooting Coach Facility Available Here.

Justdial
Contact: +91 8002397001, 7050607001
House No. 01, Shanti Nagar, Hatia, Near Hatia Tonko Bridge, P.O- Hatia, P.S.- Jagannathpur, Ranchi - 834003 (Jharkhand)
E-mail: theranchirifleclub@gmail.com | Website: http://www.theranchirifleclub.org

कीवी में

छिपा है पोषक तत्वों का भंडार

पोषक तत्वों से भरपूर फल स्वास्थ्य के लिए बेहद ज़रूरी होते हैं। हर फल की अपनी खासियत और फायदे होते हैं। स्वाद में खट्टा-मीठा लगने वाला कीवी भी अपने बेजोड़ फायदों के लिए जाना जाता है। इसका खट्टा मीठा स्वाद लोगों को बेहद पसंद आता है। कीवी में पोटेशियम, फाइबर, विटामिन सी, फोलिक एसिड, विटामिन ई और पॉलीफेनॉल्स भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। कीवी में कैलोरी कम मात्रा में होती है इसलिए वजन कम करने वालों के लिए यह फल अमृत समान है। चलिए बताते हैं इस फल का सेवन करने से कौन सी परेशानियां दूर होंगी और इसका सेवन किस समय करना चाहिए?

आंखों की रोशनी बढाए

विटामिन ए से भरपूर कीवी आंखों की रौशनी को तेजी से बढ़ाता है। ल्यूटिन और ज़ेक्सैंथिन से भरपूर यह फल एंटीऑक्सिडेंट का बेहतरीन सोर्स है। यह फल आंखों के स्वास्थ्य का समर्थन करते हैं।

इम्यूनिटी बनाए मजबूत

जिन लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती उन लोगों को अपनी इम्यूनिटी को बढ़ाने के लिए आप कीवी का सेवन करना चाहिए। इसमें मौजूद विटामिन-सी कमजोर इम्यूनिटी को बढ़ाने में मदद करते हैं।

बुखार में फायदेमंद

एंटीऑक्सीडेंट्स, विटामिन सी और फाइबर जैसे कई पोषक तत्वों से भरपूर कीवी डेंगू जैसे बुखार में लाभकारी होता है। में प्लेटलेट्स तेजी से कम होने लगता है जिसमें कीवी इन प्लेटलेट्स को बढ़ाने में मदद करती है।

स्किन के लिए फायदेमंद

कीवी में मौजूद विटामिन सी और ई जैसे एंटीऑक्सीडेंट त्वचा को ऑक्सीडेटिव डैमेज से बचाते हैं। साथ ही कोलेजन को बढ़ावा देते हैं, और युवा त्वचा को बनाए रखने में मदद करते हैं।

हृदय के लिए लाभकारी

कीवी में मौजूद पोटेशियम ब्लड प्रेशर को नियंत्रित कर हृदय संबंधी कार्य को बनाए रखने में मदद करता है, जिससे हृदय रोग का खतरा कम हो जाता है।

कब्ज करे दूर

अगर आप कब्ज के मरीज हैं तो रोज़ाना 2 से 3 कीवी का सेवन करें। कब्ज की समस्या को दूर करने में कीवी लाभकारी है।

कब करें कीवी का सेवन?

कीवी का सेवन दोपहर या शाम की बजाय सुबह 10 से 12 के बीच करें। कीवी में भरपूर मात्रा में पोषक तत्व पाए जाते हैं जो सेहत की बेहतरीन देखभाल करते हैं। आप इसे खाली पेट भी खा सकते हैं। हालांकि, खाली पेट खट्टा फल खाने से आपको एसिडिटी की समस्या हो सकती है तो इसे खाली पेट खाने की बजाय कुछ नाश्ता कर खाएं।

काजल के इन नए शेड्स

से बेस्ट आई मेकअप लुक पाएं, ब्लैक के अलावा ट्राई करें ये रंग

काजल एक ऐसा मेकअप प्रोडक्ट है जो हर महिला के मेकअप बैग का जरूरी हिस्सा बन चुका है। यह आंखों को आकर्षक और बड़ी दिखाने के लिए बेहद फायदेमंद है, लेकिन क्या आप सिर्फ ब्लैक काजल तक ही सीमित हैं? अगर हां, तो अब समय है अपने आई मेकअप रूटीन में कुछ नया जोड़ने का। इस लेख में हम आपको काजल के कुछ ऐसे डिज़ाइंस और शेड्स के बारे में बताएंगे, जिन्हें आप अपनी वैनिटी में जरूर शामिल करना चाहेंगी।

डबल कलर काजल

डबल कलर काजल लुक आजकल बेहद पॉपुलर है। यह काजल का डिज़ाइन ना सिर्फ आंखों को आकर्षक बनाता है, बल्कि बहुत ही कूल और स्टाइलिश भी लगता है। इस लुक को आप दोनों आंखों में अलग-अलग रंगों के काजल का इस्तेमाल करके प्राप्त कर सकती हैं। उदाहरण के लिए, आप एक आंख में ग्रीन काजल और दूसरी आंख में पिंक काजल लगा सकती हैं। इस डिज़ाइन को आप वेस्टर्न ड्रेस के साथ बेहद आराम से कैरी कर सकती हैं और किसी पार्टी या फंक्शन में यह आपको खास आकर्षण का केंद्र बना सकता है। इसके अलावा, आप इसके साथ मैचिंग आई शैडो भी यूज कर सकती हैं, ताकि लुक और भी खूबसूरत बने।

ब्रॉड ब्लैक काजल

ब्रॉड ब्लैक काजल एक क्लासिक लुक है, जिसे आप किसी भी अवसर पर पहन सकती हैं। यह लुक आंखों को गहरा और एक्सप्रेसिव बनाता है। आमतौर पर ब्लैक काजल को पतला लगाया जाता है, लेकिन जब इसे ब्रॉड तरीके से लगाया जाता है, तो यह ज्यादा ड्रामेटिक और ग्लैमरस दिखता है। यह खासतौर पर पारंपरिक ड्रेस जैसे साड़ी, सलवार-कुर्ता या किसी भी प्रकार के इंडियन आउटफिट के साथ बहुत अच्छा लगता है। इस लुक को बेहतर बनाने के लिए आप सिल्वर ज्वेलरी और न्यूड बेज लिपस्टिक का इस्तेमाल कर सकती हैं, जो आपके लुक को बैलेंस और एलीगेंट बनाए रखेगी।

कैट आई काजल

कैट आई काजल लुक एक ट्रेंडी और ग्लैमरस डिज़ाइन है, जिसे कई सेलेब्स और स्टाइलिश महिलाएं अपने लुक को एलेवेट करने के लिए अपनाती हैं। इस लुक में काजल को आंखों के बाहरी कोने तक फैलाया जाता है, जिससे आंखों का आकार और ज्यादा बड़ा और सेक्सी नजर आता है। इस लुक के लिए आप ग्रीन, ब्लू या रेड काजल का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। कैट आई काजल के साथ न्यूड लिप्स और हल्के आई शैडो का इस्तेमाल करें ताकि काजल और लुक दोनों को पूरी तरह से हाईलाइट किया जा सके। यह लुक खासकर वेस्टर्न कपड़ों के साथ बहुत अच्छा लगता है, लेकिन इसे पारंपरिक ड्रेस के साथ भी अपनाया जा सकता है।

स्मोकी काजल

स्मोकी काजल लुक एक और खूबसूरत और सेक्सी आई मेकअप स्टाइल है। इसमें काजल को आंखों के बाहरी कोने से अंदर की ओर अच्छे से स्मज किया जाता है, जिससे एक स्मोकी और ड्रामेटिक लुक मिलता है। यह लुक नाइट पार्टीज, डेट नाइट्स या किसी खास अवसर के लिए परफेक्ट होता है। इस लुक को आप ब्लैक, ब्राउन या पर्पल काजल के साथ बना सकती हैं। इसके बाद हल्के आई शैडो से स्मज करें और वॉटरप्रूफ मस्कारा लगाएं, जिससे आपका लुक पूरे दिन सही रहे।

कलर्ड काजल

आजकल मार्केट में बहुत सारे कलर्ड काजल उपलब्ध हैं, जैसे पिंक, गोल्ड, पर्पल, ब्लू और ग्रीन। कलर्ड काजल न सिर्फ आंखों को फ्रेश और यंग लुक देता है, बल्कि यह आपके लुक को भी एक अलग ही डिमेंशन देता है। आप इस काजल को न केवल अपनी आंखों के पानी की लाइन में, बल्कि आंखों के नीचे भी लगा सकती हैं, जिससे आपको एक अलग और यूनिक लुक मिलता है। कलर्ड काजल को आप वेस्टर्न और इंडियन दोनों ही ड्रेस के साथ कैरी कर सकती हैं, और यह किसी भी पार्टी में आपकी आंखों को आकर्षक बना सकता है।

स्मूद और नैचुरल काजल

यदि आप एक नैचुरल लुक चाहती हैं, तो स्मूद और हल्का काजल बेहतर विकल्प हो सकता है। इसे हल्के हाथों से अपनी वाटरलाइन पर लगाकर अपनी आंखों को थोड़ी सी डिफिनिशन दे सकती हैं। यह लुक खासतौर पर उन महिलाओं के लिए है जो एक डेली वियर लुक चाहती हैं, जिसमें बहुत ज्यादा मेकअप न हो। यह काजल हर दिन के लुक के लिए परफेक्ट होता है और इसे किसी भी सादा ड्रेस के साथ कैरी किया जा सकता है।

इन सभी काजल डिज़ाइनों के साथ आप अपने आई मेकअप को नया और ट्रेंडी बना सकती हैं। हर लुक को अपनी पसंद और अवसर के हिसाब से चुनें और अपनी आंखों को और भी खूबसूरत बनाएं।

घर पर बनाएं आंवले खट्टी-मिठी डाइजेस्टिव गोली

आंवला एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन सी से भरपूर होता है। आंवला इम्यूनिटी बूस्ट करने में कारगर साबित हो सकता है। आंवले के सेवन से हेल्थ ठीक रहती है। आंवले का जूस पीने से शरीर हेल्दी है। आंवले को डाइट में शामिल करने से पाचन संबंधी समस्याओं में लाभदायक होता है। आप भी अपने घर पर बेहद आसान तरीके से डाइजेस्टिव खट्टी-मीठी गोलियां बनाएं। इसे बच्चे से लेकर बड़े भी खूब खाना पसंद करेंगे।

आंवले की खट्टी-मीठी गोली बनाने के लिए सामग्री

- 500 ग्राम आंवला
- एक कप गुड़
- सेंधा नमक स्वादानुसार
- काला नमक एक चम्मच
- काली मिर्च पाउडर एक चम्मच
- भुना जीरा एक चम्मच
- आधा कप पिसी चीनी
- एक चौथाई चम्मच हींग
- नींबू का रस

आंवले की खट्टी-मीठी गोली बनाने की विधि

- इसके लिए आप आंवले को अच्छे से धो लें। इसके बाद कूकर में उबाल लें।
- उबले आंवले को कूकर से निकालें और ठंडा होने के लिए रख दें। जब ये ठंडे हो जाएं तो आवले की गुठली को निकाल दें।
- अब आप आंवलों को मिक्सी में डालकर पीस लें और पेस्ट तैयार कर लें। ध्यान रहे कि आंवला बारीक पीसा हुआ। पीसने में पानी का थोड़ा इस्तेमाल करें।
- इसके बाद पैन गर्म करें और एक कप गुड़ डालें। इसके साथ ही पिसा हुआ आंवले का पेस्ट भी जरुर डालें।
- धीरे-धीरे मिक्स करते हुए आप इसे भूनें। गैस को धीमा ही रखें फिर अब इसमें सारे मसाले डाल दें। भुना हुआ जीरा, काली मिर्च, हींग, काला नमक, सेंधा नमक सब डाल दें, फिर इसे अच्छे से भूनें।
- आप इसे जब तक चलाएं कि ये गाढ़ा ना हो जाए। जब गाढ़ा हो जाए तो इक्ट्ठा तो गैस को बंद कर दें और इसे ठंडा होने दें।
- प्लेट पर पिसी चीनी डालें और तैयार आंवले की छोटी गोली बनाएं और पिसी चीनी को इस पर लपेटें।
- तैयार है आपकी डाइजेस्टिव खट्टी-मीठी आंवले की गोली।

सेहत के लिए वरदान औषधीय गुणों से भरपूर ये फल

शरीफे को सीताफल के नाम से भी जाना जाता है। अंग्रेजी में इस फल का नाम कस्टर्ड एप्पल है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि इस फल में एक से बढ़कर एक औषधीय गुणों को अच्छी खासी मात्रा पाई जाती है। यही वजह है कि इस फल को ओवरऑल हेल्थ के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद माना जाता है। शरीफे में विटामिन सी, पोटैशियम, विटामिन ए, कॉपर, फॉस्फोरस, फाइबर और कैल्शियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। आइए इस फल से मिलने वाले कुछ कमाल के हेल्थ बेनिफिट्स के बारे में जानते हैं।

फैट बर्न करने में कारगर

अगर आप अपने बढ़ते हुए वेट पर काबू पाना चाहते हैं तो इस फल का सेवन करना शुरू कर दीजिए। पेट की चर्बी को कम करने के लिए इस फल को खाने की सलाह दी जाती है। इसके अलावा शरीफे में पाए जाने वाले तमाम तत्व आपकी गट हेल्थ को भी सुधार सकते हैं। पेट से जुड़ी समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए इस फल का सेवन किया जा सकता है।

कंट्रोल करे बीपी-शुगर

इस फल को खाकर आप अपने ब्लड प्रेशर को कंट्रोल कर सकते हैं। यही वजह है कि इस फल को हार्ट के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद माना जाता है। इतना ही नहीं इस फल में पाए जाने वाले तत्व आपके ब्लड शुगर लेवल को काबू करने में भी कारगर साबित हो सकते हैं। यानी शरीफे को सही तरीके से और सही मात्रा में कंज्यूम कर डायबिटीज को मैनेज करने में भी मदद मिल सकती है।

इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाए

रेगुलरली इस फल का सेवन कर आप अपने इम्यून सिस्टम को काफी हद तक इम्प्रूव कर सकते हैं। इसके अलावा शरीफा आपके दिमाग को तेज और मजबूत बना सकता है। इस फल का सेवन कर आप अपनी बोन हेल्थ को भी काफी हद तक स्ट्रॉन्ग बना सकते हैं। शरीफे में पाए जाने वाले तत्व आपकी सेहत के साथ-साथ आपकी स्किन के लिए भी वरदान साबित हो सकते हैं।



कमाल का रिजल्ट देता है

मूंगफली का फेस पैक , मिनटों में त्वचा बनेगी मुलायम और चमकदार

सर्दी के दस्तक देते हैं घरों में मूंगफली आनी शुरू हो जाती है। यह सिर्फ सेहत के लिए ही नहीं बल्कि आपके चेहरो के लिए भी काफी फायदेमंद है। भिगोई हुई मूंगफली का फेस पैक बनाकर आप अपनी त्वचा को पोषण दे सकते हैं। मूंगफली में मौजूद विटामिन ई, ओमेगा-3 फैटी एसिड, और एंटीऑक्सीडेंट्स त्वचा को पोषण देकर नमी बनाए रखते हैं और इसे दमकाने में मदद करते हैं। इसे घर पर बनाकर उपयोग करें और महंगे केमिकल प्रोडक्ट्स से बचें। आइए जानते हैं भिगोई हुई मूंगफली से फेस पैक बनाने और उपयोग करने का तरीका।

भिगोई हुई मूंगफली से फेस पैक बनाने की विधि

- मूंगफली को 5-6 घंटे या रातभर पानी में भिगो दें।
- भीगी हुई मूंगफली को मिक्सर में डालकर बारीक पेस्ट बना लें।
- इसमें शहद और दूध (या दही) मिलाएं। यदि चाहें तो कुछ बूंदें गुलाबजल भी मिला सकते हैं।
- इस पेस्ट को अच्छी तरह से मिलाकर स्मूद फेस पैक तैयार करें।
- तैयार फेस पैक को पूरे चेहरे और गर्दन पर समान रूप से लगाएं।
- 15-20 मिनट तक इसे सूखने दें, हल्के गुनगुने पानी से चेहरे को मसाज करते हुए पैक हटाएं।
- अंत में चेहरे को ताजे पानी से धो लें और मॉइश्चराइज़र लगाएं।

मूंगफली फेस पैक के फायदे

- मूंगफली में मौजूद प्राकृतिक तेल त्वचा को गहराई से मॉइश्चराइज़ करता है।
- मूंगफली के छोटे कण स्क्रब की तरह काम करते हैं, जो डेड स्किन सेल्स को हटाकर त्वचा को साफ और चमकदार बनाते हैं।
- इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स त्वचा की उम्र बढ़ने के लक्षणों को कम करने में मदद करते हैं।
- मूंगफली में मौजूद फैटी एसिड त्वचा को पोषण देकर एक्ने और दाग-धब्बे कम करने में सहायक होते हैं।
- दूध या दही त्वचा को मुलायम और लचीला बनाता है।

सावधानियां

1. मूंगफली से एलर्जी होने पर इस फेस पैक का उपयोग न करें।
2. हमेशा फेस पैक को ताजा बनाएं और तुरंत इस्तेमाल करें।
3. सप्ताह में 1-2 बार इसका उपयोग करें।
4. इस्तेमाल से पहले चेहरे पर पैच टेस्ट जरूर करें।

इन दालों के ज़्यादा सेवन से बढ़ सकती है पेट में गैस की समस्या



ज़्यादातर लोगों को खाने के बाद पेट फूलने या ब्लोटिंग की समस्या होने लगती है। पेट फूलने के बाद कई बार खट्टी डकार या जलन होने लगती है। ऐसी स्थिति में लोग बेहद परेशान हो जाते हैं। बता दें ब्लोटिंग या गैस के पीछे दाल का सेवन भी हो सकता है। आपको जानकर हैरानी होगी लेकिन कुछ दाल का सेवन करने से पेट में गैस बनने लगती है। ऐसे में जो लोग ब्लोटिंग या गैस की समस्या से पपरेशान होते हैं उन्हें इन दालों का सेवन नहीं करना चाहिए। चलिए हम आपको बताते हैं पेट को फूलने से बचाने के लिए आपको किन दाल को नहीं खाना चाहिए?

चना दाल

चने की दाल सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है। लेकिनप्रोटीन और फाइबर से भरपूर यह दाल पेट में गैस बनाती है और ब्लोटिंग की समस्या को तेजी से बढ़ाती है। ऐसे में जिन लोगों को गैस की समस्या होती है उन्हें इस दाल को कम खाने की सलाह दी जाती है।

उड़द की दाल

गैस की संसय से परेशान लोगों को काली उड़द की दाल नहीं खानी चाहिए। यह दाल आसानी से पचती नहीं है। ऐसी में इस दाल का सेवन करने से कब्ज, पेट में गैस, ब्लोटिंग की परेशानी हो सकती है।

मसूर की दाल

मसूर दाल भी पेट की कई परेशानियों का कारण बनती है। इसे खाने से ब्लोटिंग और गैस की समस्या बढ़ सकती है।

गैस की समस्या से छुटकारा पाने के लिए इन चीज़ों का भी रखें ध्यान-

खाना चबाकर खाएं-खाने के छोटे-छोटे टुकड़े बड़े टुकड़ों की तुलना में पचाने में आसान होते हैं, जिससे यह संभावना कम हो जाती है कि रात का खाना आपके पेट में ज़्यादा देर तक रहेगा।

हाइड्रेटेड रहें-आपको गैस और ब्लोटिंग का सामना न करना पड़े इसलिए अपनी बॉडी को हाइड्रेटेड रखें। ज़्यादा पानी पीने से आपके जीआई ट्रैक्ट में चीज़ें ठीक से काम करती हैं।

ज़्यादा न खाएँ- बहुत ज़्यादा खाने से पाचन तंत्र ओवरलोड हो जाता है इसलिए खानपान में होने वाले बदलावों के प्रति सचेत रहें। आपका शरीर एक हद तक आपके खाने के हिसाब से खुद को ढाल लेता है। लेकिन अगर आप अचानक अलग-अलग तरह के खाद्य पदार्थ खाने लगते हैं, तो पाचन तंत्र इस बदलाव को संभालने में संघर्ष करता है।

दाल में घी मिलाकर खाना चाहिए या फिर नहीं

घी में पाए जाने वाले तमाम पौष्टिक तत्व आपकी ओवरऑल हेल्थ को काफी हद तक बूस्ट कर सकते हैं। अब सवाल ये उठता है कि घी को डाइट में शामिल करने का सही तरीका क्या है? कुछ लोग रोटी में घी लगाकर खाते हैं, तो कुछ लोग दाल में घी मिक्स कर खाना पसंद करते हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि आयुर्वेद के मुताबिक दाल में घी मिलाकर सेवन करना आपकी सेहत के लिए ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकता है। दाल में महज एक चम्मच घी मिलाकर खाएं और खुद-ब-खुद पॉजिटिव असर देखें।

अगर आप दाल में घी डालकर खाएंगे तो आपकी गट हेल्थ को काफी हद तक सुधारा जा सकता है। कब्ज और अपच जैसी पेट से जुड़ी बीमारियों को दूर करने के लिए इस तरह से घी का सेवन किया जा सकता है। सही मात्रा में घी कंज्यूम करने से आप अपनी वेट लॉस जर्नी को भी आसान बना सकते हैं। दाल में घी मिक्स कर खाने से आपकी हड्डियों को मजबूती मिलेगी जिससे आप जोड़ों के दर्द की समस्या का शिकार बनने से बच सकते हैं।

मजबूत बनाए इम्यून सिस्टम

अगर आपकी इम्यूनिटी कमजोर है तो आपको दाल में घी मिक्स करके जरूर खाना चाहिए। इस तरीके से घी को अपने डाइट प्लान में शामिल करके आप अपने इम्यून सिस्टम को काफी हद तक मजबूत बना सकते हैं। दिल की सेहत के लिए भी घी में पाए जाने वाले तत्व फायदेमंद साबित हो सकते हैं। शरीर की थकान और कमजोरी दूर करने के लिए भी घी को दाल में मिलाकर कंज्यूम किया जा सकता है।

गौर करने वाली बात

घी आपकी ब्रेन हेल्थ को भी इम्प्रूव कर सकता है। हालांकि, बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए घी को लिमिटेड मात्रा में ही कंज्यूम करना चाहिए। इसके अलावा आपको घी की शुद्धता की जांच भी कर लेनी चाहिए। मिलावटी घी कंज्यूम करने से आपकी सेहत पर पॉजिटिव की जगह नेगेटिव असर भी पड़ सकता है।

सुनेजा संस का रांची में मल्टी ब्रांड आउटलेट और सैमसंग स्मार्ट प्लाजा स्टोर, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने किया उद्घाटन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

रांची: सुनेजा संस ने राजधानी रांची के अरगोड़ा-कटहल मोड़ रोड पर हरिओम नंद टावर में सबसे बड़ा मल्टी ब्रांड आउटलेट और सैमसंग स्मार्ट प्लाजा स्टोर खोला है. केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने इसका उद्घाटन किया. इस दौरान उन्होंने स्टोर का भ्रमण भी किया. इस स्टोर में वह सभी अत्याधुनिक इलेक्ट्रानिक एपलायंसेज उत्पाद उपलब्ध हैं. नये स्टोर में मल्टी बांड एलजी, वॉश, हायर, डायकिन, बीपीएल, हिटाची का टीवी, फ्रीज, वाशिंग मशीन डिवाइस तो होंगे ही, साथ ही उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स के सभी उत्पाद भी शामिल हैं. समारोह में प्रभात खबर के एग्जीक्यूटिव डॉयरेक्टर आरके दत्ता के साथ सैमसंग के ब्रांच मैनेजर मिथिलेश तिवारी, मार्केटिंग मैनेजर धीरेंद्र कुमार, सुनेजा एंड संस फैमिली के सदस्य और शहर के कई गणमान्य मौजूद थे.

सैमसंग प्लाजा स्टोर में प्रीमियम प्रोडक्ट्स की रेंज

सैमसंग प्लाजा के स्टोर में प्रीमियम प्रोडक्ट्स की रेंज मौजूद है, जिसमें आपको इंटरनेशनल लाइनअप भी देखने को मिलेगा. स्टोर में आपको कई ऐसी सुविधाएं मिलेंगी, जो किसी दूसरे सैमसंग स्टोर्स में मौजूद नहीं हैं. इसमें ब्रांड के टॉप ऑफ द लाइन प्रीमियम प्रोडक्ट्स, प्रीमियम स्मार्टफोन, स्मार्टवॉच और सैमसंग के गैजेट्स मिलेंगे.

रेफ्रिजरेटर में लाइव टीवी का मजा

सैमसंग के एक्सपीरियंस जोन में सैमसंग के प्रोडक्ट के इंसाइड व्यू ग्राहकों को मिलेंगे. इसमें 2.12 लाख के ए आई इनेबल्ड बेस्ड डिजिटल इनवर्टर कंप्रेशर टेक्नोलॉजी के साथ 20 साल की वारंटी वाला रेफ्रिजरेटर है. इसे वॉइस कमांड के थ्रू अलेक्सा इनेबल्ड किया जा सकता है.

वॉशिंग मशीन को फोन से दें कपड़ों की धुलाई के ऑर्डर

सैमसंग के फ्रंट लोडिंग वाई-फाई इनेबल्ड बिग फास्ट इंटेलिजेंट ए आई वॉशिंग मशीन को भी इस जोन में डिस्प्ले किया गया है. जिसकी कीमत करीब 60 लाख 990 रुपए रखी गई है. इसे आप अपनी सुविधा के अनुसार कपड़े धोने के लिए फोन से भी कंट्रोल कर सकते हैं.

टीवी जो पिक्चर के हिसाब से खुद को एडजस्ट करे

सैमसंग का ए आई आधारित क्वांटम मैट्रिक्स टेक्नोलॉजी से लैस नई एलइडी 65 इंच का टीवी शो-केस किया गया है. जिसकी कीमत 2.27 लाख रखी गई है. साथ ही सैमसंग 98 इंच के फोर के अफॉर्डेबल टीवी को भी लॉन्च किया है. जिसकी कीमत करीब 4.30 लाख है.

रांची में बारिश शुरू, मौसम विभाग ने कहा- घटेगा तापमान, सताएगी ठंड

रांची: बंगाल की खाड़ी में उठे पश्चिमी विक्षोभ का असर झारखंड में भी दिखने लगा है. राजधानी रांची में सोमवार को मौसम बदल गया. सुबह में कोहरा छाया रहा. साढ़े 8 बजे के बाद बारिश भी शुरू हो गई. मौसम विभाग ने कहा है कि बारिश बंद होते ही ठंड सताने लगेगी.

रांची का न्यूनतम तापमान बढ़ा

मौसम विभाग ने कहा है कि रविवार को आसमान में बादल छाये रहने की वजह से रांची का न्यूनतम तापमान करीब 2 डिग्री सेंटीग्रेड बढ़ गया था. शनिवार को रांची का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेंटीग्रेड से नीचे चला गया था, जो रविवार को 11.1 डिग्री सेंटीग्रेड हो गया.

10 डिग्री से नीचे जा सकता है रांची का न्यूनतम तापमान

सोमवार को भी रांची का न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान मौसम विभाग ने व्यक्त किया है. मौसम विभाग ने कहा है कि सोमवार के बाद रांची का मौसम बदल जाएगा. तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी. रांची का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेंटीग्रेड से भी नीचे जा सकता है. तापमान में गिरावट की वजह से ठंड बढ़ेगी.

शिक्षा, स्वास्थ्य व ग्रामीण विकास जैसे महत्वपूर्ण विभाग बन गए हैं भ्रष्टाचार का गढ़: बाबूलाल

रांची। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है. कहा है कि झारखंड में शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास जैसे महत्वपूर्ण विभाग, जिनसे राज्य की नींव मजबूत होनी चाहिए, अब भ्रष्टाचार की बुनियाद पर खड़े होकर भ्रष्टाचार का गढ़ बन गए हैं. उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि सिर्फ 2024 में अब तक 39 अधिकारियों को एसीबी ने रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है. वहीं ईडी ने 2024 में 39.28 करोड़ रुपये नकद जब्त किए, जो 2022 के आंकड़े से लगभग दोगुना है. यह स्थिति सरकार और प्रशासन की नाकामी को उजागर करती है, बार-बार रिश्वत में पकड़े जाने वाले कर्मचारियों पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं करना दशार्ता है कि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की सरकार की मंशा ही नहीं है. यह कितना शर्मनाक है कि जिन विभागों का कार्य आम जनता को राहत देना है, वे जनता की गाढ़ी कमाई को लूटने में लगे हैं. सरकार की लचर नीतियां और कमजोर व्यवस्था ने भ्रष्टाचारियों को खुली छूट दे रखी है,ऐसे में झारखंड का विकास एक सपना बनकर रह गया है.

व्यापारियों के समन्वय से कार्य को गति मिलेगी : शिल्पी तिर्की

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

रांची। फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदधारियों ने सोमवार को कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से नेपाल हाउस स्थित कार्यालय में शिष्टाचार भेंट कर, उन्हें कृषि विभाग का प्रभार ग्रहण करने पर बधाई दिया. राज्य की कृषि मंडियां सशक्त हों, ट्रेडर्स और कृषकों के आपसी समन्वय से राज्य में मंडियों का विकास हो, कृषकों का उत्थान हो और मंडी में व्याप्त असुविधाओं के समाधान पर चैंबर और मंत्री के बीच सकारात्मक वार्ता हुई.झारखंडी पर्यटन स्थल चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने बाजार समितियों में रिफॉर्म की जरुरत पर बल दिया. उन्होंने बाजार समितियों का रि-कंस्ट्रक्शन और बाजार समितियों में ओपन वेयरहाउस की सुविधा उपलब्ध कराए जाने की बात कही. सुझाव दिया कि झारखंड में उत्पादित उत्पाद को अन्य देशों में निर्यात की सुविधा उपलब्ध कराने से भी कृषकों को प्रोत्साहित करने में सहयोग किया जा सकता है. कृषि मंडियों की दयनीय व्यवस्था पर चिंता जताते हुए बाजार समितियों के डेवलपमेंट के लिये व्यापारी, किसान और विभागीय अधिकारियों की एक को-ऑर्डिनेशन कमेटी के गठन करने का सुझाव दिया.राज्य की बाजार समितियों में सड़क, पेयजल, शौचालय, सुरक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी के साथ ही मरम्मती के अभाव में जर्जर हो चुकी दुकानों पर भी चैंबर द्वारा चिंता जताई गई. मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने झारखंड की कृषि मंडियों को मॉडल कृषि मंडी के रूप में विकसित करने की जरुरत बताते हुए, व्यापारियों के समन्वय से कार्य को गति देने की बात कही. उन्होंने कहा कि जल्द ही चैंबर भवन में आकर व्यापारियों के साथ वृहद् स्तर पर बैठक करने के लिए भी आश्वस्त किया. प्रतिनिधिमंडल में चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी, सह सचिव नवजोत अलंग, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, प्रवक्ता सुनिल सरावगी, कार्यकारिणी सदस्य रोहित पोद्दार और श्रम उप समिति के चेयरमेन प्रमोद सारस्वत मौजूद थे.

हाईकोर्ट से सांसद निशिकांत दुबे को राहत बरकरार

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ 9 जनवरी तक पीड़क कार्रवाई पर रोक का आदेश दिया है. उस दिन अदालत इस मामले में अंतिम सुनवाई करेगा. यह मामला देवघर स्थित परित्राण मेडिकल ट्रस्ट की सम्पति बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट द्वारा खरीदे जाने से जुड़ा हुआ है. जिसमें उनके ऊपर शिवदत्त शर्मा की ओर से निशिकांत दुबे के खिलाफ जालसाजी का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करवाई है. जिसे रद्द करने के लिए सांसद निशिकांत दुबे ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में दोनों मामलों की सुनवाई हुई. निशिकांत दुबे की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव, पार्थ जालान और शिवानी जालूका ने बहस की.

झारखंड विस विशेष सत्र : कांके विधायक सुरेश बैठा ने माथा टेक सदन में ली एंट्री

रांची। झारखंड के छठी विधानसभा का पहला सत्र आज 9 दिसंबर से शुरू हुआ, जो 12 दिसंबर तक चलेगा. सत्र के पहले दिन प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी ने नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलायी. इससे पहले कांके विधानसभा सीट से नवनिर्वाचित विधायक सुरेश बैठा ने सदन में अलग अंदाज में एंट्री ली. सुरेश बैठा ने माथा टेका. इसके बाद हाथों में संविधान की प्रति लेकर सदन में प्रवेश किया और झारखंड विधानसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली.

कृषि मंत्री शिल्पी ने पदभार ग्रहण किया, कहा झ सप्लाई चेन सिस्टम को करेंगे दुरुस्त

रांची। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सोमवार को नेपाल हाउस स्थित विभागीय कार्यालय में पदभार ग्रहण किया. पदभार ग्रहण करने के बाद कृषि मंत्री ने कहा कि पहले तीन चीजों पर फोकस किया जाएगा. सप्लाई चेन सिस्टम को दुरुस्त करने के साथ कोल्ड स्टोरेज की उपयोगिता पर काम होगा. एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी को दुरूस्त किया जाएगा. ताकि किसानों के हित में अधिक से अधिक काम हो सके. सहकारी समितियों का संचालन ठीक किया जाएगा. विचौलियों की भूमिका को खत्म किया जाएगा. कृषि विभाग रेवेन्यू जेनरेट करने की कोशिश करेगा. इस क्षेत्र में युवाओं को भी जोड़ा जाएगा. कृषि मंत्री का कृषि सचिव अबुबकर सिद्दीकी ने स्वागत किया.

चान्हो में जमीन विवाद के लेकर हिंसक झड़प, थाना प्रभारी घायल

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

रांची। जिले के चान्हो में जमीन विवाद के लेकर हुए हिंसक झड़प में थाना प्रभारी घायल हो गये. यह घटना बिजुपाड़ा-खलारी रोड स्थित सिटी मोड़ के पास हुई है. पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. गौरतलब है कि पांच दिसंबर को सिटी गांव के बसंत टाना भगत द्वारा जमीन पर चहारदीवारी का निर्माण कार्य कराया जा रहा था. इस पर चोरेया मोड़ निवासी कर्मवीर सिंह ने आपत्ति जताई. इसी बात को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि कर्मवीर सिंह के साथ मारपीट की गयी और उसे घायल कर दिया गया. सात दिसंबर की शाम को पिपराटोली के पप्पू शाही और उसके साथियों ने कथित तौर पर बसंत भगत के साथ मारपीट की. इसके बाद मामला और गंभीर हो गया. विवाद ने हिंसक रूप ले लिया जब एक पक्ष के लोग गोलबंद हो गये और पिपराटोली जाकर पप्पू शाही के मकान में तोड़फोड़ की. इसी बीच विवाद को शांत कराने पहुंचे चान्हो थाना प्रभारी चंदन कुमार गुप्ता भी झड़प में घायल हो गये. घटना के बाद चान्हो थाना में शिकायत दर्ज कराई गयी. पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी में जुटी हुई है.

बैंक अधिकारी बनकर ठगी करने वाले तीन दोषियों को हाईकोर्ट ने दी सशर्त बेल

रांची। बैंक अधिकारी बनकर करोड़ो रुपए की ठगी करने वाले साइबर अपराधियों गणेश मंडल, संतोष मंड और अंकुश कुमार मंडल को हाईकोर्ट ने सशर्त जमानत की सुविधा प्रदान की है. कोर्ट ने यह शर्त रखी है कि तीनों के बेलर उनके गांव के ही होने चाहिए और उनकी अचल संपति के दस्तावेज बेल बॉण्ड के रूप में दिए जाएंगे. वहीं दोषियों को बेल के दौरान हर महीने थाना में हाजिरी भी लगानी होगी. तीनों को रांची PMLA (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट ने 27 जुलाई को पांच साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है. इसके साथ ही अदालत ने दोषियों पर 2.50 लाख रुपए का जुमार्ना भी लगाया है. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में दोषियों की बेल पर सुनवाई हुई.

नगर निगम अधिकारियों ने बैंक्वेट हॉल संचालकों से कहा, शादी समारोह में प्रिवैलिंग एक्ट का पालन करें

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

रांची : रांची नगर निगम सभागार में सभी बैंक्वेट हॉल/ विवाह भवन संचालकों के साथ निगम अधिकारियों की बैठक आज सोमवार को हुई. अधिकारियों ने आम जन की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए सभी बैंक्वेट हॉल /विवाह भवन संचालकों को निर्देश दिया कि राज्य में लाउडस्पीकर एवं बैंड का उपयोग के संबंध में लागू किये गये प्रिवैलिंग अधिनियम के तहत लाउडस्पीकर एवं बैंड का उपयोग करना सुनिश्चित करेंगे. बताया कि आवासीय क्षेत्र में ध्वनि की सीमा तय है एवं रात में 10 बजे से सुबह 6 बजे तक इसे बजाना कानूनन प्रतिबंधित है. रात 10 बजे के बाद लाउडस्पीकर/बैंड बजाने पर कार्रवाई रात 10 बजे के बाद लाउडस्पीकर/बैंड का उपयोग करने पर कार्रवाई की जायेगी. इस संबंध में आमजनों को भी सूचित किया गया कि लाउडस्पीकर/बैंड से किसी प्रकार की समस्या होने पर 112 में डायल कर अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं. बैठक में अपर प्रशासक संजय कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, सदर, रांची उत्कर्ष कुमार, सिटी डीएसपी कुमार वी रमण, उप प्रशासक, नगर निगम गौतम प्रसाद साहु, सकायक प्रसाशक नगर निगम, निकेश कुमार एवं बाजार शाखा के सभी कर्मचारी मौजूद थे.

तय समय पर पुलिस अफसरों ने जमा नहीं किया एपीआर, अब मिला अंतिम मौका

रांची। तय समय पर झारखंड पुलिस सेवा के पदाधिकारियों ने एनुअल परफॉरमेंस रिर्पोट (एपीआर) जमा नहीं किया. इसे लेकर एक बार फिर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने ऑनलाइन एपीआर जमा करने का समय दिया है. गौरतलब है कि मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (HRMS) अंतर्गत झारखंड पुलिस सेवा केंद्र अधिकारी के लिए एपीआर का ऑनलाइन अभिलेखन वित्तीय वर्ष 2023-24 से प्रारंभ है. इस दौरान यह बात संज्ञान में आया कि झारखंड पुलिस सेवा के अधिकारी ऑनलाइन एपीआर भरने की निर्धारित तिथि 15 सितंबर तक एपीआर का भाग एक और दो समर्पित नहीं कर सके. साथ ही प्रतिवेदक पदाधिकारी और समीक्षा के स्तर से भी मूल्यांकन के लिए एपीआर लंबित है, इसलिए झारखंड पुलिस सेवा के सभी पदाधिकारी को 10 दिसंबर तक एपीआर जमा करने के लिए अंतिम समय सीमा विस्तारित की गई है.

सदन में जयराम की अनोखे अंदाज में इंट्री, कांग्रेस विधायकों ने हाथ में संविधान की प्रति लेकर ली शपथ



झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र का आज से आगाज हो गया है. सत्र के पहले दिन प्रोटेम स्पीकर ने विधायकों को शपथ दिलाई. मंत्रियों के शपथ लेने के बाद विधायकों ने शपथ ली. कांग्रेस विधायक कुमार जयमंगल और श्वेता सिंह ने हाथ में संविधान की प्रति लेकर शपथ ली. वहीं पूर्णिमा साहू ने दोनों हाथ जोड़कर झारखंड विधानसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली. हेमलाल मुर्मू ने संताली, एमटी राजा ने उर्दू, जयराम महतो ने कुरमाली, अरूप चटर्जी ने बांग्ला और ममता देवी ने खोरठा भाषा में शपथ ली. इसके अलावा चंपाई सोरेन, मथुरा महतो सहित कई विधायकों ने भी स्थानीय भाषा में शपथ ली.

जयराम ने सदन में नंगे पांव ली इंट्री

झारखंड विधानसभा सत्र में पहली बार शामिल हो रहे जयराम महतो ने अनोखे अंदाज में इंट्री ली. उन्होंने सबसे पहले धरती को प्रणाम किया. फिर सदन के अंदर गये. इधर सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले स्पीकर कक्ष में प्रोटेम स्पीकर प्रो. स्टीफन मरांडी का सीएम हेमंत सोरेन ने अभिवादन किया. इसके बाद संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने प्रोटेम स्पीकर का अभिवादन किया.

नदी के तट पर दो दिवसीय महिला सशक्तिकरण व स्वच्छ गंगा प्रकृति पर्यावरण संरक्षण को लेकर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

राजमहल/साहिबगंज(उजाला)। सोमवार को नमामि गंगे योजना अंतर्गत स्वच्छ गंगा मिशन एवं जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार व बीएसएफ के संयुक्त तत्वाधान में वूमेन गंगा रिवर राफ्टिंग एक्सपीडिशन 2024 के तहत राजमहल में उत्तर वाहिनी मां गंगा नदी के तट पर दो दिवसीय महिला सशक्तिकरण व स्वच्छ गंगा प्रकृति पर्यावरण संरक्षण को लेकर स्थानीय छात्र छात्राओं, शिक्षक ,ग्राम प्रधान व अन्य जनों के बीच महिला सशक्तिकरण व स्वच्छ गंगा पर संवाद किया गया। कार्यक्रम में महिला को सशक्त बनाने हेतु उनको समान अवसर, समान अधिकार एवं उन्हें सम्मान देने की बात की गई। इसके साथ ही राजमहल के घाट पर स्वच्छता अभियान श्रमदान किया गया। साथ ही स्थानीय प्लस टू जे.के हाई स्कूल राजमहल से बड़ी संख्या में छात्र की रैली निकाली गई इसका एक ही संदेश था स्वच्छ एवं निर्मल गंगा सशक्त महिला समृद्ध राष्ट्र बने 2047 विकसित भारत बने उसके लिए गंगा को स्वच्छ एवं अविरल निर्मल रखना महिलाओं को सम्मान के साथ समान अवसर और उनकी आधी भागीदारी सुनिश्चित हो साथ ही साथ उन्होंने खासकर छात्र एवं युवाओं से कहा की हम गंगा घाट पर जब भी जाए सप्ताह में महीने में एक दो बार गंगा की घाट की सफाई करें श्रमदान करें गंगा को अगर हम गंदगी नहीं करेंगे तो गंगा समर्थ अपनी सफाई के लिए बस हम सभी गंगा किनारेवासी गंगा में स्नान करने वाले श्रद्धालु गंगा तट पर बसे किसान आम जन गंगा में गंदगी ना डालें गंगा खुद निर्मल और स्वच्छ हो जाएगी साथ ही राफ्टिंग के माध्यम से 20 सदस्यीय महिला टीम महिला सशक्तिकरण की उदाहरण है जो महिलाओं के द्वारा 2525 किलोमीटर की दूरी तय कर सोमवार कों राजमहल पहुंची है इसके बाद गंगासागर में कार्यक्रम समाप्त की जाएगी। लगभग 53 दोनों का कठिन गंगा यात्रा से पूरे राष्ट्र को संदेश देता है कि हम अपने गंगा मां जो लाखों लोगों का जीवनदायनी जीवकोपार्जन का साधन है उसे स्वच्छ रखें तथा उसमें कूड़ा करकट प्लास्टिक पॉलिथीन थमार्कोल ना डालें ना शौच करें और जलीय जीव डॉल्फिन एवं अन्य जीव जंतु पक्षी का शिकार ना करें। प्रकृति और पर्यावरण का भी संदेश दिया की के सभी अधिकारी एवं महिला बटालियन का आभार प्रकट किया जिला प्रशासन जिला गंगा समिति साहिबगंज की ओर से धन्यवाद किया और उन्होंने स्वच्छ रखने के संदेश को आम जनमानस की भागीदारी से जोड़ते हुए सब उनकी जिम्मेवारी राष्ट्रीय कर्तव्य है कि हम अपने गंगा को स्वच्छ रखें और आदि आबादी हमारी महिलाओं को सम्मानपूर्वक समान अवसर उनकी साझेदारी और भागीदारी देने का संकल्प करें। 2 बीएसएफ के असिस्टेंट कमांडेंट मनोज सुंदरियाल, डिप्टी कमांडेंट राजीब अली, एसी विकास, सब इंस्पेक्टर मीणा और प्रियंका , एसडीएम राजमहल कपिल कुमार, नगर पालिका पदाधिकारी स्मिता प्रकृति और जल हमारे जीवन का आधार है इसका अनुशासित उपयोग करना होगा कार्यक्रम में बीएसएफ की ओर से एसडीएम कपिल कुमार , नगर पालिका कार्यपालिका अभियंता पद ,राज्य से अंजना भारती डॉ रणजीत कुमार सिंह अमित कुमार मिश्रा को बीएसएफ का कैप बनाकर सम्मानित किया गया साथी डॉ रणजीत कुमार सिंह ने बीएसएफ किरण, डॉ रणजीत कुमार सिंह शिक्षाविद प्राचार्य मॉडल कॉलेज राजमहल साहिबगंज भू वैज्ञानिक सह पर्यावरणविद अंजना भारती सम्प्रेषण एवं सामाजिक विकास प्रबंधक, राज्य स्वच्छ गंगा मिशन, शहरी विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार अमित मिश्रा डीपीओ बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं युवा अन्य स्थानीय लोगों शामिल थे।

दो अभियुक्त को पुलिस ने एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस के साथ किया गिरफ्तार,डीएसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी जानकारी

साहिबगंज(उजाला)। जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक देशी कट्टा व एक जिंदा कारतूस एवं लाल काला अपाची मोटरसाइकिल जे.एच 18 एन 2718 के साथ दो युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार मुख्यालय डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया। डीएसपी ने बताया कि दिनांक 8 दिसंबर 24 को समय- 22:10 बजे छोटा पंचगढ थाना-जिरवाबाड़ी साहेबगंज के रहने वाले सुभम कुमार, पिता- अजित कुमार रजक ने थाने में आकर बताया कि पूर्व में जमीन के सौदे में पैसे के लेन-देन को लेकर राहुल पासवान तथा अन्य दुसरा व्यक्ति गाली देते हुए गोली फायर किया था तथा जान से मार देने की धमकी दे रहे थे। राहुल पासवान ने शुभम कुमार से 50 हजार रूपए जमीन खरीद बिक्री के लिए बयाना लिया था, जहां जमीन को लेकर सौदा पूरा नहीं हुआ और राहुल पासवान से पैसा मांगा गया इसी को लेकर विवाद हुआ। जहां सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु वरीय पदाधिकारी को सूचना से अवगत कराया गया। जहां पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह साहेबगंज के निदेशानुसार जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए बड़ा पंचगढ़ घोघी रोड से पास से एक देशी कट्टा व जिंदा कारतूस कमर में छिपाया हुआ के साथ राहुल पासवान उम्र 26 वर्षीय, पिता स्वङ्क राजू पासवान, बड़ा पचगढ़ ज्योतियामोड़, करण कुमार उम्र 20 वर्षीय, पिता संतोष मिर्धा, बड़ा पचगढ़, थाना जिरवाबाड़ी साहिबगंज के रहने वाले दोनो अभियुक्त को साथ में पुलिस ने गिरफ्तार किया। इस सम्बन्ध में जिरवाबाड़ी थाना कांड संख्या-196 / 24 दिनांक- 09/12/24 धारा-25 (1- बी) ए/26/35 आर्म्स एक्ट अंकित किया गया है। अग्रतर अनुसंधान करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। वही छापामारी दल में जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी पंकज कुमार दुबे, पु0अ0नि0 लव कुमार, स0अ0नि0 संजय कुमार, आ0/529 ब्रजेश कुमार, ह0 सकल मुर्मू, ह0 रवीन्द्र नाथ ठाकुर शामिल थे।

स्वतंत्रता सेनानियों सिद्धो और कान्हू को श्रद्धांजलि देने के लिए भोगनाडीह का गंगोत्री से गंगा सागर तक यात्रा करने वाले महिला ने किया दौरा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

साहिबगंज(उजाला)। गंगोत्री से गंगा सागर तक यात्रा करने वाले महिला गंगा नदी राफ्टिंग अभियान को राजमहल के अनुमंडल पदाधिकारी कपिल कुमार ने कल साहिबगंज में औपचारिक रूप से हरी झंडी दिखाई।इस अवसर पर गंगा आरती की गई, जो अभियान के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व का प्रतीक है।वही सोमवार को दल ने महान स्वतंत्रता सेनानियों सिद्धो और कान्हू को श्रद्धांजलि देने के लिए भोगनाडीह का दौरा किया। उन्होंने राजमहल के जेके हाई स्कूल में छात्रों और महिलाओं से बातचीत की और उन्हें बदलाव को अपनाने, सशक्तीकरण के लिए प्रयास करने और सशस्त्र और अर्धसैनिक बलों में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया।इस अभियान का नेतृत्व सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के अधिकारी कर रहे हैं सेकेंड-इन-कमांड (2आईसी) मनोज सुंदरियाल, डिप्टी कमांडेंट (डीसी) राजीब अली और योगेश शर्मा, असिस्टेंट कमांडेंट (एसी) विकास, और सब-इंस्पेक्टर (एसआई) मीना और प्रियंका। राफ्टिंग टीम में 20 ऊजार्वान और प्रेरित युवतियां शामिल हैं।इस कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख लोगों में राज्य स्वच्छ गंगा मिशन (एसएमसीजी) से अंजना भारती, एसडीएम राजमहल कपिल कुमार, डीसीएलआर राजमहल की कार्यकारी अधिकारी स्मिता, अमित मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी (डीपीओ), नमामि गंगे और डीजीसी के डॉ. रणजीत सिंह शामिल थे।बाद में टीम को साहिबगंज से फरक्का के लिए रवाना किया गया, जहां उन्होंने गंगा के किनारे अपनी प्रेरणादायक यात्रा जारी रखी।यह पहल महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और पवित्र नदी के किनारे पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ साहस और दृढ़ संकल्प की भावना को दशार्ती है।

प्रखण्ड महासचिव निताय सरकार की पहल से वार्ड संख्या 03 के हरिजनपाड़ा में सफाई का कार्य प्रारंभ

साहिबगंज(उजाला)। बरहरवा प्रखण्ड अंतर्गत बरहरवा नगर के वार्ड संख्या 03 के हरिजनपाड़ा में विगत कुछ दिनों पूर्व से नाला जाम होने की वजह से नाला का पानी सड़क के ऊपर आ गया था जिसकी शिकायत प्रखण्ड महासचिव ने कुछ दिनों पूर्व नगर के कार्यपालक पदाधिकारी दीपक कुमार को की थी । दीपक कुमार ने समस्या को संज्ञान में लेते हुए त्वरित कार्यवाही की एवं सफाई कर्मी की एक टीम को हरिजनपाड़ा भेज कर नाला सफाई करने को लगवा दिया। सभी वार्ड वासी में खुशी का माहौल। साथ ही सभी ने प्रखण्ड महासचिव निताय सरकार सहित कार्यपालक पदाधिकारी दीपक कुमार को धन्यवाद दिया। मौके पर प्रखण्ड महासचिव निताय सरकार,मानिक रविदास, मोहम्मद तबारक, मोहम्मद कमाल,मोहम्मद आफताब,पंचू रविदास सहित दर्जनो वार्ड वासी एवं सफाई कर्मीगण उपस्थित थे।

आयुष्मान भारत कार्ड बनाने को लेकर विशेष शिविर में लगा लोगो का काफी भीड़

बरहरवा/साहिबगंज(उजाला)। सोमवार को बरहरवा प्रखंड में आयुष्मान भारत कार्ड बनाने को लेकर विशेष शिविर में काफी भीड़ देखी गई। मालूम हो कि इस कार्यक्रम के तहत 7 दिसंबर से 10 दिसंबर तक सभी प्रखंड मुख्यालय में आयुष्मान भारत कार्ड बनाने को लेकर विशेष शिविर का आयोजन किया गया है, सभी प्रकार के हरा एवं लाल कार्ड तथा पीला कार्ड धारकों का आयुष्मान भारत कार्ड बनवाया जा रहा है। ऐसे तो प्रत्येक दिन सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आम जनता के लिए यह सुविधा उपलब्ध है, जहां कोई भी व्यक्ति अपना राशन कार्ड लेकर जा सकता है, एवं अपना आयुष्मान भारत कार्ड बनवा सकता है। पर नागरिकों के सुविधा अर्थ 7 दिसंबर से 10 दिसंबर तक सभी प्रखंड मुख्यालय में आयुष्मान भारत कार्ड बनवाने को लेकर सुविधा उपलब्ध कराई गई है। सोमवार को इस विशेष शिविर में 66 लोग उपस्थित हुए थे, जिसमें से 33 व्यक्तियों का आयुष्मान भारत कार्ड बनवाया गया, और बाकी बचे लोगों में जिसका पहले से बना हुआ था उसे वापस कर दिया गया और कुछ लोग कागजात की त्रुटि के कारण अहर्ता पूर्ण नहीं कर सके। यह कार्यक्रम मंगलवार को दिन के 3:00 बजे तक चलेगा। इसकी जानकारी शिविर में उपस्थित ऑपरेटर पीयूष कुमार तथा मेरी मंजू हेंब्रम ने दिया।

हाएवा के चपेट में आने से 55 वर्षीय व्यक्ति की

दाहिना पैर और दाहिना हांथ गंभीर रूप से हुआ फैक्चर,मुआवजे की मांग को लेकर परिजन और स्थानीय ग्रामीण ने किया मुख्य सड़क किया जाम

राजमहल/साहिबगंज(उजाला)। राजमहल थाना अंतर्गत चांय टोला लालमाटी निवासी 55 वर्षीय अतुल मंडल लालमाटी दुर्गा मंदिर स्थित आटा चक्की मील से आटा पिसा कर संध्या लगभग 06 बजे सायकिल से अपने घर आ रहा था की पुराना स्टेट बैंक के पास फोर लेन निर्माण कार्य में लगे हाएवा के चपेट में आ गया जिससे अतुल मंडल का दाहिना पैर और दाहिना हांथ गंभीर रूप से फैक्चर हो गया स्थानीय लोगों के द्वारा घटना की सुचना सड़क सुरक्षा नेक नागरिक प्रजापति प्रकाश बाबा को दी गई घटना की सुचना पाते ही बाबा घटनास्थल पर पहुंच राजमहल थाना को सुचना देते हुए अपनें निजी वाहन TATA PUNCH ADVENTURE संख्या JH04AB/8921 से घायल अतुल मंडल को सदर अस्पताल लेकर पहुंच गयें जानकारी के अनुसार गंभीर स्थिति को देखते हुए अतुल मंडल को हायर सेंटर रेफर किया गया।मौके पर दल बल के साथ पहुंचे राजमहल थाना प्रभारी एवं तालझारी थाना के मनसा हजाम । जिला परिषद प्रतिनिधी राजेश मंडल भी घटनास्थल पहुंच परिवार जनों के सांत्वना के साथ-साथ मुआवजा दिलाने को लेकर बात कही गई थी।वही रात्री 11 बजे तक सड़क अवरुद्ध रहा परिजन और स्थानीय ग्रामीण मुआवजा की माग को लेकर सड़क मार्ग को जाम रखा है फोर लेन निर्माण कम्पनी के क्रमचारी देर रात तक नही पहुंचे राजमहल थाना के थाना प्रभारी गुलशन सरवर के द्वारा ग्रामीणों को समझा बुझाकर जाम हटाने का प्रयास किया गया लेकिन ग्रामीण और अतुल मंडल के पत्नी ने मुआवजे की मांग पर अड़े रहैं ग्रामीण का कहना है पांच बच्चियों के पिता एक मात्र सहारा है अब हमरा पालन पोषण कौन करेगा परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है .

राहुल गांधी की व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट मामले में रांची के एमपी-एमएलए कोर्ट में अगली सुनवाई 23 को

रांची। राजधानी रांची स्थित एमपी-एमएलए कोर्ट में सोमवार को राहुल गांधी की व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट मामले में आंशिक सुनवाई हुई। मामले में अदालत ने अगली सुनवाई की तिथि 23 दिसम्बर निर्धारित की है। यह सुनवाई एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश सार्थक शर्मा की बेंच में हुई।यह मामला भारतीय जनता पार्टी के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह (वर्तमान गृह मंत्री) के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़ा है। राहुल गांधी मामले में व्यक्तिगत पेशी से छूट चाहते हैं। इसको लेकर उनके अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा ने याचिका दाखिल की है। राहुल गांधी को मामले में कोर्ट में पेश होना है। पेशी को लेकर समन जारी है। इस पर शिकायतकर्ता नवीन झा के वकील विनोद साहू ने राहुल गांधी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आग्रह किया था।उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018 में मामले में शिकायतवाद दर्ज होने के बाद रांची सिविल कोर्ट ने पहली बार राहुल गांधी को समन जारी किया था। यह शिकायतवाद भाजपा कार्यकर्ता नवीन झा ने वर्ष 2018 को किया है। याचिका में कहा गया है कि कांग्रेस के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली में आयोजित अधिवेशन में भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

तापमान में अचानक गिरावट कोहरे छाने से बढ़ी कपकपाती ठंड, जनजीवन अस्त-व्यस्त

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

उधवा/साहिबगंज (उजाला)। सोमवार को तापमान में अचानक गिरावट होने के कारण उधवा प्रखंड क्षेत्र व आसपास के इलाकों में घने कोहरे छाने से कपकपाती ठंड बढ़ गई। हल्की बूंदा बांदी बारिश से ठिठुरन बढ़ जाने से लोगों को काफी परेशानी हुई। ठंड से बचने के लिए कहीं कही लोगों ने अलाव जलाकर ठंड से राहत लेते दिखे। कोहरे के कारण जनजीवन भी अस्त-व्यस्त हो गया। दिनभर सूर्य के दर्शन तक नही हुए। ठिठुरन बढ़ने से अधिकतर लोग घरों में दुबके मिले। कुछ लोग चाय दुकानों में चाय की चुस्की लेते दिखे गए।सड़कों में उनकी चहल पहल भी कम देखी गई। जरूरत के कामों के लिए इक्के दुक्के लोग सड़कों पर दिखे गए। कोहरे के कारण सड़कों पर वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई। लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में काफी परेशानी हुई। कोहरे के कारण अधिकतर लोग अपने अपने घरों में ही रहना पसंद किया। वही विभिन्न इलाकों में कोहरे की स्थिति अलग-अलग देखी गई। कुछ इलाकों में तो कोहरा इतना घना था कि लोग बाहर निकलने में कतराते रहे। इस कारण से लोगों को अपने दैनिक कार्यों में परेशानी हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों तक कोहरे की स्थिति बनी रहने की संभावना है। लोगों को सलाह दी जा रही है कि वे घरों में ही रहें और बाहर निकलने से पहले मौसम की जानकारी लें। आवश्यक काम पड़ने पर ही पूरे शरीर को गर्म वस्त्र से ढंक कर बाहर निकलने की सलाह दी गई है। कोहरे की मार से व्यापारियों को भी खासा नुकसान हो रहा है। उनका कहना है कि कोहरे के कारण ग्राहकों की संख्या में कमी आई है, जिससे उनके व्यवसाय को नुकसान हो रहा है।

अज्ञात व्यक्ति का मिला शव

बरहेट/साहिबगंज(उजाला)। थाना क्षेत्र के अंतर्गत रागा गांव समीप सोमवार को एक अज्ञात 45 वर्षीय व्यक्ति मृत अवस्था में पाया गया।थाना प्रभारी पवन कुमार घटनास्थल पहुंचकर अज्ञात शव को बरामद किया।शव की पहचान नहीं हो पाई है।वही टेंपू चालकों व स्थानीय लोगों ने बताया कि घटना के पूर्व इस व्यक्ति को बरहेट प्रखंड के आसपास चौक चौराहे पर घूमते हुए देखा गया है।स्थानीय लोगों की माने तो लोगों का कहना है कि यह व्यक्ति प्रथम दृष्टि में लग रहा है की मृत व्यक्ति मानसिक संतुलन पहले से ही बिगड़ा था एवं भीख मांग कर गुजर बसर करने वाला व्यक्ति है। जो कहीं से घूमते फिरते हुए इस मोड़ पर आ पहुंचा होगा और देर रात्रि होने के कारण खुले में सोया होगा जिसके कारण ठंड लगने की संभावना से मौत हो गई. इस संबंध में थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि शव की पहचान नहीं हो पाई है।शव को बरामद कर लिया गया है।पोस्टमार्टम के लिए साहिबगंज भेजा जा रहा है।

कटहलबाड़ी बाजार में किराना दुकान में अज्ञात चोरों ने सेंधमारी कर चोरी का किया प्रयास, जांच में जुटी पुलिस

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



उधवा/साहिबगंज (उजाला)। राधानगर थाना क्षेत्र के कटहलबाड़ी बाजार स्थित एक किराना दुकान में देर रात्रि अज्ञात चोर के द्वारा सेंधमारी कर चोरी का असफल प्रयास किया गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के कटहलबाड़ी बाजार स्थित कदीरूल अंसारी के किराना दुकान में देर रात्रि अज्ञात चोर ने दुकान का पिछला दीवार में सेंधमारी कर चोरी का प्रयास किया। हालाकी दुकान के अंदर अलमारी लगे रहने के कारण चोर दुकान के अंदर प्रवेश नही कर सका। उधर घटना को लेकर स्थानीय पुलिस छानबीन में जुटी है। इस संबध में दुकान मालिक कदीरूल अंसारी ने बताया कि वे रोज की तरह रविवार को रात्रि करीब 11 बजे अपनी दुकान बंद कर घर चला गया था। दूसरे दिन सोमवार की सुबह दुकान खोलने के लिए पहुंचा तो बगल के एक पान दुकानदार ने उसे घटना की जानकारी देते हुए बताया कि दुकान के पिछले दीवार में किसी ने दो जगह सेंधमारी किया है और दुकान का कुछ सामग्री और एक गमछा गिरा हुआ है।दुकान मालिक ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दिया। उधर घटना की सूचना पाकर राधानगर थाना के प्रभारी थाना प्रभारी हसनैन अंसारी अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी। पुलिस ने दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज को बारीकी से खंगाला। हालाकी सीसीटीवी फुटेज में चोरों की तस्वीर कैद नही मिली। दुकान मालिक के द्वारा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराया गया है। आवेदन में उन्होंने गांव के ही एक व्यक्ति के ऊपर आरोप लगाया है। पुलिस को बताया है रविवार को एक व्यक्ति उसके दुकान के पास पहुंचकर अश्लील गाली गलौज करते हुए धमकी दिया था। दुकान मालिक ने इस वारदात के पीछे उक्त व्यक्ति पर आरोप लगाया है। मामले को लेकर प्रभारी थाना प्रभारी हसनैन अंसारी ने बताया कि दुकान मालिक के द्वारा लिखित शिकायत दर्ज कराया गया है।

राजमहल पहाड़ बचाने को लेकर एनजीटी में सुनवाई आज

साहिबगंज(उजाला)। चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता सह पर्यावरण प्रेमी सैयद अरशद नसर द्वारा एतिहासिक राजमहल पहाड़ को बचाने व संवर्धन हेतु तथा जिले में अवैध रूप से संचालित सभी स्टोन माईंस व क्रशर को बंद कराने को लेकर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ईस्टर्न जोन कोलकाता में दायर याचिका संख्या ओए -23/2017 की सुनवाई आज पीठ के जुडिशयल मेंबर न्यायमुर्ति बी.अमित स्टालेकर व एक्स्पर्ट मेंबर डा.अरूण कुमार वर्मा दिन के 10:30 बजे से करेगी.सुनवाई में भाग लेने के लिए अरशद भी कोलकाता पहुँच गए हैं.सुनवाई पुर्व झारखंड राज्य प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड रांची को एनजीटी में हलफनामा दायर कर बताना है कि अब तक किन किन पत्थर कारोबारियों ने कितना कितना पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति जुमार्ना राशि जमा क्या है.आज की सुनवाई पर पुलिस प्रशासनिक पदाधिकारियों समेत सभी पत्थर कारोबारियों की नजरें टिक गयी है.

नवनिर्वाचित विधायक रोशनलाल चौधरी ने ली शपथ, क्षेत्र के विकास के लिए दी प्रतिबद्धता

जागेश्वर कुमार @ झारखंड उजाला ब्यूरो।

केरेडारी हजारीबाग। 22 बड़कागांव विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक श्री रोशनलाल चौधरी ने ली शपथ,क्षेत्र के विकास के लिए दी प्रतिबद्धता मैं बड़कागांव के हर नागरिक की आकांक्षाओं को पूरा करने और उनकी समस्याओं को हल करने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा रोशन लाल चौधरी ने यह भी कहा कि बड़कागांव की जनता ने मुझ पर जो विश्वास जताया है,मैं उसे पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाऊंगा , रोशनलाल चौधरी विधानसभा में विधायकों का शपथ ग्रहण विधानसभा के प्रथम सत्र के शुरूआती दिन सोमवार को हुआ। जिसमें सबसे पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और फिर उनके मंत्रिमंडल में शामिल सदस्यों ने शपथ ली। इसके बाद अलग-अलग विधानसभा के विधायकों ने शपथ लिया।

जिसके बाद 22 बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक रोशनलाल चौधरी ने सोमवार को झारखंड विधानसभा के प्रथम सत्र में शपथ ग्रहण किया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के टिकट पर पहली बार चुनाव जीतने वाले रोशनलाल चौधरी ने ईश्वर की शपथ लेता हूं ... के साथ शपथ ली और क्षेत्र की जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का संकल्प लिया। शपथ ग्रहण के दौरान रोशनलाल चौधरी अपने सादगीपूर्ण व्यक्तित्व और विनम्रता के साथ नजर आए। पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि बड़कागांव की जनता ने मुझे जो विश्वास और समर्थन दिया है, उसके लिए मैं हृदय से आभारी हूं। मेरा यह दायित्व है कि मैं क्षेत्र के हर नागरिक की उम्मीदों पर खरा उतरूं। मेरा उद्देश्य केवल जनता का प्रतिनिधित्व करना नहीं है, बल्कि उनकी समस्याओं का समाधान करना और बड़कागांव को विकास का मॉडल बनाना है। मैं अपने क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आधारभूत संरचना में सुधार के लिए हरसंभव प्रयास करूंगा विधायक रौशनलाल चौधरी ने क्षेत्र में बेरोजगारी और कृषि क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना, किसानों को तकनीकी और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना और बड़कागांव में औद्योगिक विकास को गति देना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में 'विकसित भारत' के विजन को साकार करते हुए, मैं बड़कागांव को एक सशक्त और आत्मनिर्भर विधानसभा क्षेत्र बनाने के लिए कृतसंकल्पित हूं। क्षेत्र के नागरिकों ने विधायक के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में बड़कागांव को विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचने की उम्मीद है। रौशनलाल चौधरी ने यह भी कहा कि वह अपने कार्यकाल के दौरान एक पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन सुनिश्चित करेंगे। क्षेत्र में शिक्षा के प्रसार, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, सड़कों और पुलों का निर्माण और डिजिटल कनेक्टिविटी बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। मैं बड़कागांव के हर नागरिक की आकांक्षाओं को पूरा करने और उनकी समस्याओं को हल करने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। यह मेरा वादा है कि मेरे कार्यकाल में कोई भी नागरिक खुद को उपेक्षित महसूस नहीं करेगा। जनता से संवाद और विश्वास के साथ विधायक रौशनलाल चौधरी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उनका मुख्य उद्देश्य आम बड़कागांव को झारखंड के सबसे प्रगतिशील और समृद्ध क्षेत्रों में शामिल करना है।

अंगद किशोर कृत झारखंड की बौद्ध विरासत का पटना में भव्य लोकार्पण

झारखंड उजाला, संवाददाता

हुसैनाबाद, पलामू: एजुकेशन डेवलपमेंट काउंसिल, पटना एवं फातिमा डिग्री कॉलेज,पटना द्वारा संयुक्त रूप से फातिमा डिग्री कॉलेज के प्रशाल में आयोजित चतुर्थ अंतर्राष्ट्रीय सेमीनार में दिनांक 8 दिसंबर 2024 को इतिहासकार अंगद किशोर कृत झारखंड की बौद्ध विरासत का भव्य लोकार्पण त्रिभुवन विश्वविद्यालय, नेपाल के प्रो डॉ कृष्ण राज आचार्य एवं डॉ बी एम लामीछाने, संयुक्त अरब अमीरात से पधारे प्रो डॉ रियाज अहमद, एजुकेशन डेवलपमेंट काउंसिल के चेयरमैन डॉ कमल प्रसाद बौद्ध, पश्चिम बंगाल से आए सुप्रसिद्ध इतिहासकार डॉ डी एन वर्मा एवं दुमका कालेज के प्रो डॉ विनोद कुमार शर्मा के कर-कमलों द्वारा किया गया। मालूम हो कि इस कृति झारखंड की बौद्ध विरासत की भूमिका डॉ डी एन वर्मा ने लिखी है। इतिहासकार अंगद किशोर की यह 11 वीं पुस्तक है,जो समग्र झारखंड के लिए बौद्ध विषयक प्रकाशित पहली पुस्तक है।

बढ़ती ठंड एवं शीतलहरी को लेकर जिला प्रशासन ने चौक चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था किया

अभिभावक बच्चों को गर्म कपड़ों में रखें तथा शीतलहरी से बचें

यासिर अराफात@ झारखंड उजाला ब्यूरो

पाकुड़ : जिले में बढ़ती ठंड एवं शीतलहरी के मद्देनजर लोगों को ठंड से राहत देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के द्वारा सोमवार की संध्या में नगर परिषद क्षेत्र के सभी वार्डों एवं सभी प्रखंडों के प्रमुख चौक चौराहों एवं सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। जिले के विभिन्न स्थानों में अलाव की व्यवस्था से क्षेत्र के लोगों एवं राहगीरों को ठंड से काफी हद तक निजात मिल रहा है। विदित हो कि जिले में बढ़ती ठंड एवं शीतलहरी को देखते हुए उपायुक्त मनीष कुमार ने नगर परिषद के प्रशासक, सभी अंचलाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी को उनके संबंधित क्षेत्र के प्रमुख चौक चौराहों एवं सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था करने को लेकर निर्देशित किया है।

साथ ही उपायुक्त ने बढ़ती ठंड एवं शीतलहरी को देखते हुए पाकुड़वासियों से किया अपील

उपायुक्त मनीष कुमार ने जिले में बढ़ती ठंड व शीतलहरी को देखते हुए पाकुड़वासियों से ठंड से बचने की अपील की है। उन्होंने लोगो से अपील करते हुए कहा कि ठंड से बचने के लिए अपने घर को गर्म रखें, इसके लिए पर्दे, शटर आदि का इस्तेमाल करें, बच्चों को गरम कपड़े पहनाए। साथ ही रात में दरवाजा व खिड़कियां को खुली न छोड़ें ताकि ठंडी हवाएं घर मे प्रवेश न कर पाएं। ठंड से बचाव हेतु मल्टीलेयर ठंढक का कपड़ा रखें और जब भी बाहर जाएं तो ऊनी कपड़े पहने,गमछे से या टोपी से अपने सर को ढकें। वाहन चलाते समय कम गति नियंत्रित रखें और हेलमेट, दस्ताने का प्रयोग करें। ठंड में पर्याप्त भोजन के साथ गुनगुने पानी का सेवन करें। छोटे बच्चों को घर से बाहर न जाने दें।

विधायक रोशनलाल चौधरी जी ने झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता से औपचारिक मुलाकात

जागेश्वर कुमार @ झारखंड उजाला ब्यूरो।

केरेडारी/ हजारीबाग। बड़कागांव विधानसभा में गिरती कानून व्यवस्था से चिंताग्रस्त विधायक माननीय श्री रोशनलाल चौधरी जी आज झारखंड के डीजीपी श्री अनुराग गुप्ता से मुलाकात कर क्षेत्र की परिस्थिति से वाकिफ कराया। उन्होंने डीजीपी से हजारीबाग में स्व0 उदय साहू की निर्मम हत्या सहित आए दिन हो रहीं हत्याओं , व्यवसायीयों से रंगदारी मांगे जाने की घटनाओं की जानकारी दी साथ हीं बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाने सहित महिला सुरक्षा को लेकर कारगर कदम उठाने, क्षेत्र में महिला थाना खोले जाने की मांग की। रोशनलाल चौधरी ने कहा की क्षेत्र में कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। अपराधियों का मनोबल चरम पर है। बड़कागांव विधानसभा भयमुक्त हो और कानून व्यवस्था सुदृढ़ हो। व्यवसायी निडर होकर अपना व्यवसाय करें। इसके लिए वे प्रयासरत हैं।

प्रखंड के प्लस टू उच्च विद्यालय छतरपुर परिसर में गुरु गोष्टी का आयोजन किया गया

अरविंद अग्रवाल, झारखंड उजाला ब्यूरो पलामू

छत्तरपुर: प्रखंड के प्लस टू उच्च विद्यालय छतरपुर के परिसर में सोमवार को गुरु गोष्टी का आयोजन किया गया. गुरु गोष्ठी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कालेश्वर प्रसाद की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। गुरु गोष्ठी में बीईओ ने शिक्षकों को निम्नलिखित दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के मानसिक विकास के साथ-साथ खेल गतिविधि आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने पर चर्चा की गयी. ओर विद्यालय विकास एवं पोशाक हेतु लोकल वेंडर के माध्यम से संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक क्रय करेंगे। जिसमें तीन कोटेशन प्राप्त करने के पश्चात एवं प्रत्येक विद्यालय में क्रय समिति का गठन करने के उपरांत क्रय समिति का निर्णय के बाद ही क्रय की जाएगी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक के द्वारा बिल वाउचर अपलोड करने की प्रक्रिया लेखपाल छतरपुर को देंगे। विद्यालयों को 70% कार्य करने के अनुसार प्रखंड स्तर पर अप्रूव किया जाएगा। उसके बाद शेष कार्य करने पर पुनः फाइनल राशि अप्रूव किया जाएगा। इसके अलावा अपर आईडी सभी बच्चों को क्रिएट करना, ई विद्या वाहिनी के माध्यम से बच्चों एवं शिक्षकों की उपस्थिति शत प्रतिशत, विद्यालयों के द्वारा नियमित रूप से दर्ज करना अनिवार्य है। एमडीएम का नियमित संचालन एवं एसएमएस को लेकर प्रयास करना है । कार्यक्रम को लेकर विद्यालय में सर्वेक्षण कार्य करना वर्ग 3 से 8 एवं 9 से 12 सभी बच्चों का पोशाक हेतु उझळ विवरणी प्राप्त करना मुख्यमंत्री विशेष छात्रवृत्ति योजना के तहत 1 से 8 या 9 से 12 वर्ग के बच्चों को डीबीटी हेतु दिशा निर्देश वर्ग 8 में अध्ययनरत बच्चों का उझळ विवरणी इत्यादि का निर्देश दिया गया। इस बैठक में विद्यालय के प्रधानाध्यापक, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, ओमप्रकाश, लेखपाल रंजन कुमार भारती सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

अदानी सीमेंट कंपनी सिंदरी में कार्यरत ठेका कंपनी के मजदूरों का विवाद समाप्त

कुलबीर सिंह @झारखंड उजाला संवाददाता

सिंदरी /धनबाद। सिंदरी अड़ानी सीमेंट कंपनी में नए प्रोजेक्ट के अंतर्गत कार्यरत ठेका मजदूरों ने कंपनी के मुख्य गेट को सोमवार को जाम कर दिया। घटना के बारे में मिली जानकारी अनुसार रविवार को अड़ानी सीमेंट प्लांट के मजदूर आवास में रह रहे कुछ मजदूर आपसी विवाद में भिड़ गए,विवाद को बढ़ता देख सीमेंट प्लांट के नए बन रहे प्रोजेक्ट में सिक्योरिटी प्रमुख के रूप में कार्यरत सुनील सिंह ने मौके पर पहुंचकर विवाद को शांत कराने की कोशिश की।परन्तु एक मजदूर राज विश्वकर्मा द्वारा आरोप लगाया गया की सुनील सिंह ने उनके साथ मारपीट की जिसके कारण उनका फोन का स्क्रीन टूट गया,साथ ही कुछ रुपयो के छीनने की बात कही। वहीं सिक्योरिटी प्रमुख सुनील सिंह द्वारा कहा गया की मजदूर मनगढ़ंत बातें कर रहे हैं। सूचना पाकर सिंदरी पुलिस ने राज विश्वकर्मा से घटना की जानकारी ली। पुलिस की मध्यस्थता में दोनों पक्षों के साथ वार्ता हुई। पुलिस ने बताया कि दोनों में आपस में समझौता हो गया,जिससे मामला समाप्त हो गया। वहीं राज विश्वकर्मा ने कहा हमलोगों के बीच अब कोई विवाद नहीं है।

बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओ के साथ हिंसा के खिलाफ छतरपुर में सर्व हिन्दू समाज के द्वारा जन आक्रोश रैली निकाला गया

सरकार से मांग की गई कि बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओ की सुरक्षा सुनिश्चित किया जाए

झारखंड उजाला, ब्यूरो पलामू

छत्तरपुर : बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में सोमवार को छतरपुर में हिंदू संगठनों का गुस्सा फूट पड़ा। सामाजिक संगठनों के साथ बंजरग दल विश्व हिन्दू परिषद् के सदस्यों ने शहर में रोष मार्च निकाला और अनुमंडल पदाधिकारी के माध्यम से भारत सरकार व राष्ट्रपति को ज्ञापन भी भेजा। सौंपे गये ज्ञापन में बांग्लादेशी हिंदुओं को उत्पीड़न से मुक्त कराने समेत अन्य कई मांगें शामिल हैं। इससे पहले शहर भर में रोष प्रदर्शन करते हुए बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाई। ज्ञापन के माध्यम से वरिष्ठ नागरिक डॉक्टर रामरेश यादव ने बताया कि केंद्रीय सरकार से मांग की गई कि बांग्लादेश में हिंदू व अल्पसंख्यक समुदाय पर हो रहे अत्याचार को रोक लगाई जाए, ताकि हिंदू समुदाय आम आदमी की तरह जीवन यापन कर सकें। बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं पर अत्याचार बढ़ता जा रहा है। मंदिरों को तोड़ा जा रहा है। हिंदुओं की सुरक्षा के लिए बांग्लादेश सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। साथ ही बांग्लादेशी सेना भी कट्टरपंथियों के साथ मिलकर अल्पसंख्यक पर अत्याचार कर रही है, उन्होंने कहा कि बांग्लादेश सरकार पर हिंदू भिक्षुओं को तत्काल प्रभाव से रिहा करने का दबाव डाला जाए। देश में जहां-जहां भी हिंदुओं का उत्पीड़न हो रहा है उसे रोका जाए भारत के अंदर अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। बंजरग दल के संयोजक मोनु गुप्ता बोलें बांग्लादेश में हिंदू बहन बेटियों के साथ रेप और अत्याचार से संपूर्ण विश्व के हिंदुओं में आक्रोश है। विहिप अध्यक्ष पप्पू सिंह ने कहा- जिहादियों अपनी मयार्दा में रहो। वरना ईंट से ईंट बजाना भारत जानता है।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पप्पू सिंह, मोनु गुप्ता, अवधेश यादव, मनोज गुप्ता, सुधीर सिन्हा,डॉ रामेश्वर जी सुधांशु शेखर, पप्पू उरांव, राहुल राय, राजेन्द्र यादव, अजय गुप्ता ,बिट्टू जॉन, मुकेश जी, बबलू जी, मिहिर सिंह, सोनू सिंह, और सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा आयोजित वेबिनार में जिले के खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों ने भाग लिया

पाकुड़ : भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा आयोजित पोश ऐक्ट 2013- सुरक्षित और लिंग संवेदनशील कार्यस्थल सुनिश्चित करना विषय पर आयोजित वेबिनार में सूचना भवन स्थित सभागार में खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों ने भाग लिया। इस वेबिनार को संबोधित श्रीमती सुजात चतुर्वेदी, सचिव (खेल) और महानिदेशक भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा किया गया। सभी खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को ढड्रल् अउळ 2013 के संबंध में विस्तार से जानकारी दिया। मौके पर जिला क्रीड़ा पदाधिकारी राहुल कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी सुश्री अनीता पुरती उपस्थित थे।

तनवीर आलम ने कांग्रेस कार्यकताओं के साथ की बैठक

पाकुड़ : सोमवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस महासचिव तनवीर आलम की अध्यक्षता में पाकुड़ जिला कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस कार्यकर्ता के साथ एक बैठक आयोजित की गई. जिसमें तनवीर आलम ने कांग्रेस कार्यकर्ता का आभार व्यक्त किया और कहा की पाकुड़ विधानसभा से चुनाव में हमारी माता निसात आलम जी को प्रचंड वोट से जीत दिलाने में आपकी बहुत बड़ी भागीदारी है.यहां तक कि आपने झारखंड में सबसे ज्यादा वोटो से जीता कर इतिहास रचने का काम किया है. जिसके लिए हम आपको तहे दिल से धन्यवाद करते है और आपने जो प्यार, स्नेह, समर्थन, विश्वास जताने का काम किया है।

पंचायत साक्षरता प्रेरकों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

झारखंड उजाला, संवाददाता

हुसैनाबाद/ पलामू : हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के सभी पंचायत साक्षरता प्रेरकों ने रविवार को हुसैनाबाद के नवनिर्वाचित विधायक संजय कुमार सिंह यादव को उनके आवास परिसर में पहुंचकर मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में मुख्य रूप से झारखण्ड सरकार के अन्य विभागों में पंचायत साक्षरता प्रेरकों का समायोजन कराना, पूर्व मानदेय 2000/- (दो हजार रू०) प्रति माह को बढ़ा कर एक सम्मानजनक मानदेय दिया जाय, पंचायत साक्षरता प्रेरकों के बकाये मानदेय का अविलम्ब भुगतान किए जाने की मांग की है। उन्होंने विधायक से अनुरोध किया है कि इन सारी बिन्दुओं को अपने संज्ञान में लेते हुए पुनः पंचायत साक्षरता प्रेरकों को सरकार के अन्य विभागों में समायोजन करने की कृपा की जाय।

छत्तरपुर फोरलेन हाईवे पर सीओ ओर एनएचआई द्वारा 8 दुर्घटना संभावित क्षेत्र चिह्नित

फोरलेन हाईवे पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एनएचआई द्वारा कार्य करने की मांग की गई.

अरविंद अग्रवाल, झारखंड उजाला, ब्यूरो पलामू

छत्तरपुरःपलामू। फोरलेन हाईवे पर सिलदाग से लेकर कउवल तक बार-बार होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के कारण छतरपुर सीओ उपेंद्र कुमार के पहल के बाद 9 दिसंबर सोमवार को एनएचआई के प्रतिनिधि आर ई साहब, शिवालय कंस्ट्रक्शन के मैनेजर अमित कुमार, साइड इंजीनियर नवनीत, कुमार, जितेंद्र कुमार की टीम पहुंचे। जहां छत्तरपुर सीओ उपेंद्र कुमार,सीआई हीरा कुमार, समाजसेवी अरविंद गुप्ता चुनमुन सहित अन्य लोगों ने एनएचआई के अधिकारियों के साथ फोरलेन हाईवे पर आठ दुर्घटना संभावित क्षेत्र को चिन्हित किए गए । इसके बाद इन चिह्नित स्थानों पर दुर्घटनाएं कम से कम की जाए इसको लेकर एनएचआई के अधिकारियों द्वारा जल्द काम किये जाने की मांग किया गया। छतरपुर सीओ उपेंद्र कुमार ने बताया कि एनएचआई की टीम द्वारा छतरपुर बायपास फोरलेन सड़क पर हो रहे दुर्घटना के मद्देनजर देवगन मोड़ से लेकर सड़मा बेरियाडीह पेट्रोल पंप तक के हरेक संभावित दुर्घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। जिसको लेकर स्थानीय लोगों, मीडिया टीम,समाजसेवी लोगो ने बीते दिन हुई दुर्घटना के मद्देनजर एनएचआई से रोड स्टर्ड, मिरर, रेडियम लाइट, स्पीडोमीटर,साइनेज ओर सर्विस रोड में ब्रेकर इत्यादि लगाने का सुझाव दिया। उन्होंने बताया कि एनएचआई के वरीय अधिकारियों से संपर्क स्थापित करते हुए अधिहस्ताक्षरी को अवगत कराया जाएगा। इस कार्य में स्थानीय लोगों का सहयोग अपेक्षित है। अनुरोध है कि सड़क सुरक्षा को जन आंदोलन का रूप दिया जाय। स्थानीय संगठनों से भी अनुरोध है कि वे इस क्षेत्र में कार्य करे। इस दौरान मौजूद समाजसेवी अरविंद गुप्ता चुनमुन ने एनएचआई के अधिकारियों को बताया कि कउवल से सिलदाग समेत अन्य फोरलेन हाईवे पर लंबे समय से दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही है। सड़क हादसों में कई लोग अपनी जान भी गंवा चुके हैं। इसको लेकर छत्तरपुर सीओ उपेंद्र कुमार ने बैठक कर दुर्घटनाओं पर रोक लगाने को लेकर शहर वासियों के साथ मंथन कर सड़क सुरक्षा जागरूकता संदेश चलाया गया है। अभियान चलाकर सबसे पहले शहर ओर फोरलेन हाईवे और लिंक मार्ग आदि पर दुर्घटना संभावित क्षेत्रों को चिह्नित करने का निर्णय लिया गया था। मौके पर कामाख्या विश्वकर्मा, संतोष सिंह, सनोज कुमार, नसरुल्ला खा,सुनील कुमार आदि ने उपस्थित थे।

समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

जागेश्वर कुमार@ झारखंड उजाला ब्यूरो।

हजारीबाग। समाज कल्याण की समीक्षा बैठक जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा की अध्यक्षता में की गई। बैठक में मुख्य रूप से समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत पायी गयी। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना की समीक्षा में केरेडारी, चैपारण, बरही, विष्णुगढ़, बरकट्ठा की उपलब्धि 50 प्रतिशत एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में पदमा, ईचाक, डाड़ी, विष्णुगढ़ एवं बरकट्ठा की उपलब्धि 70 प्रतिशत से कम पायी गई। उन्हें अविलंब शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने का निदेश दिया गया। पोषण ट्रैकर एप्प में सभी वास्तविक लाभुकों को शत-प्रतिशत पोर्टल पर प्रविष्टि करने, लाभार्थियों का वजन, टीएचआर, वीएचएसएनडी, सीबीई गतिविधि आयोजित करते हुए पोर्टल पर अपलोड करने का निदेश दिया गया। जिलान्तर्गत सभी उत्क्रमण 76 मिनी आँगनबाड़ी केन्द्रों में एक पखवाड़ा के अन्दर चयन करने एवं साथ ही दो दिनों के संबंधित केन्द्रों में चयन की तिथि निर्धारित जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया है। पोषाहार का अभिश्रव एवं सेविकाओं, सहायिकाओं के मानदेय उपस्थिति विवरणी प्रत्येक माह के 5वीं तारीख तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। साथ ही 0-5 वर्ष के बच्चों को आधार पंजीयन हेतु सभी महिला पर्यवेक्षिकाओं को आपरेटर आईडी के लिए आनलाईन आवेदन करते हुए परीक्षा में शामिल होने का निदेश दिया गया। आईडी प्राप्त होते ही उन्हें ऑनबोर्ड कराया जायेगा। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी माँ देव प्रिया, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी राखी चन्द्रा, प्रतिमा कुमारी सहित सभी महिला पर्यवेक्षिकाएँ उपस्थित थी।

बीआईटी सिंदरी मे रिमोट सेंसिंग और जीआईएस का अनुसंधान में अनुप्रयोग विषय पर एक सप्ताह की कार्यशाला का शुभारंभ

कुलबीर सिंह@ झारखंड उजाला संवाददाता

सिंदरी /धनबाद। झारखंड विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार परिषद राँची द्वारा प्रायोजित ,'रिमोट सेंसिंग और जीआईएस का अनुसंधान में अनुप्रयोग' विषय पर एक सप्ताह का कार्यशाला का शुभारंभ दिनांक 09 दिसंबर 2024 को बीआईटी सिंदरी असैनिक अभियंत्रण विभाग के राजेंद्र प्रसाद हॉल में किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ नीलांचल पटेल प्राध्यापक बीआईटी मेसरा थे। कार्यक्रम की परंपरागत शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती मां की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की गई। कार्यक्रम की शुरूआत में बीआईटी सिंदरी के निदेशक प्रो (डॉ)पंकज राय ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ दे कर सम्मानित किया। बी आई टी निर्देशक प्रोफेसर डॉक्टर पंकज राय ने अपने अपने संबोधन में कहा कि कार्यशाला के आयोजन से संस्थान एवं इंडस्ट्री के बीच जहां दूरी काम होगी वहीं विद्यार्थियों को प्रायोजक विषयों पर जानकारी मिलेगी। असैनिक अभियंत्रण के विभागाध्यक्ष सह कार्यशाला के संयोजक प्रो (डॉ) जीतू कुजूर , समन्वयक सह प्राध्यक असैनिक अभियंत्रण विभाग बी०आई० टी० सिंदरी, प्रो (डॉ) कोमल कुमारी, रिसोर्स पर्सन सह प्राध्यापक असैनिक अभियंत्रण विभाग बी आई टी सिंदरी, डा० ब्रह्मदेव यादव, डॉ माया राज नारायण ने रिमोट सेंसिंग, ज्योटेक्निकल अभियंत्रण पर प्रकाश डाला। उद्घाटन समारोह के बाद आयोजित एक्सपर्ट लेक्चर के पहले सत्र में डॉ नीलांचल पटेल प्राध्यक बी०आई० टी० मेसरा ने रिमोट सेंसिंग के मूलभूत सिद्धांत एवं उनके प्रयोग एवं अर्बन स्ट्डीज में रिमोट सेंसिंग एवं जी आई एस के प्रयोग पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए बताया कि रिमोट सेंसिंग एक तकनीक है जो सतह से विकिरण ऊर्जा का उपयोग करके पृथ्वी का अध्ययन करती है। यह सैटेलाइट और एयरक्राफ्ट के माध्यम से बिना प्रत्यक्ष संपर्क के किया जाता है।

एक्सपर्ट लेक्चर सीरीज के दूसरे सत्र में डॉ मधुमिता शाहू पोस्ट डॉक्टरल शोधकर्ता यूनिवर्सिटी ऑफ शेफील्ड यू के से ऑनलाइन माध्यम से जुड़ी एवं रिमोट सेंसिंग का भूमिगत जल एवं प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के विषय पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया, जबकि डॉ रत्नाकर सहायक प्रधायक एन आई टी राउरकेला उड़ीसा ने बाढ़ प्रबंधन में एस ए आर के प्रयोग विषय पर चर्चा किया। अंत में कार्यशाला के सह समन्वयक एवं असैनिक अभियंत्रण विभाग बी०आई० टी० सिंदरी के सहायक प्रधायक प्रो इकबाल शेख ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कार्यशाला के आगामी दिनों के विषय में जानकारी दिया। इस कार्यक्रम में संस्थान के सभी स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों के साथ साथ दूसरे संस्थानों की विद्यार्थियों की पूर्ण भागीदारी देखी गई। कार्यक्रम की सफलता में , डॉ. उदय कुमार सिंह, प्रो. प्रफुल्ल कुमार शर्मा, डॉ. माया राजनारायण रे, डॉ. निशिकांत किस्कू, डॉ. ब्रह्मदेव यादव, डॉ. कोमल कुमारी, प्रो. इकबाल शेख, प्रो. सरोज मीना और प्रो. प्रशांत रंजन मालवीय का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

मेहरमा के पत्तीचक महिला कल्याण स्वयं सहायता समूह डीलर ने नहीं किया संबंधित कार्डधारी का ई केवाईसी

झारखंड उजाला संवाददाता


वितरण प्रणाली के विक्रेता का नाम-किरणदेवी
ग्राम-पत्तीचक-पिरोजपुर ,पं अमझोरा
ई संख्या-4
झप्ति संख्या- 14/2010
न सुनने का समय-प्रातः 8बजे से अपराह्न 02
प्रत्येक सोमवार को दुकान बंद रहे

गोड्डा: जिले के मेहरमा प्रखंड क्षेत्र के पत्तीचक डीलर महिला कल्याण स्वयं सहायता समूह डीलर की रवैया बड़ा ही अजब गजब है।बताया जाता है कि राशनकार्ड में ई केवाईसी करवाने को लेकर जिले के संबंधित अधिकारी ने चिट्ठी निकाली जिसका ज्ञापांक संख्या 783 है।उक्त चिट्ठी में सभी डीलरो को निर्देश दिया गया है कि 15 दिसंबर तक सभी कार्डधारियों का ई केवाईसी कर देना सुनिश्चित किया जाय लेकिन महिला कल्याण स्वयं सहायता समूह डीलर की मनमानी चरम सीमा पर हैं।इतना ही नहीं डीलर का कई तरह की शिकायत भी है कुछ लोगों ने नाम प्रकाशित नहीं करने के साथ पत्रकार को कहा कि डीलर द्वारा अभद्रता के साथ 500 ग्राम प्रत्येक व्यक्ति पर चावल की कटौती की जाती है इतना ही नहीं डीलर की शिकायत करते हुए उक्त युवक ने कहा कि डीलर महिला होने के नाते सभी को धमका चमका कर रखती है।साथ ही सही समय पर चावल का वितरण भी नहीं करती है।जब मीडियाकर्मी ने ऑनलाइन डेटा खंगाला तो बहुत महिला कल्याण स्वयं सहायता समूह डीलर के पास कार्डधारी की लिस्ट में 3 दर्जन से अधिक लोगों का अभी तक ई केवाईसी नहीं हुई है।इतना ही नहीं सवाल तो यहां भी हैं कि क्या जिला आपूर्ति अधिकारी के आदेश वाली चिट्ठी को क्यों ठेंगा दिखा रही है महिला कल्याण स्वयं सहायता समूह की डीलर।मामले पर कार्डधारी ने कहा कि अगर डीलर ई केवाईसी नहीं करती है और मेरा राशन में कटौती हुई तो डीलर का शिकायत रांची खाद्य आयोग में करेंगे।

बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओ के साथ हिंसा के खिलाफ छतरपुर में सर्व हिन्दू समाज के द्वारा जन आक्रोश रैली निकाला गया

झारखंड उजाला, ब्यूरो पलामू

छत्तरपुर : बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में सोमवार को छतरपुर में हिंदू संगठनों का गुस्सा फूट पड़ा। सामाजिक संगठनों के साथ बंजरग दल विश्व हिन्दू परिषद् के सदस्यों ने शहर में रोष मार्च निकाला और अनुमंडल पदाधिकारी के माध्यम से भारत सरकार व राष्ट्रपति को ज्ञापन भी भेजा। सौंपे गये ज्ञापन में बांग्लादेशी हिंदुओं को उत्पीड़न से मुक्त कराने समेत अन्य कई मांगें शामिल हैं। इससे पहले शहर भर में रोष प्रदर्शन करते हुए बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाई। ज्ञापन के माध्यम से वरिष्ठ नागरिक डॉक्टर रामरेश यादव ने बताया कि केंद्रीय सरकार से मांग की गई कि बांग्लादेश में हिंदू व अल्पसंख्यक समुदाय पर हो रहे अत्याचार को रोक लगाई जाए, ताकि हिंदू समुदाय आम आदमी की तरह जीवन यापन कर सकें। बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं पर अत्याचार बढ़ता जा रहा है। मंदिरों को तोड़ा जा रहा है। हिंदुओं की सुरक्षा के लिए बांग्लादेश सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। साथ ही बांग्लादेशी सेना भी कट्टरपंथियों के साथ मिलकर अल्पसंख्यक पर अत्याचार कर रही है, उन्होंने कहा कि बांग्लादेश सरकार पर हिंदू भिक्षुओं को तत्काल प्रभाव से रिहा करने का दबाव डाला जाए। देश में जहां-जहां भी हिंदुओं का उत्पीड़न हो रहा है उसे रोका जाए भारत के अंदर अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। बंजरग दल के संयोजक मोनु गुप्ता बोलें बांग्लादेश में हिंदू बहन बेटियों के साथ रेप और अत्याचार से संपूर्ण विश्व के हिंदुओं में आक्रोश है। विहिप अध्यक्ष पप्पू सिंह ने कहा- जिहादियों अपनी मयार्दा में रहो। वरना ईंट से ईंट बजाना भारत जानता है।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पप्पू सिंह, मोनु गुप्ता, अवधेश यादव, मनोज गुप्ता, सुधीर सिन्हा,डॉ रामेश्वर जी सुधांशु शेखर, पप्पू उरांव, राहुल राय, राजेन्द्र यादव, अजय गुप्ता ,बिट्टू जॉन, मुकेश जी, बबलू जी, मिहिर सिंह, सोनू सिंह, और सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

हुसैनाबाद के पथरा मुखिया नरेश पासवान राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयनित

झारखंड उजाला, संवाददाता

पलामू: प्रखंड के पथरा पंचायत के मुखिया नरेश पासवान को राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार समारोह के लिए चयन किया गया है। इस संबंध में झारखण्ड सरकार के पंचायती राज उप निदेशक ने भारत सरकार के पंचायती मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव को सूची भेजी है।जिसमे आगामी 11 दिसम्बर को दिल्ली विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार समारोह में सम्मानित किया जाएगा।मुखिया नरेश पासवान ने बताया कि पलामू जिला से मैं चयनित किया गया हूं। इधर पथरा पंचायत के सभी गांवों में मुखिया को राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने की खबर से खुशी की लहर है।

गोड्डा के जिला आपूर्ति के आईडी में कई लोगों का ऑनलाइन नाम सुधार एवं मेंबर ट्रांसफर फंसा

गोड्डा :जिले के जिला आपूर्ति पदाधिकारी के आईडी से नाम सुधार नहीं होने पर कई कार्डधारियों ने रोष व्याप्त करते हुए कहा कि कार्यालय के अंदर कोई भी ऑपरेटर सही एवं नियमित रूप से दिनभर राशनकार्ड सम्बंधित काम नहीं कर पा रहे है कई कार्डधारी ने कहा कि डीएसओ के आईडी में कई एमो के द्वारा छोड़ा गया नाम सुधार का एक्नॉलेजमेट नंबर अभी भी पेंडिंग है और मेंबर ट्रांसफर का भी पेंडिंग है साथ ही कहा कि यही रवैया के कारण डीएसओ के आईडी में पुराने जमाने का नाम जोड़ने वाली शिलशिला जारी है। हालांकि सिस्टम को ताक पर रखकर आखिर क्यों काम कर रहे है डीएसओ कार्यालय के ऑपरेटर।

प्रमंडलीय आयुक्त ने 2025 मौसम के लिए केंदूपत्ती के दर निर्धारण हेतु संग्रहणकताओं के साथ की बैठक

जागेश्वर कुमार @ झारखंड उजाला ब्यूरो।

हजारीबाग: प्रमंडलीय आयुक्त-सह-केंदूपत्ती सलाहकार समिति के अध्यक्ष श्री पवन कुमार की अध्यक्षता में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय कार्यालय, हजारीबाग में वर्ष 2025 मौसम के लिए केंदूपत्ती के संग्रहण मूल्य प्रति मानक बोरा के निर्धारण हेतु बैठक आहूत की गई। इसमें उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2025 मौसम के लिए प्राथमिक संग्रहणकताओं से केन्दूपत्ती के क्रय दर प्रति मानक बोरा के निर्धारण हेतु सरकार को परामर्श देने के लिए संग्रहणकर्ता सदस्यों के साथ विचार-विमर्श हुआ। विचार विमर्श के दौरान आयुक्त-सह-अध्यक्ष को अवगत कराया गया कि पूर्व की बैठक में अध्यक्ष एवं समिति द्वारा केंदूपत्ती क्रय मूल्य ?1700 प्रति मानक बोरा वन भूमि एवं रैयती भूमि के लिए अनुशंसा की गई थी। जिसमें सरकार द्वारा वर्ष 2024 मौसम के लिए 1750 रुपए प्रति मानक बोरा का दर स्वीकृत किया गया था। जिससे केंदु पत्ता व्यापार से जुड़े लोगों एवं झारखंड राज्य वन विकास निगम के पदाधिकारी के साथ अनौपचारिक विमर्श के दौरान बताया गया कि वर्ष 2024 में क्रय मूल्य 1650 रुपए प्रति मानक बोरा से 1750 रुपए प्रति मानक बोरा कर दिए जाने के कारण वर्ष 2024 में क्रेता हतोत्साहित हो गए। जिससे हजारीबाग प्रमंडल के कुल 70 लौटों में से मात्र 31 लौटों की ही बिक्री हो पाई। जिससे सरकार के राजस्व प्राप्ति में क्षति हुई।

2025 मौसम के लिए केंदू पत्ती दर में मात्र 5 से 6 प्रतिशत वृद्धि करने की अनुशंसा

केंदूपत्ती का मौसमी संग्रहण कार्य से वनों के समीप सुदरवर्ती वनों के ग्रामीणों के लिए अतिरिक्त आय का महत्वपूर्ण स्त्रोत है। लौटों की बिक्री न होने से उस क्षेत्र के अंशकालिक मजदूर भी रोजगार से वंचित रहे। इन सभी बातों के विचारोंपरांत आयुक्त-सह-अध्यक्ष एवं समिति द्वारा 2025 मौसम के लिए केंदूपत्ती क्रय मूल्य में मात्र 5 से 6% न्यूनतम वृद्धि कर 1850 रुपए प्रति मानक बोरा वन भूमि एवं रैयती भूमि के लिए निर्धारण का परामर्श सरकार को देने का निर्णय लिया गया।

फैशन में नए एक्सपेरिमेंट करते रहें

टीनेज की उम्र में हर कोई फैशन की तरफ अट्रैक्ट होता है। इस उम्र में आमतौर पर युवा कुछ न कुछ नए एक्सपेरिमेंट करना पसंद करते हैं। इस उम्र में आप अपनी पर्सनैलिटी और एटिट्यूट अपनी ड्रेसेज और एसेसरीज से एक्सप्रेस कर सकते हैं।

- **टी-शर्ट विद स्लोगन** : युवावस्था में अपना एटीट्यूट खुलकर समाने ला सकते हैं। इसका सबसे अच्छा तरीका है, 80 के स्टाइल की ब्राइट कलर की स्लोगन लिखी टी-शर्ट पहनें। टी-शर्ट पर किसी भी तरह की आर्ट दर्शाई जा सकती है। चाहे वह आपका फेवरिट सुपर हीरो हो या वह लाइन जो आपके दिमाग में है।
- **बेसबॉल कैप्स** : कॉलेज में ज्यादातर सब ही लड़के कैप पहने हुए देखे जा सकते हैं। बेसबॉल कैप्स 90 के दशक में चर्चित हुई थी और अभी भी ट्रेंड में है। वह परफेक्ट एसेसरीज है और जींस और टी-शर्ट के साथ पहनी जा सकती है।
- **स्कार्फ्स** : मोटे निटेड वालों से लेकर ब्राइट रंग और पैटर्न वाले स्कार्फ हर वॉर्डरोब में जरूर होने चाहिए। यह वेस्ट पर या ब्रेसलेट की तरह हाथ पर बंधे हुए बहुत अच्छे लगते हैं।
- **जंक ज्वैलरी**: सड़क के किनारे लगी दुकानों पर आप थोड़ी बारगेनिंग में आपकी पसंदीदा ज्वैलरी मिल जाएगी। आजकल वैसे ब्राइट रंग के स्टोंस और नकली डायमंड रिंग भी पॉपुलर होती जा रही है। बीड्स भी टोन फैशन से कभी बाहर नहीं होते। आजकल ज्वैलरी पहनने में लड़के भी पीछे नहीं हैं। उन्हें एक बड़ा सिल्वर पेंडेंट या एक कान में इयरिंग पहनना अच्छा लगता है।
- **पोलका डॉट्स** : पोलका डॉट्स कभी भी आउट ऑफ स्टाइल नहीं जाते। लड़कियां एक वेल फिटेड पोलका डॉट ड्रेस हील्स के साथ पहन सकती हैं। यह यलो और ग्रीन कलर में बहुत ही फंकी लुक देते हैं। आप कॉलेज के लिए एक लॉन्ग पोलका प्रिंट टॉप लेनिग्स और फ्लैट्स के साथ पहन सकती हैं।
- **बेल्ट्स** : लंबी, छोटी, पतली, मोटी और सॉलिड रंगों में एम्बेलिशमेंट वाली बेल्ट हर टीन के बॉर्डरोब का एक अहम् हिस्सा होती है। बेल्ट अब बस पैंट या जींस के ऊपर रखने के लिए नहीं होती, बल्कि अब यह ड्रेसेज, लॉन्ग टी-शर्ट और ट्यूनिक्स के ऊपर भी पहनी जा सकती है।
- **मोबाइल फोन** : लेटेस्ट मॉडल होने के साथ-साथ उसके साथ सही एसेसरीज होना भी जरूरी है। मोबाइल केस, स्टिकर्स, मोबाइल हैगिंग्स सब फोन की पर्सनैलिटी बढ़ाते हैं।

लौट रहे हैं वाइब्रेंट कलर्स

फैशन वर्ल्ड में कलर्स का आना-जाना सामान्य बात है। लेकिन कुछ समय बाद पुराने वाइब्रेंट कलर्स लौटे हैं, जो बहुत ही सूदिंग लुक में हैं।

अपने डिफरेंट शेड्स के साथ यह कलर टीनेजर्स से लेकर सेलीब्रिटीज की पहली पसंद बना हुआ है। यहां तक कि फैशन डिजाइनर्स ने भी अपने कलेक्शन में इस बार जमकर इस रंग का प्रयोग किया है।

ताजगी भरा अहसास

बीच में कुछ समय गायब रहने के बाद लौटे इस कलर ने फैशन जगत में एक नई ताजगी भर दी है। इसलिए आप भी अपने वॉर्डरोब में छिपे इस वाइब्रेंट कलर को दोबारा बेखौफ होकर बाहर निकाल सकती हैं।

खुद करें चयन

यदि आपको ब्राइट यलो पसंद नहीं है, तो आप लाइट और सॉफ्ट यलो कलर्स को चुन सकती हैं। लेमन यलो और लाइट यलो कलर्स सभी पर फबेंगे। मिक्स-मैच कई लोगों के लिए सॉलिड यलो पहनना थोड़ा मुश्किल होता है। ऐसे में आप दूसरे रंगों के कॉम्बीनेशन के साथ इस रंग को पहन सकती हैं। यलो को लाइट ब्लू, बोल्ड ग्रीन, बेबी पिंक और व्हाइट के साथ आराम से मैच किया जा सकता है।

बच्चों में भी फैशन का क्रेज

फैशन की दौड़ में जब सारी दुनिया दीवानी हो रही है, तो भला बच्चे कैसे पीछे रह सकते हैं। बच्चों में भी अब फैशन का क्रेज आजकल हर जगह देखने को मिलता है, बच्चे जो स्वयं को कैसे फैशन के अनुसार ढालना चाहते हैं, इसे देखकर कभी-कभी फैशनेबल माता-पिता भी हैरत में पड़ जाते हैं। घर, स्कूल या पार्टी हो, सजी जगह बच्चे जमाने की चाल में चलना पसंद करते हैं। इसके कई कारण हो सकते हैं। मां-बाप भी फैशन के प्रति जागरुक होते जा रहे हैं, जो बच्चों को मेचिंग में रखना ही पसंद करते हैं, जैसे ड्रेस वैसे मौजे, जूते, रूमाल वगैरह-वगैरह।

खिलौने और गेम्स

नए खिलौने, गेम्स जो भी प्रचलन में होते हैं, बच्चों की फरमाइश पर हाजिर हो जाते हैं। जब बच्चे स्कूल जाना शुरू करते हैं, तब भी फैशन के बैग, कम्पास, पेंसिल, रबर लाकर ही दिए जाते हैं। उनके पास नहीं भी होते हैं, तो वे अपने दोस्तों के पास देखकर आकर्षित होते हैं और नई-नई चीजें लाने की मांग करते हैं। समय के साथ चलती यह जागरूकता ही कहिए जिससे वे स्वयं को अलग सा दिखाना चाहते हैं और अपने को नए रूप में स्थापित करना चाहते हैं। सबके आकर्षण का केंद्र बन सकें, दोस्तों के दिल में समा सकें, शिक्षकों व रिश्तेदारों की प्रशंसा पा सकें, इसलिए वे जमाने के नित नए फैशन को अपनाना चाहते हैं।

नए फैशन के मुरीद

वे सोचते हैं कि वर्तमान में जो फैशन चल रहा है, अगर उसे नहीं अपनाएंगे तो हम 'ओल्ड फैशन' की उपाधि से अलंकृत हो जाएंगे। लेकिन कई बार वे यह नहीं सोच पाते हैं कि जो भी फैशन चल रहा, उससे मां-बाप और निकटवर्ती लोगों में हमारी छवि कैसी बनेगी। यह भी है कि फैशन के इस दौर में फैशन के साथ चलने के लिए बच्चे ब्रांडेड कंपनी की वस्तुओं को ही ज्यादा पसंद कर रहे हैं। जैसे-जूते यदि ब्रांडेड कंपनी के हों चाहे वह कम पसंद आ रहे हैं और वहीं दूसरे (लोकल ब्रांड) जूते उससे कहीं अच्छे भी हों तो भी जागरुक बच्चे ब्रांडेड कंपनी के जूते ही पहनना पसंद करेंगे। इस बात को भी नकारा नहीं जा सकता है।

भारत-रूस शिखर बैठक ने दिखाई दिया दोनों की दोस्ती का नायाब उदाहरण

सुमित कुमार सिंह, स्वतंत्र पत्रकार

अमेरिका-रूस के जटिल रिश्तों के बावजूद भारत-रूस संबंधों में गहराई बनी हुई है तो यह मोदी सरकार की सफलता है। इस बैठक से जहां एक तरफ दोनों का एक दूसरे पर विश्वास बढ़ा है वहीं दोस्ती का एक नया अध्या य भी लिखा गया है। हाल में संपन्न भारत-रूस शिखर बैठक ने दोनों देशों की दोस्ती का नायाब उदाहरण पेश किया। इसमें भाग लेने के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन खासतौर से दिल्ली आए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हैदराबाद हाउस में उनकी अगुआई की। दिनभर चली बैठकों में प्रधानमंत्री मोदी ने जहां भारत-रूस दोस्ती को अनूठी और एक-दूसरे की संवेदनाओं का ध्यान रखने वाली बताया, वहीं राष्ट्रपति पुतिन ने भारत को बड़ी शक्ति और विश्वसनीय दोस्त करार दिया। बैठकों में द्विपक्षीय रक्षा संबंधों, अफगानिस्तान, आतंकवाद, एशिया प्रशांत और कोरोना महामारी की चुनौतियों से लेकर अंतरिक्ष एवं विज्ञान के क्षेत्र में नए सहयोग के मुद्दे पर बातचीत हुई। साथ ही दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में 28 समझौतों पर हस्ताक्षर भी किए गए। इससे पहले दोनों देशों के रक्षा और विदेश मंत्रियों की अलग-अलग बैठकें हुईं। उसके बाद इन चारों की टू प्लस टू व्यवस्था के तहत पहली संयुक्त बैठक हुई। अमेरिका के साथ भारत की बढ़ती रणनीतिक साझेदारी और चीन के साथ रूस के लगातार मजबूत होते सामंजस्य के बावजूद मोदी और पुतिन ने इस शिखर बैठक के जरिये वैश्विक स्तर पर एक मजबूत राजनीतिक संकेत दिया। शीत युद्ध के बाद वैश्विक राजनीति में आमूल-चूल परिवर्तन आया है। पुराने दोस्त सामान्य दोस्त रह गए हैं और पुराने प्रतिद्वंद्वी भी कई मामलों में अच्छे मित्र बन गए हैं। शीत युद्ध की समाप्ति तक रूस भारत का सबसे विश्वसनीय सहयोगी रहा। शीत युद्धोत्तर काल में इसमें कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि कोरोना कालखंड के पिछले दो वर्षों में राष्ट्रपति पुतिन की यह दूसरी विदेश यात्रा थी। जून 2021 में वह अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन के साथ शिखर बैठक करने के लिए स्विट्जरलैंड गए थे।

उनका भारत आना इसलिए भी अहम है, क्योंकि उन्होंने चीन का भी अपना दौरा कोरोना महामारी के कारण रद कर दिया था। साफ है कि भारत आकर उन्होंने चीन को भी संदेश दिया। हाल के दशकों में अमेरिका के साथ भी भारत के संबंध काफी तेजी से गहरे हुए हैं। क्वाड सहित अनेक बहुपक्षीय एवं द्विपक्षीय मंचों के माध्यम से इसमें काफी गहराई आई है। क्वाड का सदस्य होने के बाद भी भारत ने रूस से अपनी दोस्ती आगे बढ़ाकर यही साबित किया कि उसकी अपनी स्वतंत्र विदेश नीति है।

वर्तमान में अमेरिका-रूस के संबंध काफी तनावपूर्ण हैं। यूक्रेन के सवाल पर वे और भी खराब हो सकते हैं, लेकिन इन चुनौतियों के बावजूद भारत-रूस संबंध लगातार बढ़ रहे हैं। एशिया की भू-राजनीतिक परिस्थितियों में भारत-अमेरिका के गहराते संबंधों में अंतर्निहित कारकों को रूस भी समझ रहा है। राष्ट्रपति पुतिन का वर्तमान दौरा इस सच्चाई को रेखांकित कर रहा है। अमेरिका-रूस के बीच जटिल होते संबंधों के बावजूद भारत-रूस के संबंधों की गहराई मोदी सरकार की कूटनीतिक सफलताओं में मील का पत्थर है। 2018 में भारत-रूस ने एस-400 मिसाइल प्रणाली खरीदने पर समझौता किया था। इसी प्रणाली को रूस से लेने के कारण अमेरिका ने अपने नाटो सहयोगी तुर्की पर तमाम प्रतिबंध लगाए, पर भारत के मामले में वह नरमी बरतता दिख रहा है। रूस अब इस प्रणाली को भारत को सौंपने वाला है। चीन एस-400 मिसाइल प्रणाली को भारत को देने से खफा है। उसे लगता है कि भारत इसे चीन की सीमा के पास तैनात करेगा। इस प्रणाली को हासिल करने बाद भारत की सैन्य ताकत बढ़ जाएगी। भारत 400 किलोमीटर तक के दायरे में किसी भी हमले का मुंहतोड़ जबाव देने में और अधिक ताकत प्राप्त कर लेगा। यह स्पष्ट है कि इस मामले में रूस ने चीन की चिंता की परवाह नहीं की। अफगानिस्तान के मामले में पहले रूस-भारत के बीच थोड़े मतभेद थे, लेकिन अगस्त 2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद की हरकतों ने रूस को सशंकित किया है। पिछले महीने नई दिल्ली में अफगानिस्तान पर आयोजित हुई राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की शिखर बैठक में भाग लेकर रूस ने इस मामले पर भारत के साथ अपने हितों की एकरूपता को रेखांकित किया। तालिबान के शासन में आने के कारण अफगानिस्तान में अव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। रूस और भारत के लिए यह सामूहिक चिंता है। वैसे तो रूस-चीन के बीच पिछले कई वर्षों से दोस्ती रही है, लेकिन सुदूर पूर्व साइबेरिया के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच प्रतिद्वंद्विता बनी रहेगी।

हालांकि चीन ने रूस के साथ इस क्षेत्र में सीमा समझौता कर लिया है, पर रूस इससे चिंतित है कि विशाल भू-भाग होते हुए भी यहां रूसी जनसंख्या एक करोड़ से भी कम है। रूस के ऊर्जा समृद्ध इस पूर्वी इलाकों के लिए भारत की महत्वाकांक्षी परियोजना है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2019 में ब्लादिवोस्तक में भारत की एक्ट फार ईस्ट नीति की घोषणा करते हुए इस क्षेत्र में कई परियोजनाओं के लिए एक अरब डालर की लाइन आफ क्रेडिट की घोषणा की थी। इन परियोजनाओं पर तेजी से काम हो रहा है। पुतिन के वर्तमान दौरे में भी इस पर अनेक सहमतियां बनी हैं। भारत-रूस पुराने सहयोगी रहे हैं। राष्ट्रीय हितों की एकरूपता उन्हें फिर से संबंधों को गहराने के लिए प्रेरित कर रही है। तमाम उतार-चढ़ाव के बावजूद भारत-रूस संबंध काफी मधुर रहे हैं। पिछले कुछ दशक में दुनिया कई बुनियादी बदलावों और विभिन्न तरह के भू-राजनीतिक समीकरणों का गवाह बनी है, लेकिन भारत-रूस के रिश्ते करीब-करीब एक जैसे बने हुए हैं। दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी भी मजबूत हो रही है।

आज का राशिफाल

स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि,
नई दिल्ली ।

मेष राशि :- आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। छोटी-छोटी परेशानियां आ सकती हैं, लेकिन अपने प्रयासों से कार्यों में सफलता मिलेगी। क्रोध पर नियंत्रण रखें और मानसिक तौर पर भटकाव से बचें। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा, लेकिन अपनी वाणी से किसी को ठेस न पहुंचे, इसका ध्यान रखें। मांगलिक आयोजनों में शामिल हो सकते हैं। सेहत अच्छी रहेगी।

वृषभ राशि :- आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यापार में आर्थिक लाभ के योग बन रह रहे हैं। कार्यक्षेत्र में परिजनों को भरपूर सहयोग मिलेगा। कार्यस्थल पर सोच-समझकर बोलें। उन्नति के रास्ते खुलेंगे। पुराने मित्रों का भी सहयोग मिल सकता है। सेहत पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। कारोबार विस्तार के लिए नया कार्य प्रारंभ कर सकते हैं। परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा।

मिथुन राशि :- आज का दिन शुभ फलदायी रहेगी। व्यापार-धंधे में आकस्मिक धनलाभ के योग बन रहे हैं। नौकरी में तरक्की होने की संभावना है। स्थान परिवर्तन होने के साथ आय भी बढ़ सकती है, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। कुछ नया करने की इच्छा भी होगी। व्यवहारकुशलता के चलते अधिकारियों से सम्मान मिल सकता है। सेहत अच्छी रहेगी। अटके काम बन सकते हैं। प्रेम प्रसंगों में सफलता मिलेगी।

कर्क राशि :- आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार विस्तार की नई योजनाएं बन सकती हैं। आकस्मिक धनलाभ मिलेगा, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। रुका हुआ पैसा मिल सकता है। उधार लेन-देन से बचें। परिश्रम और प्रयासों से सभी कार्यों में सफलता मिलेगी। परिजनों का भरपूर सहयोग मिलेगा। परिवार का माहौल आपके अनुकूल रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। दाम्पत्य जीवन सुखमय रहेगा।

सिंह राशि :- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। अपने प्रयासों से कार्यों में सफलता मिलेगी, लेकिन मानसिक और शारीरिक रूप से थकान का अनुभव होगा। क्रोध पर नियंत्रण एवं वाणी पर संयम रखें, अन्यथा किसी विवाद में फंस सकते हैं। परिवार में किसी से कलह होने की संभावना रहेगी। वाहन का उपयोग सावधानी से करें। सेहत का ध्यान रखें, यात्रा को टालें।

कन्या राशि :- आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में योजना बनाना मेहनत करने से भी ज्यादा कारगर साबित हो सकता है। अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। पुराने कर्ज से छुटकारा मिल सकता है। परिवार, दोस्त और रिश्तेदार आपका पूरा सहयोग करेंगे। जमीन-जायदाद के मामले में पडने से बचें, अन्यता कानूनी विवाद में फंस सकते हैं। आपका व्यवहार पार्टनर को खुशी देगा। धन लाभ के नए मार्ग खुलेंगे।

तुला राशि :- आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा। कार्यों में सफलता मिलने से मन प्रसन्न रहेगा और भौतिक सुख सुविधाओं की ओर रुझान बढ़ेगा। जमीन-जायदाद खरीदने और निवेश की योजना बन सकती है। किसी पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा और पूरा दिन मौज-मस्ती में व्यतीत होगा। सेहत भी अच्छी रहेगी। खान-पान का ध्यान रखें।

वृश्चिक राशि :- आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में मन लगेगा और आर्थिक लाभ मिलेगा। आकस्मिक धनलाभ और नौकरी में पदोन्नति के योग बनेंगे। कामकाज से जुड़ी परेशानियां खत्म होंगी। हालांकि, कार्यभार की अधिकता रहेगी, जिससे थकान का अनुभव कर सकते हैं। परिवार और ऑफिस, दोनों जगह का माहौल खुशनुमा रहेगा। दाम्पत्य जीवन भी खुशहाल रहेगा। लेन-देन से बचें। सेहत अच्छी रहेगी।

धनु राशि :- आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। अचानक धनलाभ के योग भी बन रहे हैं। नौकरी में मनचाहा स्थानांतरण या पदोन्नति की संभावना रहेगी। दाम्पत्य जीवन भी सुखद रहेगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें, अन्यता किसी विवाद में फंस सकते हैं। सेहत को लेकर सावधान भी रहें। सामाजिक और धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। यात्रा पर जाने से बचें।

मकर राशि :- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कार्यक्षेत्र में छोटी-छोटी परेशानियां आ सकती हैं, लेकिन कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी। परिजनों और मित्रों का भी सहयोग रहेगा। कार्यभार की अधिकता रहेगी। जोखिम लेने से हानि हो सकती है। बेरोजगारों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। क्रोध पर नियंत्रण रखें। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा। सेहत को लेकर सतर्क रहने की आवश्यकता है।

कुंभ राशि :- आज का दिन सामान्य रहेगा। कामकाज अच्छा चलेगा और धनलाभ के योग भी रहेंगे, लेकिन कुछ परेशानियों का सामना भी करना पड़ सकता है। काम की अधिकता से थकान का अनुभव करेंगे। क्रोध पर नियंत्रण एवं वाणी पर संयम रखें, अन्यथा विवाद होने की संभावना रहेगी। सेहत सामान्य रहेगी। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा और परिजनों का भरपूर सहयोग मिलेगा। लेन-देन से बचें।

मीन राशि :- बेरोजगारों के लिए दिन अच्छा है। काम मन लगाकर करें। करियर में आगे बढने के अवसर मिल सकते हैं। आत्मविश्वास से जोखिम भरे कामों में सफलता मिल सकती है। पैसों और बिजनेस के मामलों पर ध्यान देना होगा। सामाजिक कार्यों में रुझान बढ़ेगा। पारिवारिक संबंधों में सुधार हो सकता है। धन व्यय अधिक रहेगा। प्रॉपर्टी और शेयर बाजार में निवेश लाभदायक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

मरीचिका के पीछे भागतीं ममता, पीएम मोदी को राष्ट्रीय स्तर पर चुनौती देने का देख रहीं सपना

जुलाई में ममता दिल्ली आईं तो संधि का प्रस्ताव लेकर आईं। वह सोनिया गांधी से मिलीं। हो सकता है कि उस समय संप्रग अध्यक्ष या संयोजक के पद से बात बन जाती पर राहुल गांधी की उपस्थिति ने उन्हें प्रस्ताव रखने से रोक दिया। सपने देखना, महत्वाकांक्षी होना और उसके लिए प्रयास करना स्वाभाविक बात है, पर अति किसी भी चीज की बुरी होती है। अति महत्वाकांक्षा कई बार व्यक्ति या संगठन को बंद गली में धकेल देती है। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की विपक्षी एकता की धुरी बनने और उसका नेतृत्व करने की कोशिश को इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए। उनके कामयाब होने की जितनी संभावना है, उससे ज्यादा नाकामी की आशंका। ममता एक मरीचिका के पीछे भाग रही हैं। उन्हें लग रहा है कि कांग्रेस के कमजोर होने से मुख्य विपक्षी दल की जगह खाली हो गई है। उन्हें यह भी लग रहा है कि राहुल गांधी की अकर्मण्यता और पूर्णकालिक राजनीति में अरुचि से विपक्षी गठबंधन का नेतृत्व उनकी पहुंच के दायरे में है। उन्हें मुगालता हो रहा है कि वह कांग्रेस का विकल्प बन सकती हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को राष्ट्रीय स्तर पर चुनौती दे सकती हैं। तीसरी बार बंगाल जीतने के बाद ममता को लग रहा है कि अब उनके प्रधानमंत्री बनने का समय आ गया है। उन्होंने अपना अश्वमेघ यज्ञ का घोड़ा छोड़ दिया है। जुलाई में ममता दिल्ली आईं तो संधि का प्रस्ताव लेकर आईं। वह सोनिया गांधी से मिलीं। हो सकता है कि उस समय संप्रग अध्यक्ष या संयोजक के पद से बात बन जाती, पर राहुल गांधी की उपस्थिति ने उन्हें प्रस्ताव रखने से रोक दिया। वह लौटकर कोलकाता गईं और नई रणनीति पर विचार किया। भाजपा से लड़ते-लड़ते वह अब कांग्रेस से लड़ने लगी हैं। उन्हें लग रहा है कि उनके रास्ते की बाधा कांग्रेस या सही मायने में कहें तो गांधी परिवार है। इसलिए गांधी परिवार पर हमला बोल दिया। गांधी परिवार पर हमला बोलने के लिए राहुल पर हमला बोलना काफी है। उन्होंने पहला हमला राहुल की विदेश यात्राओं के मुद्दे पर बोला, फिर अपने रणनीतिकार प्रशांत किशोर से हमला करवाया कि कांग्रेस का नेतृत्व किसी का दैवीय अधिकार नहीं है। प्रधानमंत्री बनने की ममता की महत्वाकांक्षा को हवा दे रहे हैं, प्रशांत किशोर। उन्होंने उन्हें समझा दिया है कि गांधी परिवार को रास्ते से हटाइए और फिर आपके अश्वमेघ यज्ञ के घोड़े की रास पकड़ने वाला कोई नहीं होगा।

ममता ने इसके लिए पहले जिन दो दलों के नेताओं का दरवाजा खटखटाया, उनके अतीत को भूल गईं। मुंबई जाकर वह शरद पवार से मिलीं। वही शरद पवार, जिन्होंने अपने राजनीतिक गुरु को ही दगा दे दिया था। वह जहां दिखते हैं, वहां होते नहीं और जहां होते हैं, वहां दिखते नहीं। राजनीति में उनका एक ही सिद्धांत है कि उन्होंने कभी किसी सिद्धांत को नहीं माना। शरद पवार मुट्ठी में बंद रेत की तरह हैं। कब फिसल जाएंगे, पता नहीं। दूसरे हैं, उद्धव ठाकरे। उन्होंने अपने पिता

और पार्टी के संस्थापक के बनाए सिद्धांतों को तिलांजलि देकर सत्ता पाई है। बाल ठाकरे इस पक्ष में नहीं थे कि परिवार का कोई व्यक्ति सरकार में जाए। हिंदुत्व उनका एकमात्र आधार था। उद्धव ने दोनों को छोड़ने में कोई संकोच नहीं किया। विपक्षी एकता एक मरीचिका है, जिसका पीछा करते हुए न जाने कितने नेता और पार्टियां खत्म हो गईं। देश के मतदाता ने 1989 से 2014 तक 25 साल केंद्र में गठबंधन की राजनीति का प्रयोग किया और फिर तौबा कर लिया। विपक्षी एकता का प्रयोग उस दौर में चला, जब सत्ता की स्वाभाविक पार्टी कांग्रेस अपनी ढलान पर थी। जैसे-जैसे वह लुढ़कती गई, विपक्षी एकता का प्रयोग सफल होने लगा। ममता और दूसरे विपक्षी दल यह नहीं समझ रहे हैं कि ढलती कांग्रेस के खिलाफ दलों को एकजुट करना जितना आसान था, चढ़ती भाजपा के खिलाफ उतना ही कठिन है। भाजपा अभी अपनी विकास यात्र के शिखर नहीं पहुंची है। भाजपा छह दशक से ज्यादा समय के संघर्ष से यहां तक पहुंची है। भाजपा और आरएसएस की पीढ़ियां इस यात्र में खपी हैं। भाजपा और संघ, दोनों ही आज ऐसे लोगों की वजह से उस स्थान पर पहुंचे हैं, जिन्होंने अपने लिए कभी कुछ नहीं चाहा। वे एक विचारधारा को लेकर चले और उस पर तमाम झंझावातों के बावजूद टिके रहे। ऐसी पार्टी से ममता की जेबी पार्टी मुकाबला भी कैसे कर सकती है? जीतने की तो बात ही छोड़िए।

तृणमूल कांग्रेस की विचारधारा क्या है? राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर उसकी सोच क्या है? ममता पार्टी की स्थापना के दिन से ही पार्टी की अध्यक्ष हैं। ममता की बात ही पार्टी का संविधान है। वह नरेन्द्र मोदी और भाजपा को अधिनायकवादी और जनतंत्र विरोधी बता रही हैं। भारतीय राजनीति की इससे बड़ी विडंबना और क्या हो सकती है? कमाल तो यह है कि माओ, स्टालिन जैसे तानाशाहों, जिन्होंने लाखों लोगों की हत्या करवा दी, उनके समर्थक और अनुयायी भी मोदी को बहुत बेशर्मी से तानाशाह और जनतंत्र विरोधी कहने का दुस्साहस करते हैं। पहली बात तो ममता और उनके राजनीतिक सलाहकारों को यह समझ लेना चाहिए कि कांग्रेस के बिना विपक्षी एकता की गाड़ी हमेशा एक पहिए की रहेगी। कांग्रेस विपक्ष की एकमात्र पार्टी है जिसका राष्ट्रीय जनाधार है। बाकी सभी पार्टियों का अपने प्रदेश से बाहर कोई प्रभाव नहीं है। ममता अपने राज्य से बाहर किसी पार्टी के जनाधार में एक वोट का इजाफा नहीं करवा सकतीं।

मिले जो सबक

कुन्नूर में हुए हेलीकॉप्टर हादसे में पहले सीडीएस जनरल बिपिन रावत, उनकी पत्नी और सैन्य अधिकारियों की मौत बेहद दुखद है। पर्याप्त सावधानी और तैयारी के बावजूद हुआ यह हादसा विस्तृत जांच की मांग करता है। सेना इसकी विस्तार से जांच करेगी और इसके कारण भले ही बहुत स्पष्ट रूप से देश के सामने न आएं, लेकिन सेना को इतना तो सुनिश्चित करना ही होगा कि ऐसे हादसे की नौबत फिर न आए। अफसोस, उतरने से कुछ ही देर पहले बीच जंगल में यह हादसा हुआ है, जिसमें पांच से अधिक सैन्य अधिकारियों की जान चली गई है। यह एक ऐसा हादसा है, जिसकी चर्चा आने वाले कई दशकों तक होती रहेगी। ऐसे हादसे न केवल इतिहास को नया मोड़ देते हैं, जरूरी सुधार के लिए विवश भी करते हैं। यह देखने वाली बात है कि क्या एमआई-17 देश का सबसे सुरक्षित हेलीकॉप्टर है? क्या यह सच है कि इस ब्रांड के हेलीकॉप्टर छह से अधिक बार परेशानी का कारण बन चुके हैं या दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं? क्या यह सही है कि चालीस से ज्यादा लोगों की मौत इससे जुड़े हादसों में पहले हो चुकी है? अब विश्वसनीय माने जाने वाले इस हेलीकॉप्टर की गुणवत्ता को नए सिरे से जांच लेना चाहिए। क्या यह हवाई वाहन सेवा के लिए मुफीद है?

भारत की गणना दुनिया में सक्षम अर्थव्यवस्थाओं में होने लगी है, हम सैन्य मामलों में भी कतई अभावग्रस्त नहीं हैं। अतः देश में विशेष रूप से विशिष्ट लोगों की सुरक्षा और संसाधनों से कोई समझौता नहीं करना चाहिए। हवाई उड़ानों या कहीं पहुंचने की जल्दी से ज्यादा जरूरी है सवारियों की सुरक्षा। हवाई यात्राओं को दुनिया में सबसे सुरक्षित यात्राओं में गिना जाता है, क्योंकि इन यात्राओं की सुरक्षा को सोलह आना सुनिश्चित करने का प्रावधान तय है! क्या इस हादसे में सुरक्षा संबंधी किसी प्रावधान से समझौता किया गया था? मामला सेना का है, तो उसे अपने ही स्तर पर जिम्मेदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। सेना की कमियों पर गोपनीयता की यथोचित चादर स्वाभाविक है, लेकिन सेना अपनी सुरक्षा ऐसी रखे कि किसी के लिए उंगली उठाने की गुंजाइश न रहे। समय के साथ एकाधिक पुराने या खटारा होते विमानों को विदा किया गया है और नए विमानों को बेड़े में शामिल किया गया है। अब जरूरी है कि उन विमानों या हेलीकॉप्टरों को भी परखा जाए, जिनका उपयोग सेना अपने आवागमन के लिए करती है। भारत विशाल देश है और तरह-तरह की सीमाओं से घिरा है। कहीं बर्फ की चादर है, तो कहीं ठोस पहाड़ियां, तो कहीं घने जंगल, तो कहीं विशाल सागर। ऐसे तमाम मोर्चों पर सैन्य अधिकारियों को जाना पड़ता है और उनकी यात्राओं में पहले की तुलना में ज्यादा इजाफा हुआ है। सेना की सक्रियता इसलिए भी बढ़ी हुई है, क्योंकि भारत एकाधिक सीमाओं पर सीधे तनाव के रूबरू है।

अब समय आ गया है, जब कोताही की रत्ती भर गुंजाइश न छोड़ी जाए। एक-एक भारतीय का जीवन बहुमूल्य है और उसमें भी एक-एक जवान का जीवन तो अनमोल है। सरकार को पूरी तैयारी के साथ सामने आना चाहिए और देश को आश्वस्त करना चाहिए कि ऐसे हादसे फिर नहीं होंगे। जिन अधिकारियों की मौत हुई है, उन्हें हम तभी सच्ची श्रद्धांजलि दे पाएंगे, जब हम इस हादसे से जरूरी सबक लेंगे और अपने आपको को पहले की तुलना में ज्यादा मजबूत करेंगे।

किसान आंदोलन से मिले क्या-क्या सबक?

आम किसानों के बीच व्यापक सहमति बनाए बगैर तीन कृषि कानून लाने का ही नतीजा यह हुआ कि कृषि क्षेत्र में सुधार की एक महत्वपूर्ण कोशिश नाकाम हो गई। लेकिन इस नाकामी से कृषि में सुधार की जरूरत कम नहीं हुई है। इस जरूरत से आंखें मूंदना किसी के लिए भी हितकर नहीं होगा।

केंद्र सरकार की ओर से भेजे गए लिखित प्रस्तावों के कुछ बिंदुओं पर बनी अनिश्चितता दूर किए जाने के बाद अब यह तय हो गया है कि किसानों संगठन आंदोलन वापस ले लेंगे। गुरुवार को इसका औपचारिक एलान होने के बाद पिछले एक साल से सड़कों पर बैठे किसान अपने गांव-घर को लौट जाएंगे। निश्चित रूप से यह हर किसी के लिए राहत की बात होगी। अपने खेत और घर-परिवार से दूर रहना इन किसानों के लिए आसान नहीं था। राजधानी के लोगों के लिए भी खास सड़कों का बाधित रहना कई तरह की असुविधाएं पैदा कर रहा था।

सरकार के लिए भी किसानों के आंदोलन के चलते असुविधाजनक हालात बने हुए थे। आंदोलन वापसी की यह स्थिति थोड़ी और पहले बन सकती थी। देखा जाए तो प्रधानमंत्री द्वारा तीन कृषि कानूनों की वापसी का एलान ही निर्णायक बिंदु था। उसके बाद यह स्पष्ट हो गया था कि अब बाकी बातें तय कर ली जाएंगी और आंदोलन वापस हो जाएगा। इन बातों के तय होने में हुई देर इस बात का सबूत है कि सरकार और किसान संगठनों के बीच अविश्वास काफी बढ़ा हुआ था। सरकार कह रही थी कि किसानों के खिलाफ दर्ज किए गए मामले वापस ले लिए जाएंगे, पर किसान संगठनों को उस पर यकीन नहीं हो रहा था। किसी भी लोकतंत्र में यह स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण कही जाएगी। इसका कारण चाहे जो भी हो, एक लोकतांत्रिक देश में जनता के वोटों से चुनी सरकार और जनता के किसी समूह के बीच इस तरह का अविश्वास नहीं होना चाहिए। ऐसे अविश्वास की जड़ में संवादहीनता होती है। इस लिहाज से देखा जाए तो किसान आंदोलन की एक महत्वपूर्ण सकारात्मक भूमिका बनती है। एक साल तक चले इस आंदोलन ने उत्तर भारत के एक बड़े हिस्से के किसानों को उनके नेताओं से जोड़ा है। अब यह नेतृत्व सरकार के साथ सतत संवाद बनाए रखते हुए सरकार और किसानों के बीच पुल का काम कर सकता है। आम किसानों के बीच व्यापक सहमति बनाए बगैर तीन कृषि कानून लाने का ही नतीजा यह हुआ कि कृषि क्षेत्र में सुधार की एक महत्वपूर्ण कोशिश नाकाम हो गई। लेकिन इस नाकामी से कृषि में सुधार की जरूरत कम नहीं हुई है। इस जरूरत से आंखें मूंदना किसी के लिए भी हितकर नहीं होगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि बदले हालात में सभी पक्ष खुले दिल-दिमाग से बातचीत की प्रक्रिया जारी रखते हुए आपसी सहमति की ठोस जमीन तैयार करेंगे और फिर कृषि क्षेत्र में सुधार का वह अजेंडा आगे बढ़ाया जाएगा, जो फिलहाल अधूरा रह गया है।

तेजप्रताप बोले-महुआ से चुनाव लड़ूंगा

सुनकर रो पड़े राजद विधायक

मुकेश रोशन बोले- जो पार्टी चाहेगी वही करूंगा, उसके बाद फूट-फूट कर रोने लगे

हाजीपुर। लालू यादव के बड़े बेटे और बिहार सरकार के पूर्व मंत्री तेजप्रताप यादव ने कहा है कि 'अगर महुआ की जनता चाहेगी तो मैं फिर से यहां से विधानसभा का चुनाव लड़ूंगा।' तेजप्रताप के बयान के बाद महुआ से वर्तमान राजद विधायक मुकेश रोशन ने कहा कि 'पार्टी का जो फैसला होगा उसे मानूंगा।' उसके बाद वो बीच सड़क पर फूट-फूट कर रोने लगे। दरअसल, तेजप्रताप रविवार को हाजीपुर में एक अस्पताल का उद्घाटन करने जोहरी बाजार पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने मीडिया

कर्मियों से बात करते हुए कहा, 'मैंने महुआ में सड़क,अस्पताल का निर्माण कराया है। अगर महुआ की जनता चाहेगी तो मैं 2025 में यहीं से चुनाव लड़ूंगा। ये मेरा पुराना विधानसभा क्षेत्र है।' हाजीपुर में तेजप्रताप यादव ने सीएम नीतीश कुमार की महिला संवाद यात्रा पर तंज कसा है। उन्होंने कहा है कि बिहार में लूट, हत्या और रेप की घटनाएं हो रही हैं। नीतीश कुमार की यात्रा से कोई फायदा नहीं होने वाला है। उन्होंने यह भी कहा कि सीएम महिलाओं का अपमान करते हैं। तेजप्रताप ने कहा, 'बिहार की स्वास्थ्य व्यवस्था बदत्तर हो गई है। स्वास्थ्य मंत्री की स्थिति डांवाडोल है। इसी को लेकर मरीज सरकारी अस्पताल में इलाज करवाने के लिए जाना नहीं चाहते और सभी प्राइवेट अस्पतालों की तरफ जा रहे हैं।' उन्होंने कहा कि लोग सरकारी अस्पताल छोड़कर प्राइवेट अस्पताल में इलाज कराए। तेज प्रताप ने दावा किया है कि जिस तरीके से झारखंड चुनाव के नतीजे देखने को मिले हैं, वैसा ही स्थिति बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में देखने को मिलेगा। बिहार में भी चुनाव जीतेंगे। तेज प्रताप यादव वर्तमान में समस्तीपुर के हसनपुर के विधायक हैं। तेज प्रताप यादव महुआ सीट से 2015 में चुनाव जीते थे। उन्हें 66,927 वोट मिले थे। वहीं 2020 विधानसभा चुनाव में तेज प्रताप यादव ने हसनपुर से चुनाव लड़ा। वहीं, नीतीश कुमार की महागठबंधन सरकार में तेज प्रताप यादव को स्वास्थ्य मंत्री का पद भी मिला था। बता दें कि 2020 में राजद विधायक मुकेश रौशन ने वहां से चुनाव लड़ जीत हासिल की थी। मुकेश रोशन को 62,580 वोट मिले थे, जो तेज प्रताप यादव से 4,347 हजार कम थे। अब जानिए, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी 15वीं यात्रा के दौरान क्या करेंगे सीएम नीतीश कुमार की महिला संवाद यात्रा को लेकर कैबिनेट सचिवालय ने सभी डीएम, कमिशनर, आईजी, डीआईजी, एसपी, एसएसपी को पत्र जारी किया गया है।

पटना में युवक की पीट-पीटकर हत्या

पटना। सिटी के मालसलामी थाना क्षेत्र के पत्थर घाट गांव में अपराधियों ने एक ठेला चालक युवक मोहम्मद शकील (28) की ईट-पत्थरों से कुचकर हत्या कर दी। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस ने घटनास्थल परX FSL टीम की मदद से जांच भी शुरू कर दी है। घटना की पुष्टि करते हुए मालसलामी थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान चौक थाना क्षेत्र के मंगल तालाब निवासी मोहम्मद शकील के रूप में हुई है। कल रात से ही लापता था शकील मोहम्मद शकील के भाई मोहम्मद खुर्शीद ने बताया कि वह उनका छोटा भाई था। मां-पिता के निधन के बाद मोहम्मद शकील ठेला चलाकर भरण पोषण

करता था। मोहम्मद शकील की शादी नहीं हुई थी। उसे शराब का लत था। हत्या का कारण पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि कल रात से ही वह लापता था। सोमवार की सुबह उन्हें सूचना मिली कि मोहम्मद शकील की हत्या के बाद उसके शव को फेंक दिया गया है। घटनास्थल पर पहुंचकर उन्होंने मोहम्मद शकील की पहचान की। उन्होंने कहा कि अपराधियों के द्वारा मोहम्मद शकील की बुरी तरह पिटाई के बाद हत्या कर दी गई है।

4 दोस्त नई कार की पार्टी करने निकले,2 की मौत

हाजीपुर। सोनपुर में सड़क हादसे में दो दोस्तों की मौत हो गई, जबकि दो की हालत गंभीर है। चारों एक कार से पार्टी करने पटना गए थे। लौटने के दौरान पटना-सोनपुर बायपास पर लालू यादव चौक के पास कार ने खड़े ट्रक में टक्कर मार दी। एक्सीडेंट में कार के परखच्चे उड़ गए। स्थानीय लोगों की माने तो गाड़ी की जो हालत है, उसे देखकर लगता है कि रफ्तार 100 से ज्यादा की रही होगी। घटना रविवार की रात करीब 12 बजे की। वहीं घायलों को पटना पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। हादसे में मारे गए पहलेजा थाना के कश्मर गांव निवासी लक्ष्मण भगत के बेटे अमन कुमार(27) ने नई

कार खरीदी थी। इसी की पार्टी करने वो अपने तीन दोस्तों के साथ कार से पटना गया था। लौटने के दौरान ये हादसा हुआ। मृतकों में अमन का दोस्त और शिव साह का बेटा जीतू कुमार (28) भी है। जीतू की मां बसंती देवी ने बताया कि 'दो महीने बाद उसकी शादी होने वाली थी। सब कुछ फिक्स था। पैसे की बात बाकी थी। मेरा बेटा गाड़ी चलाता था। जीतू और हम हम मिलकर घर चलाते थे। मेरे ऊपर 7 लाख का कर्ज है। जीतू बोलता था, वो सारा कर्ज खत्म कर देगा। अब कर्ज कौन खत्म करेगा।'कार की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आगे बैठे दो दोस्त की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों का शव दुर्घटनाग्रस्त कार में ही फंस गया था। जिसे निकालने में प्रशासन को 2 घंटे से ज्यादा का समय लगा। 7 दिसंबर को अमन ने खरीदी थी कार अमन कुमार ने 7 दिसंबर को काले रंग की सेकेंड हैंड वरना कार खरीदी थी। जिसे लेकर वो काफी खुश था। कार से ही दोस्तों के साथ पार्टी करने घर से पटना की तरफ निकला था। वहीं वापस लौटने के दौरान लालू यादव चौक के पास सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।

दिल्ली-शिलॉन्ग फ्लाइट की पटना एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग

पैसेंजर बोले- बीच हवा बर्ड हिट के कारण टूटा विंडशील्ड; विमान हिलने लगा था

पटना। दिल्ली से शिलॉन्ग जा रही फ्लाइट की पटना एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई है। बर्ड हिट के कारण पटना एयरपोर्ट पर विमान को उतारा गया। विमान के सभी 80 यात्री सुरक्षित हैं। नई दिल्ली से रG-2950 फ्लाइट ने सुबह 7.03 बजे उड़ान भरी थी। सुबह 10.02 बजे इसे शिलॉन्ग पहुंचना था, लेकिन पायलट को अचानक विंडस्क्रीन में दरार दिखी। जिस वक्त पायलट ने इसे देखा, उस समय विमान पटना से गुजर रही थी। इसके बाद पायलट ने ट्रैफिक कंट्रोल को जानकारी दी और पटना एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग की इजाजत मांगी। जिसके बाद विमान को उतारा गया। पैसेंजर्स ने काफी देर तक पटना एयरपोर्ट पर इंतजार किया। अब सभी को पटना के होटल में शिफ्ट किया जा रहा है। भास्कर से बात करते हुए एक यात्री देवाशीष चक्रवर्ती ने बताया कि

फ्लाइट हिल रही थी। समझ आ गया था कि कुछ तो हुआ है। फिलहाल होटल जा रहे हैं।इसी फ्लाइट से सफर कर रहीं श्वेता ने बताया कि 'मुझे गुवाहाटी जाना था। फ्लाइट आसमान में थी तभी कोई चिड़िया टकरा गई, जिससे विनशील्ड में क्रैक आ गया। जिसके बाद सभी पैसेंजर्स को इसकी सूचना दी गई। पटना में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई है। अब देखिए कब तक एयरलाइंस वाले दूसरी फ्लाइट कराते हैं।' वहीं जयपुर के रहने वाले नितेंद्र मित्तल ने बताया कि 'हवा में ही सूचना मिली कि पायलट का विंडशील्ड क्रैक हो गया है। इसके कारण पटना में इमरजेंसी लैंडिंग कराई जा रही है। फिलहाल सारे पैसेंजर्स सेफ हैं। हमें अभी होटल ले जाया जा रहा है।' रोहित यादव ने बताया कि 'घटना की जानकारी एयरक्राफ्ट में ही मिल गई थी। अब हमें होटल ले जा रहे हैं। कहा गया है कि दूसरी फ्लाइट से आगे हम लोगों को भेजा जाएगा।' ढाई घंटे एयरपोर्ट पर रुके पैसेंजर्स स्पाइसजेट के विमान में 80 यात्री थे। जो इमरजेंसी लैंडिंग के बाद करीब 2 घंटे 30 मिनट तक एयरपोर्ट पर ही रुके। फिर उन्हें होटल भेजा गया। फिलहाल मुंबई से विंडशील्ड मंगाया जा रहा है। विंडशील्ड चेंज होने के बाद फ्लाइट के समय की जानकारी यात्रियों को दी जाएगी।

रिसेप्शन पार्टी में हर्ष फायरिंग, एक व्यक्ति जख्मी

कटिहार। के नगर थाना क्षेत्र के कुलीपाड़ा में शादी की रिसेप्शन पार्टी के दौरान हर्ष फायरिंग में एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल की पहचान राम भजन शर्मा(40) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि उसके पैर में गोली लगी है। घटना के बाद उसे तुरंत कटिहार मेडिकल कॉलेज लाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार शादी के जश्न के दौरान हुई, अचानक गोली चलने की आवाज सुनाई दी। इसके बाद रिसेप्शन में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दिया और लोगों से पूछताछ भी की। गोली लगने से एक व्यक्ति हुए जख्मी पार्टी में मौजूद मनोज कुमार ने बताया कि उनके छोटे भाई की शादी थी, जिस कारण सभी व्यस्त थे। इस दौरान गोली चलने की आवाज सुनने के बाद पता चला कि एक व्यक्ति घायल हो गया है। उन्होंने घटना के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं होने की बात कही। आरोपी की पहचान नहीं स्थानीय निवासी सैफ अंसारी ने

बताया कि मोहल्ले में गोली चलने की आवाज सुनकर वे मौके पर पहुंचे। वहां पुलिस को जांच करते देखा। गोली किसने और कैसे चलाई, इस बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है। जांच में जुटी पुलिस पुलिस के अनुसार यह घटना देर रात हुई। फिलहाल घायल का इलाज जारी है और शादी के घरवालों से पूछताछ की जा रही है। मामले की विस्तृत जांच जारी है। कटिहार के नगर थाना क्षेत्र के कुलीपाड़ा में शादी की रिसेप्शन पार्टी के दौरान हर्ष फायरिंग में एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल की पहचान राम भजन शर्मा(40) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि उसके पैर में गोली लगी है। घटना के बाद उसे तुरंत कटिहार मेडिकल कॉलेज लाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

संक्षिप्त डायरी

98 लाख रुपए की लागत से पुस्तकालय का होगा जीर्णोद्धार

समस्तीपुर। के मगरदही में स्थित शिवशंकर नवल किशोर विशिष्ट पुस्तकालय को जिले का केन्द्रीय पुस्तकालय के रूप में विकसित किया जाएगा। पुस्तकालय के नए भवन का निर्माण होगा। साथ ही यहां नई पुस्तकों का भी भंडारण किया जाएगा। इसके लिए सरकार की तरफ से 98 लाख रुपए का टेंडर दिया गया है। टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण होते ही पुस्तकालय के जीर्णोद्धार का काम शुरू होगा। स्थानीय विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन जानकारी देते हुए बताया कि शहर में दो पुस्तकालय संचालित है। लेकिन दोनों की स्थिति काफी दयनीय हैं। शहर के मगरदही और पेठिया गाछी नवजीवन क्लब में पुस्तकालय चलता है। सरकार ने शहर के मगरदही स्थित पुस्तकालय के जीर्णोद्धार के लिए निविदा निकाली है। पुस्तकालय के जीर्णोद्धार के लिए वह लगातार विधानसभा में इस मुद्दा को उठा रहे थे। उनके प्रयास और संघर्ष के कारण इस योजना को मूर्त रूप दिया जा सका है ' इस दौरान वह पुस्तकालय पहुंचकर पुस्तकालय की स्थिति का जायजा भी लिया। बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड की ओर से 98 लाख रुपए की लागत का निविदा आमंत्रित की गई है पुस्तकालयों का होना समाज के विकास में अहम भूमिका निभाता है पुस्तकालय न केवल ज्ञान का भंडार होता है, बल्कि वे सामाजिक समरसता और सामूहिक जागरूकता को भी बढ़ावा देते हैं ' समस्तीपुर में जहां लंबे समय से सार्वजनिक पुस्तकालयों की कमी और उपेक्षा रही है।अब उनके अथक प्रयास से इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ा रहा है ' इससे जिले के लोग लाभान्वित होंगे ' यह पहल समस्तीपुर जिला में ह्यपुस्तकालय संस्कृतिह्न को सशक्त करने और शिक्षा के प्रसार को बढ़ावा देने की दिशा में मिल का पत्थर साबित होगा।

शादी के 10 दिन बाद प्रेमी के साथ दुल्हन फरार

मुजफ्फरपुर। में शादी के 10 दिन बाद दुल्हन बॉयफ्रेंड के साथ ससुराल से आठ लाख रुपए के गहने और दो लाख रुपए नगद लेकर फरार हो गई है। घटना को लेकर दूल्हे ने काजी मोहम्मदपुर थाना में FIR दर्ज करवाया है। जिसके बाद पुलिस दुल्हन और उसके बॉयफ्रेंड की तलाश में जुट गई है। पीड़ित दूल्हा राहुल कुमार ने बताया कि 25 नवंबर को वैशाली जिले के गंगाब्रिज थाना के एक गांव में उसकी शादी हुई थी। शादी के दस दिनों तक सब ठीक ठाक चला। पांच दिसंबर को वो काम पर चला गया और उसकी मां सब्जी लेने के लिए घर से बाहर निकली। इसी बीच दोपहर एक बजे के करीब दुल्हन लापता हो गई। जब मां सब्जी लेकर घर लौटी तो दुल्हन घर पर नहीं मिली। मां ने कॉल करके इसकी जानकारी मुझे दी। जानकारी मिलते ही मैं काम छोड़ घर लौटा। काफी खोजबीन की गई, लेकिन दुल्हन का पता नहीं चला। घर में छानबीन हुई तो पता चला कि दुल्हन को जो शादी में गहने मिले थे। वो उस गहने के साथ मां के भी गहने अपने साथ लेकर भाग निकली। आलमारी खोलकर देखने के बाद पता चला कि दो लाख रुपए कैश भी गायब है। जिसके बाद इस मामले में पता लगाया कि तो मालूम चला कि वो शादी से पहले भी एक बार अपने प्रेमी राजापाकड़ निवासी सत्यम के साथ भाग चुकी थी। मायके वालों ने किसी तरह वापस लाने के बाद उसकी शादी कराई। दूल्हा ने आगे बताया कि वो अपनी पत्नी को लाने के लिए उसके प्रेमी सत्यम के घर पहुंचा तो पता चला कि उसका पूरा परिवार घर छोड़कर फरार हो चुका है।

सीवान सदर अस्पताल में आयुष्मान कार्ड बनाने की पहल

सीवान। सदर अस्पताल में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड निशुल्क बनाए जा रहे हैं। सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक डिजिटल काउंटर पर यह सेवा उपलब्ध है। कार्ड बनवाने के लिए आधार कार्ड और राशन कार्ड में नाम होना जरूरी है। राशन कार्ड में नाम होने पर 24 घंटे के भीतर आयुष्मान कार्ड बनकर तैयार हो जाता है। आयुष्मान कार्ड से मरीजों को 5 लाख तक का निशुल्क इलाज मिलता है। इसे देशभर के बड़े अस्पतालों और निजी संस्थानों में इलाज के लिए उपयोग किया जा सकता है। गरीब वर्ग के लोग इससे ऑपरेशन और जांच जैसी महंगी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। डिजिटल काउंटर से भी बनवा सकते कार्ड 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिक सिर्फ आधार कार्ड के जरिए आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। उन्हें राशन कार्ड की जरूरत नहीं होती।

तेज रफ्तार ट्रक दुकान में घुसा, चालक घायल

शेखपुरा। के बरबीघा शहर स्थित हटिया मोड़ पर सोमवार सुबह करीब 4 बजे एक अनियंत्रित हाईवा ट्रक सड़क किनारे बंद सीमेंट दुकान में घुस गया। इस घटना में दुकान और भवन को भारी नुकसान पहुंचा। , जबकि भीतर रखा सारा सामान नष्ट हो गया। नुकसान का अनुमान लाखों रुपये में लगाया गया है। घटना के दौरान ट्रक चालक वाहन के स्टीयरिंग के नीचे बुरी तरह फंस गया। सूचना मिलते ही बरबीघा थाने के सब-इंस्पेक्टर गौतम कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने शीशा तोड़कर चालक को बाहर निकाला। जिसके बाद उसे बरबीघा के रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल की पहचान नालंदा जिले के देव बिगहा गांव निवासी अभिषेक कुमार(24) के रूप में हुई। तेज रफ्तार की वजह से खोया नियंत्रण चालक ने बताया कि तेज रफ्तार के कारण वह वाहन पर नियंत्रण खो बैठा, जिससे यह हादसा हुआ। डॉक्टरों के अनुसार चालक की हालत अब खतरे से बाहर है। पुलिस ने ट्रक को किया जब्त बरबीघा थाने के पुलिस सब इंस्पेक्टर गौतम कुमार ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को जब्त कर लिया है। बताया कि वाहन से चालक को समय पर नहीं निकालने से उसकी जान जा सकती थी।

मोदी सरकार की फॉरेन डिप्लोमैसी ठीक नहीं

बिहार के पूर्व मंत्री का आरोप, बोले- ये चाहते हैं कि बांग्लादेश में कुछ ऐसा हो, जिसका असर आने वाले चुनावों पर पड़े

समस्तीपुर। केंद्र सरकार की विदेशी डिप्लोमेसी ठीक नहीं है, दुर्भावना पूर्ण है। मोदी सरकार चाहती है कि बांग्लादेश में ऐसा कुछ हो जिसका असर आने वाले चुनावों पर पड़े। केंद्र की सरकार लोगों जीवन के साथ खिलवाड़ कर रही है। सरकार बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार के मुद्दे पर पूरी तरह से फेलियर है। राष्ट्रीय जनता दल के सीनियर नेता पूर्व मंत्री सह विधायक आलोक कुमार मेहता ने रविवार की रात एक निजी कार्यक्रम में पत्रकारों से बातचीत में ये बातें कही। उन्होंने कहा है कि देश के शासक की नीयत ठीक नहीं है। मोदी सरकार देश के अंदर लोगों के बीच विभेद पैदा कर वोट की राजनीति कर रहे हैं, जिसका असर पड़ोसी देशों पर भी पड़ता है, यही वजह है कि आसपास के देशों में रह रहे भारतीय मूल के लोगों के

महापुरुषों के मूल्यों को त्यागकर भगवावादी सोच लागू कर रहे हैं

साथ वहां के लोग बदले की भावना से काम करने लगते हैं। आलोक मेहता ने कहा कि देश चलाते समय आपको देखना होगा कि आप जिस पर प्रहार कर रहे हैं, उनकी भावना अगर भड़केगी तो क्या होगा। आप जिनका पक्ष लेने की कोशिश कर रहे हैं, वे दूसरी जगह बैठे हैं, दूसरे जगह पर उनके साथ जो हो रहा है वो गलत है। वहां की सरकारों को ये बात देखनी होगी। सरकार ने अपने देश में डॉक्टरों को भी भावनाओं में बांट दिया है आलोक मेहता ने कहा कि अपने देश में डॉक्टर जैसे लोगों को भावनाओं में बांट दिया गया है, जिससे ऐसी स्थिति उत्पन्न हो जा रही है कि कोई डॉक्टर अपने यहां बोर्ड लगा दे रहा है कि जब तक तिरंगे को सलाम नहीं करोगे, तुम्हारा इलाज नहीं होगा। उन्होंने कहा कि भारत गंगा जमुना संस्कृति का देश है। यह महात्मा गांधी, त्रियार का देश है, महात्मा फुले का देश है। यहां लोहिया और कपूर्री जैसे लोग रहें हैं। मोदी सरकार पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने देश की स्वतंत्रता के बाद सियासत की शुरूआत की थी, वे पूर्व के नेताओं की तमाम मूल्यों को ध्वस्त करके भगवावादी सोच को लागू कर रहे हैं।

देश में दोपहिया वाहनों की अच्छी मांग, नवंबर में खुदरा बिक्री 11.21 प्रतिशत बढ़ी: फाडा

इस साल 32,08,719 इकाई बिक्री गई, जबकि पिछले साल इसी समय में 28,85,317 इकाई थी

नई दिल्ली ।

दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री ने नवंबर महीने में महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज की है। इस बढ़ोतरी के साथ विभिन्न श्रेणियों के वाहनों की खरीदारी में वृद्धि दर्ज की गई है। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अनुसार इस वृद्धि का मुख्य कारण अच्छे किसानी उत्पादन के आंकड़े और आर्थिक माहौल में सुधार की उम्मीद है। नवंबर महीने में दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री में 11.21 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जिसमें इस साल 32,08,719 इकाई बिक्री गई, जबकि पिछले साल इसी समय में 28,85,317 इकाई थी। इसके साथ ही यात्री वाहनों की बिक्री में कुछ गिरावट भी दर्ज की गई है, जो विभिन्न चुनौतियों का सामना कर रही है। फाडा के अध्यक्ष ने इस संकेत को बताया कि ग्रामीण बाजारों से थोड़ी सी सहायता मिली है, लेकिन विवाह संबंधी बिक्री में कुछ कमी दर्ज हुई है। इस बढ़ोतरी के साथ, वाणिज्यिक वाहन खंड में भी



गिरावट दर्ज की गई है, जो व्यापक आर्थिक माहौल में सुधार की उम्मीद का संकेत देती है। इस अक्टूबर में हुई त्योहारी मांग के स्थानांतरण के कारण, डीलरों के अनुसार, दिसंबर महीने का तात्कालिक परिदृश्य मिश्रित है। इसके बावजूद आने वाले महीनों में उपभोक्ता भावना में सुधार की उम्मीद है।

फिनटेक फर्म ग्राहकों को दे रही 9.5 फीसदी तक ब्याज का ऑफर

- नए जमाने की फर्में इस तरह की दे रही हैं सेवाएं

मुंबई ।

फिनटेक कंपनियां अपनी वित्तीय सेवाओं के दायरे को बढ़ाते हुए सावधि जमा (एफडी) पर ध्यान दे रही हैं। स्टेबल मनी, फ्लिपकार्ट के निवेश वाली सुपरडॉट मनी और मोबिक्विक जैसी नए जमाने की फर्में इस तरह की सेवाएं दे रही हैं जिन पर अलग-अलग परिपक्वता अवधि की सावधि जमा पर 9.5 फीसदी तक का ब्याज दिया जा रहा है। यह पहला मौका है जब फिनटेक फर्में एफडी जैसे निवेश साधनों में दिलचस्पी दिखा रही हैं।

फिनटेक फर्में लघु वित्त बैंकों, जमा स्वीकार करने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों और वाणिज्यिक बैंकों के साथ साझेदारी कर इस तरह की सेवाएं मुहैया करा रही हैं। यह एक तरह की निजी साझेदारी है जिसके लिए नियामक से लाइसेंस की जरूरत नहीं होती है। हालांकि नियमों के मुताबिक जमा बीमा एवं ऋण गारंटी निगम द्वारा सावधि जमा में 5 लाख रुपये तक का बीमा होता है। फिनटेक कंपनियों द्वारा वित्तीय सेवाओं में सावधि जमा को शामिल करने की रणनीति को आय का स्रोत बढ़ाने और मुनाफे में आने का रणनीतिक प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है। स्टेबल मनी के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि कंपनियां पिछले साल भर से सावधि जमा की पेशकश कर रही हैं ताकि उनकी आय बढ़ सके और कुछ हद मुनाफा दिख सके। इस निवेश साधन में रुचि इसलिए भी बढ़ रही है क्योंकि शेयर बाजार में उठापटक के बीच सावधि जमा पर ब्याज दर भी अच्छा मिल रहा है।

देश के कई जिलों में पेट्रोल-डीजल सस्ता, कहीं महंगा

ब्रेंट क्रूड का भाव गिरावट के साथ 71.12 डॉलर प्रति बैरल

नई दिल्ली ।

सरकारी तेल कंपनियों ने सोमवार को देशभर में पेट्रोल और डीजल के खुदरा भाव जारी कर दिए हैं। सोमवार को यूपी से बिहार तक कई जिलों में तेल की कीमतों में गिरावट दिख रही है, जबकि कुछ जिलों में तेल के दाम बढ़ गए हैं। वैसे दिल्ली-मुंबई जैसे देश के चारों महानगरों में तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। वैश्विक बाजार में भी कच्चे तेल की कीमतों में नरमी दिख रही है। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार, यूपी के गाजियाबाद जिले में पेट्रोल 12 पैसे महंगा होकर 94.70 रुपये लीटर बिक रहा है।

डीजल भी 14 पैसे गिरा और 87.81 रुपये लीटर पहुंच गया है। पड़ोस के गौतमबुद्ध नगर जिले में पेट्रोल 10 पैसे महंगा हुआ और 94.70 रुपये लीटर हो गया, जबकि डीजल 14 पैसे चढ़कर 87.81 रुपये लीटर पहुंच गया है। बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल 18 पैसे टूटकर 105.23 रुपये लीटर तो डीजल 17 पैसे गिरकर 92.09 रुपये लीटर बिक रहा है। कच्चे तेल की बात करें तो बीते 24 घंटे में इसकी कीमतों में भी गिरावट दिख रही है। ब्रेंट क्रूड का भाव गिरावट के साथ 71.12 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। डब्ल्यूटीआई भी बढ़कर 67.21 डॉलर प्रति बैरल हो गया है। वहीं दिल्ली में पेट्रोल 96.65 रुपये और डीजल 89.82 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर है।

भारत में अरबपतियों की संख्या बढ़ी, 10 साल में संपत्ति तीन गुना बढ़ी

- अमेरिका और चीन के बाद भारत का तीसरा स्थान

नई दिल्ली ।

भारत में अरबपतियों की संख्या ने एक और बड़ी ऊंचाई पर छू ली है, जैसे अमेरिका और चीन के बाद यहां अरबपतियों की सबसे अधिक संख्या है। एक रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है कि सालभर में इन धनवानों की दौलत में 42 फीसदी की वृद्धि भी हुई है। अमेरिका स्थित एक रेटिंग एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार भारत में 32 नए अरबपति इस साल जुड़े हैं। वे विभिन्न क्षेत्रों में नए सफलता के संकेत दर्शाते हैं, दिखाते हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से उभार की दिशा में अग्रसर हो रही है। टेक सेक्टर में भी अरबपतियों की संपत्ति में भयानक वृद्धि देखने को मिल रही है। इससे जुड़ी उछाल के पीछे जनरेटिव एआई, साइबर सुरक्षा, फिनटेक और रोबोटिक्स में ग्रोथ और निवेश के माध्यम से दौलत की वृद्धि हुई है। अरबपतियों का कारोबार सेक्टर में तेजी से बढ़ रहा है। चीन के संपत्ति सुधार कॉमर्शियल रियल एस्टेट पर महामारी के प्रभाव और ब्याज दरों में वृद्धि के कारण, ये क्षेत्र उस समय मुश्किल झेल रहे हैं। इस रिपोर्ट से स्पष्ट होता है कि भारत में धनिक व्यक्ति क्षमतायें और उदारीकरण के माध्यम से व्यापारिक मंच पर

अपनी मौजूदगी बनाए रख रहे हैं। यह आर्थिक विकास के दिशा सूची बनाने के लिए एक अच्छा संकेत है और भविष्य में इन अरबपतियों की संख्या में और वृद्धि की उम्मीद की जा सकती है।

अदाणी समूह राजस्थान में 7.5 लाख करोड़ का करेगा निवेश

- कंपनी पांच वर्षों के भीतर 50 प्रतिशत निवेश करेगी

जयपुर ।

अदाणी समूह ने राजस्थान में 7.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश करने की घोषणा की है। कंपनी ने कहा है कि वह पांच वर्षों के भीतर 50 प्रतिशत निवेश करेगी। यह निवेश विभिन्न क्षेत्रों में किया जाएगा जैसे ऊर्जा, हाइड्रोजन और जलविद्युत परियोजनाएं ओ दि। कंपनी के एक वे रिष्ठ अे धिकारी के अनुसार इस निवेश से राजस्थान में हरित रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे। उन्होंने बताया कि कंपनी की योजना दुनिया का सबसे बड़ा एकीकृत ऊर्जा परिवेश बनाने की है। यहां हुए राइजिंग राजस्थान शिखर सम्मेलन में अे धिकारी ने कहा कि कंपनी ने विभिन्न क्षेत्रों में इस विशाल निवेश की योजना बनाई है। इससे यह स्पष्ट होता है कि

अदाणी समूह की दृष्टि में राजस्थान में उद्यमिता और विकास के लिए अच्छी ख़बरें हैं। इस निवेश से समृद्धि की कविता और विकास की कहानी में नया अध्याय शुरू होने का इन्तजार है। आगामी समय में इस निवेश से राजस्थान को एक नया रूप मिलने के उम्मीद है।

आदित्य बिड़ला समूह राजस्थान में 50,000 करोड़ करेगा निवेश

निवेश योजना में सीमेंट, दूरसंचार, फैशन रिटेल, आभूषण कारोबार आदि शामिल

जयपुर । आदित्य बिड़ला समूह ने अपनी विभिन्न कारोबारों में राजस्थान में 50,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की घोषणा की है। समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने बताया कि इस निवेश में नवीकरणीय ऊर्जा में 6,000 करोड़ रुपये भी शामिल होगा। उन्होंने समूह की महत्वपूर्ण उपस्थिति के बारे में बताते हुए कहा कि समूह के छह व्यवसायों में सीमेंट, दूरसंचार, फैशन रिटेल, आभूषण कारोबार आदि शामिल हैं। बिड़ला ने राज्य में सीमेंट उत्पादन की बढ़ोतरी की योजना का भी खुलासा किया और बताया कि कंपनी अब एक करोड़ टन सीमेंट उत्पादन करेगी। समूह के अगले कुछ वर्षों में महत्वपूर्ण निवेश की योजना बनाने के लिए बिड़ला समूह राइजिंग राजस्थान निवेश शिखर सम्मेलन में शामिल हुए। इस घोषणा से राजस्थान की अर्थव्यवस्था को नया जीवन मिलने की उम्मीदें हैं और समूह के निवेश से राज्य में और विकास की राह खुल सकती है।

महंगाई का असर रिलायंस जियो और एयरटेल पर

टैरिफ की दरें घटाने पर विचार

नई दिल्ली । रिलायंस जिओ, एयरटेल और वोडाफोन आइडिया ने इंटरनेट रिचार्ज की दरें जुलाई माह से बढ़ा दी। इसके बाद से ही उनके उपभोक्ता कम होते चले गए। रेट तो बढ़ गये, लेकिन तीनों टेलीकॉम कंपनियों की कमाई कम हो गई। कुछ उपभोक्ताओं ने तीनों कंपनियों को छोड़कर बीएसएनल का कनेक्शन ले लिया। उपरोक्त तीनों कंपनियों को तीन माह के अंदर 1.68 करोड़ से अधिक ग्राहकों को खोना पड़ा। इसमें सबसे ज्यादा नुकसान रिलायंस जिओ को हुआ है। रिलायंस जिओ के 1.27 करोड़ उपभोक्ता घट गए। भारतीय एयरटेल के 56 लाख उपभोक्ता और वोडाफोन के 48 लाख उपभोक्ता कम हो गए। कहां रेट बढ़ा कर ज्यादा कमाई करना थी। उल्टे वह पहले की तुलना में कम हो गई। अब तीनों कंपनियां एक बार फिर से अपने टेरिफ़ पर पुनर्विचार कर रही हैं। उपरोक्त तीनों कंपनियों में इस बात पर विचार हो रहा है। इंटरनेट का प्लान इस तरीके से तैयार करें। जिससे उपभोक्ता की क्रय शक्ति भी बनी रहे। उपभोक्ता भी उसके पास बने रहें। सूत्रों के अनुसार जल्द ही तीनों कंपनियां इंटरनेट टैरिफ को कम कर सकती हैं।

स्टार्टअप इंडिया पहल: भारतीय अर्थव्यवस्था को मिली 16.6 लाख नई नौकरियां

कृत्रिम बुद्धिमत्ता और रोबोटिक्स जैसे उभरते क्षेत्र भी भविष्य में वृद्धि दर्शाते हैं

नई दिल्ली । भारत सरकार के उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के अनुसार स्टार्टअप इंडिया पहल के तहत मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स ने 55 उद्योगों में 16.6 लाख से अधिक प्रत्यक्ष नौकरियां सृजित की हैं। ये स्टार्टअप नई प्रौद्योगिकी पर अतिरिक्त काम करते हुए भारत के अर्थव्यवस्था में नये उद्यामियों को बढ़ावा देते हैं। इसमें हरित प्रौद्योगिकी 27,808 नौकरियां, नवीकरणीय ऊर्जा 41,523 नौकरियां और पेशेवर सेवाएं 94,060 नौकरियां जैसे क्षेत्र शामिल हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता और रोबोटिक्स जैसे उभरते क्षेत्र भी भविष्य में वृद्धि दर्शाते हैं। स्टार्टअप इंडिया पहल ने स्टार्टअप्स के लिए विभिन्न कार्यक्रम जैसे फंड ऑफ फंड्स, स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम, और क्रेडिट गारंटी स्कीम को प्रदान कर बिजनेस को बढ़ावा देता है। राष्ट्रीय स्टार्टअप पुरस्कार, राज्यों की स्टार्टअप रैंकिंग और इनोवेशन वीक जैसी पहल पूरे देश में समान अवसर उपलब्ध कराती हैं। इस योगदान से स्थापित होती स्टार्टअप इंडिया हब और भारत स्टार्टअप नॉलेज एक्सेस रजिस्ट्री ने स्टार्टअप्स के लिए संसाधनों और सहयोग को सुव्यवस्थित करने में सहायक साबित हुए हैं। भारत ने ग्लोबल स्टार्टअप सहयोग के लिए जी20 इंगेजमेंट ग्रुप जैसी महत्वपूर्ण पहल भी शुरू की है।

शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

मुम्बई ।

भारतीय शेयर बाजार सोमवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन दिन भर उतार-चढ़ाव के बाद बाजार टूटकर बंद हुआ। आज दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही दिग्गज कंपनियों रिलायंस इंडस्ट्रीज और उपभोक्ता उत्पादों एफएमसीजी स्टॉक्स में गिरावट से बाजार नीचे आया । दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स अंत में 200.66 अंक करीब 0.25 फीसदी नीचे आकर 81,508.46 पर बंद हुआ। वहीं पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 58. 80 तकरीब .24 फीसदी गिरावट के साथ ही 24619.00 पर बंद हुआ आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की 30 कंपनियों में हिंदुस्तान यूनिलीवर का शेयर सबसे अधिक 3 फीसदी से ज्यादा गिरकर बंद हुआ। टाटा मोटर्स, एक्सिस बैंक, नेस्ले इंडिया, एशियन पेंट्स, आईटीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, स्टेट बैंक के शेयर मुख्य रूप से नीचे आये।

वहीं दूसरी ओर एलएंडटीका शेयर 2 फीसदी से ज्यादा ऊपर आकर बंद हुआ। टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, एचडीएफसी बैंक, अदाणी पोर्ट्स, कोटक बैंक के शेयर गिरावट में रहे।

आज बाजार में गिरावट का कारण हिंदुस्तान

यूनिलीवर जैसे एफएमसीजी स्टॉक्स में हुई भारी बिकवाली है। इसके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में गिरावट से भी बाजार पर विपरीत प्रभाव पड़ा। इसके अलावा भारत और अमेरिका के सीपीआई डेटा और ईसीबी नीति जैसे प्रमुख आर्थिक आंकड़ों से पहले निवेशकों के सतर्क रुख से भी बाजार नीचे आया।

वहीं मध्य पूर्व में जारी तनाव से भी बाजार पर विपरीत प्रभाव पड़ा। इससे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के साथ-साथ इस सप्ताह भारत और अमेरिका के सीपीआई डेटा और ईसीबी नीति जैसे प्रमुख आर्थिक आंकड़ों से पहले निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। इससे पहले आज सुबह सप्ताह के पहले कारोबारी दिन बाजार की शुरुआत गिरावट से हुई। गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के कमजोर तिमाही बिक्री पूर्वानुमान के कारण एफएमसीजी शेयर फिसल गए। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 100 से ज्यादा अंकों की गिरावट लेकर 81,602.58 अंक पर खुला। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी मामूली गिरावट लेकर 24,633.90 अंक के स्तर पर खुला।

इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट के आईपीओ पर सभी की नजरें

397-417 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा किया तय

नई दिल्ली । ब्लैकस्टोन समर्थित कंपनी इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट (इंडिया) लिमिटेड ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 4,225 करोड़ रुपये का मूल्य दायरा तय किया है। इस आईपीओ में 1,475 करोड़ रुपये की नई शेयर्स बिक्री के लिए पेशकश की जा रही है। कंपनी ने बयान दिया है कि यह आईपीओ 13 दिसंबर को खुलकर 17 दिसंबर को बंद होगा। विशेषज्ञ बता रहे हैं कि यह एक बड़ा मौका है निवेशकों के लिए। बड़े (एंकर) निवेशक 12 दिसंबर को बोली लगाने के लिए अवसर पाएंगे। यह आरंभिक भागीदारी का मौका भी है। इस आईपीओ से कंपनी की वृद्धि और विकास को गति मिलेगी। नए शेयर्स के जरिए निवेशकों को भी आवास के लिए एक मौका प्राप्त होगा। इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट (इंडिया) लिमिटेड के इस आईपीओ पर निवेशकों की उत्सुकता बढ़ गई है और विश्वास है कि यह निवेशकों के लिए एक लाभकारी मौका प्रदान करेगी।

भारत में एफडीआई ने एक नया कीर्तिमान बनाया, 1 ट्रिलियन डॉलर के पार

- मायरीशस, सिंगापुर, अमेरिका, नीदरलैंड और कई अन्य देशों से आया निवेश

नई दिल्ली ।

बढ़ते चीनी टेंशन के मद्देनजर भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) ने एक नया कीर्तिमान स्थापित कर दिखाया है। अप्रैल 2000 से सितंबर 2024 के दौरान एफडीआई प्रवाह ने 1000 अरब डॉलर को पार करके 1033.40 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। यह आंकड़ा भारत को एक वैश्विक निवेशकों के लिए मुख्य निवेश स्थल के रूप में स्थिर रखता है। इस अवधि के दौरान एफडीआई से मायरीशस, सिंगापुर, अमेरिका, नीदरलैंड, जापान, ब्रिटेन, यूएई, और कई अन्य देशों से निवेश आया। इन निवेशों का मुख्य धारा वाणिज्य, कंप्यूटर सॉफ्टवेयर, दूरसंचार, आयात-निर्यात, औद्योगिक विकास, ऑटोमोबाइल, रसायनिक उत्पादन, और दवा क्षेत्र में था। इस उच्च वृद्धि के साथ भारत में एफडीआई आगे बढ़ने की उम्मीद है। दुनिया भर में कई बड़ी कंपनियां अपने व्यापार की राह देख भारत को पसंद कर रही हैं। आगे बढ़ते भारत को धीरे-धीरे एफडीआई में से क्रिय होने के संकेत हैं, जिनके पीछे चीन के राजनीतिक सीने में उठाए गए उत्पीड़न का भय का। यह वाणिज्यिक सेवाओं में सुधार, उत्पादक सेक्टर में वृद्धि, और व्यवसो यिक पर राष्ट्रीय कारोबार में व्यापारिक

आकार में हो सकता है। यह उम्मीद की जा रही है कि दुनिया भर में कंपनियां चीन से हटकर, भारत को अपनी गतिशीलता का लाभ उठाएंगी, जिससे दोनों देशों के बीच एक नए एकांकी निकलेगा। इस तरह के उत्पीड़न से अनुमानित है कि भारत में एफडीआई में और भी प्रगति होगी।

स्टार्टअप इंडिया पहल- भारतीय अर्थव्यवस्था को मिली 16.6 लाख नई नौकरियां

- कृत्रिम बुद्धिमत्ता और रोबोटिक्स जैसे उभरते क्षेत्र भी भविष्य में वृद्धि दर्शाते हैं

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत सरकार के उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के अनुसार स्टार्टअप इंडिया पहल के तहत मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स ने 55 उद्योगों में 16.6 लाख से अधिक प्रत्यक्ष नौकरियां सृजित की हैं। ये स्टार्टअप नई प्रौद्योगिकी पर अतिरिक्त काम करते हुए भारत के अर्थव्यवस्था में नये उद्यामियों को बढ़ावा देते हैं। इसमें हरित प्रौद्योगिकी 27,808 नौकरियां, नवीकरणीय ऊर्जा 41,523 नौकरियां और पेशेवर सेवाएं 94,060 नौकरियां जैसे क्षेत्र शामिल हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता और रोबोटिक्स जैसे उभरते क्षेत्र भी भविष्य में वृद्धि दर्शाते हैं। स्टार्टअप इंडिया पहल ने स्टार्टअप्स के लिए विभिन्न कार्यक्रम जैसे फंड ऑफ फंड्स, स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम, और क्रेडिट गारंटी स्कीम को प्रदान कर बिजनेस को बढ़ावा देता है। राष्ट्रीय स्टार्टअप पुरस्कार, राज्यों की स्टार्टअप रैंकिंग और इनोवेशन वीक जैसी पहल पूरे देश में समान अवसर उपलब्ध कराती हैं। इस योगदान से स्थापित होती स्टार्टअप इंडिया हब और भारत स्टार्टअप नॉलेज एक्सेस रजिस्ट्री ने स्टार्टअप्स के लिए संसाधनों और सहयोग को सुव्यवस्थित करने में सहायक साबित हुए हैं। भारत ने ग्लोबल स्टार्टअप सहयोग के लिए जी20 इंगेजमेंट ग्रुप जैसी महत्वपूर्ण पहल भी शुरू की है।

सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड योजना को बंद करने की तैयारी

सरकार ने अपने कर्ज और सकल घरेलू उत्पाद के अनुपात में कमी करने का लिया निर्णय

नई दिल्ली । केंद्र सरकार के वित्त मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2025-26 से सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड योजना को बंद करने का तैयारी कर ली है। यह योजना निवेशकों को सोने की कीमत के बराबर भुगतान और ब्याज हासिल कराती थी, जिससे सरकार का वित्तीय बोझ बढ़ जाता था। सरकार ने अपने कर्ज और सकल घरेलू उत्पाद के अनुपात में व्यापक कमी करने का निर्णय लिया है और इस कदम के साथ सोने के आयात को भी कम किया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि 2026 के बजट में कर्ज घटाने के लिए एक विस्तृत योजना प्रस्तुत की जा सकती है। वित्त वर्ष 2025 में ऋण-जीडीपी अनुपात को 56.8 फीसदी रखने की उम्मीद है, जो 2024 में 58.2 फीसदी था। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड योजना की शुरुआत 2015 में हुई थी और इसका उद्देश्य फिजिकल गोल्ड की जगह बॉन्ड में निवेश को बढ़ाना था। वित्त वर्ष 2025 में अब तक कोई नया गोल्ड बॉन्ड जारी नहीं किया गया है, जबकि पिछले वर्ष 18,500 करोड़ रुपये का लक्ष्य रखा गया था। यह कदम सरकार की दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता और राजकोषीय घाटे को नियंत्रित करने के लक्ष्य के साथ लिया गया है। यह निर्णय सरकार के वित्तीय बोझ कम करने और स्थिरता बनाए रखने के मार्ग पर एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके साथ ही इस योजना के बंद होने से सोने के आयात को भी कम किया जा सकेगा।

दक्षिण अफ्रीका डब्ल्यूटीसी प्वाइंट टेबल में पहले स्थान पर पहुंचा, जानें कैसे फाइनल में पहुंचेगा भारत

गक्बेरहा (दक्षिण अफ्रीका) (एजेंसी)। दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट के आखिरी दिन सोमवार को श्रीलंका को 109 रनों से हराकर श्रृंखला 2-0 से अपने नाम कर ली। इस जीत से दक्षिण अफ्रीका ने विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप की तालिका में पहले स्थान पर पहुंच कर फाइनल के लिए अपना दावा मजबूत कर लिया। दक्षिण अफ्रीका को अब अपनी घरेलू सरजमीं पर पाकिस्तान के खिलाफ 26 दिसंबर से शुरू होने वाली 2 मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलनी है।

रविवार को डे-नाइट टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया से हारने के बाद भारत 57.29 के पीसीटी के साथ डब्ल्यूटीसी तालिका में तीसरे स्थान पर खिसक गया था। रोहित शर्मा की टीम के पास अगले साल फाइनल के लिए दावा पेश करने के लिए मौजूदा चक्र में केवल तीन और टेस्ट हैं। अन्य प्रमुख दावेदार दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के पास क्रमशः पाकिस्तान (एच) और श्रीलंका (ए) के खिलाफ एक और श्रृंखला में है।

दक्षिण अफ्रीका बनाम श्रीलंका मैच

जीत लिए 348 रन का पीछा कर रहे श्रीलंका को मैच के पांचवें दिन जीत के लिए और 143 रन की जरूरत थी जबकि उसके पांच विकेट बचे थे। कप्तान धनंजय डिसिल्वा (50) और कुसल मेंडिस (46) की छठे विकेट की 97 रन की साझेदारी टूटने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने पुछल्ले बल्लेबाजों को बिना समय गवांए चलता कर दिया। श्रीलंका की दूसरी पारी 238 रन पर सिमट गई। वामहस्त स्पिनर केशव महाराज ने 76 रन पर पांच विकेट झटके। टेस्ट करियर में उन्होंने 11वीं बार पांच विकेट लेने का कारनामा किया है।

दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में 358 बनाने के बाद श्रीलंका को 328 रन पर आउट किया था। उसने दूसरी पारी में 317 रन बनाये। श्रीलंका को आखिरी दिन कल के नाबाद बल्लेबाज डिसिल्वा और मेंडिस से चमत्कार की उम्मीद थी। दोनों ने दिन की शुरुआत में एक समान 39 रन पर थे। दिन के सातवें ओवर में महाराज ने मेंडिस को एडेन मारक्रम के हाथों कैच कराया। डिसिल्वा अर्धशतक पूरा करने के बाद कैगिसो रबाडा की गेंद को विकेटकीपर काइल वेरिन के हाथों में खेल गए जिससे श्रीलंका की हार तय हो गयी। श्रीलंका ने छह रन के अंदर आखिरी तीन विकेट गंवा दिए।

भारत अभी भी डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए कैसे क्वालीफाई कर सकता है?

अगर भारत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बचे हुए सभी टेस्ट जीतता है, तो उसका पीसीटी 64.04 हो जाएगा। ऑस्ट्रेलिया श्रीलंका के खिलाफ 2-0 की सीरीज जीतने पर भी उस अंक

से पीछे रह जाएगा।

श्रीलंका पर दक्षिण अफ्रीका की जीत के बाद भारत दो जीत और एक ड्रॉ के साथ ऑस्ट्रेलिया से ऊपर भी रह सकता है।

यदि भारत इस श्रृंखला में एक और टेस्ट हार जाता है, तो उसका पीसीटी ऑस्ट्रेलिया से नीचे चला जाएगा और उसकी योग्यता श्रीलंका बनाम ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला के परिणामों पर निर्भर करेगी।

भारत के कुश मैनी ने फॉर्मूला2 कंस्ट्रक्टर्स चैंपियनशिप जीतकर रचा इतिहास

अबुधाबी (एजेंसी)। भारतीय ड्राइवर कुश मैनी ने यहां एफ2 कंस्ट्रक्टर्स रेस जीतकर भारतीय खेलों में नया इतिहास रचा। वह एफआईए कंस्ट्रक्टर्स विश्व चैंपियनशिप जीतने वाले देश के पहले खिलाड़ी बन गए हैं।

मैनी के लिए फार्मूला2 में यह सत्र शानदार रहा। इससे पहले वह इस रेस में पोल पोजीशन हासिल करने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने थे। मैनी ने इनविक्टा रेसिंग की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह टीम इस सत्र में पांच बार पोडियम पर पहुंची, जिसमें हंगरी में पहला स्थान हासिल करना भी शामिल है।

इस भारतीय ड्राइवर ने जेद्दा में पोल पोजीशन हासिल की थी। इस तरह से उन्होंने अपनी टीम के अभियान की शानदार नींव रखी, जिसका मैनी की पूर्व टीम कैम्पोस रेसिंग पर 34.5 अंकों के अंतर से जीत के साथ समापन हुआ।

दक्षिण अफ्रीका विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंची

मुम्बई (एजेंसी)। दक्षिण अफ्रीका की टीम आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गयी है। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम दूसरे नंबर पर खिसक गयी है। दक्षिण अफ्रीका की टीम को श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में मिली 109 रनों की जीत का

लाभ मिला है। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम रविवार को भारत को दूसरे टेस्ट में 10 विकेट से हराकर नंबर एक पर पहुंची थी पर वह इस स्थान पर 24 घंटे भी नहीं टिक पायी। अब दक्षिण अफ्रीका 63.33 प्रतिशत अंकों के साथ शीर्ष पर है। उसने श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट की घरेलू सीरीज 2-0 से जीतकर दूसरे से पहला स्थान हासिल किया। ऑस्ट्रेलिया फिलहाल 60.71 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। वहीं भारतीय टीम 57.29 प्रतिशत अंक के साथ ही तीसरे नंबर पर है।

इससे भारतीय टीम की डब्ल्यूटीसी फाइनल की राह अब और भी कठिन हो गई है। खिताबी मुकाबले में पहुंचने के लिए टॉप-2 में रहना जरूरी है। ऐसे में अगर भारतीय टीम को सीधे फाइनल में पहुंचना है तो उसे ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज के बचे तीन मैचों में जीत हासिल करनी होगी। भारतीय टीम अगर ऑस्ट्रेलिया से एक भी मैच में हारी तो समीकरण उसे अन्य टीमों के परिणामों पर भी निर्भर सहना पड़ेगा। भारतीय टीम डब्ल्यूटीसी 2023-25 चक्र की अपनी आखिरी सीरीज खेल रही है जबकि ऑस्ट्रेलिया को भारत के बाद श्रीलंका में दो टेस्ट खेलने हैं। दक्षिण अफ्रीका को पाकिस्तान के विरुद्ध दो टेस्ट खेलने हैं ऐसे में उसके पास जीतकर अपना स्थान पक्का करने का अवसर है।

एडिलेड टेस्ट में हुए विवाद को लेकर सिराज और हेड पर जुर्माना लगा सकता है आईसीसी

दुबई (एजेंसी)। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रैविस हेड पर एडीलेट टेस्ट में बहसबाजी के लिए जुर्माना लगा सकती है। एक रिपोर्ट के अनसुार इन दोनो पर ही आचारसंसहिता उल्लंघन का आरोप है पर इस मामले में इनके निलंबन की संभावना नहीं है। दोनों खिलाड़ियों को आईसीसी द्वारा दोषी पाया गया और ऐसे में इस मामले में अब इन्हें क्या सजा मिलती है ये देखना होगा।

वहीं इस घटना को लेकर हेड ने कहा, शायद यह थोड़ा आगे बढ़ गया, इसलिए मैं अपनी प्रतिक्रिया से निराश हूं, लेकिन मैं अपने लिए भी खड़ा होने जा रहा हूं। हमारी टीम में ऐसा सोचना पसंद है, हम ऐसा नहीं करेंगे। वह तरीका नहीं है जिस तरह से मैं खेल खेलना चाहता हूं और मुझे लगता है कि मेरे साथी भी ऐसे ही हैं। अगर मैं ऐसा देखता हूं, तो शायद मैं इसकी निंदा करता हूं, जो मैंने किया। वहीं सिराज ने कहा, जब आप एक अच्छी गेंद पर छक्का खाते हैं, तो यह आपको अलग तरह से परेशान करता है। जब मैंने उसे बोल्ड किया, तो मैंने केवल जश्न मनाया और उसने मुझे

अपशब्द कहे , आपने इसे टीवी पर भी देखा। मैंने सिर्फ शुरुआत में जश्न मनाया पर उससे कुछ नहीं कहा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उसने जो कहा वह सही नहीं था। हम सभी का सम्मान करते हैं, ऐसा नहीं है कि हम दूसरे खिलाड़ियों का अनादर करते हैं। मैं सभी का सम्मान करता हूं क्योंकि क्रिकेट सज्जनों का खेल है, लेकिन उसने जो किया वह सही नहीं था।

भारत 14 मार्च से एशियाई कप क्वालीफायर की तैयारी शुरू करेगा, कोच मार्केज ने लंबे शिविर की मांग की

नयी दिल्ली । भारतीय फुटबॉल टीम एएफसी एशियाई कप 2027 क्वालीफायर के लिए अपनी तैयारी 14 मार्च से राष्ट्रीय शिविर के साथ शुरू करेगी जो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के आखिरी लीग मैच के दो दिन बाद होगा। ड्रॉ की पूर्व संध्या पर भारत के कोच मनोलो मार्केज ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे को 'लंबे शिविर' का प्रस्ताव दिया। इगोर स्टिमक से पदभार संभालने के बाद मार्केज ने चार मैचों में अभी तक सफलता का स्वाद नहीं चखा है। एआईएफएफ ने एक बयान में कहा, ''अपने विपणन भागीदारों से परामर्श करने के बाद एआईएफएफ को लगा कि राष्ट्रीय शिविर इंडियन सुपर लीग 2024-25 के आखिरी लीग मैच के दो दिन बाद 14 मार्च को शुरू हो सकता है।'' 56 वर्षीय मार्केज ने कहा, ''दो दिनों तक मेरी एआईएफएफ अध्यक्ष, सीनियर अधिकारियों और एआईएफएफ के तकनीकी सदस्यों के साथ बैठकें हुईं। मुझे यकीन है कि हमने जिस तरह की तैयारियां की हैं उससे राष्ट्रीय टीम एशियाई कप क्वालीफायर में अच्छा प्रदर्शन करेगी।'' अंतिम दौर के लिए ड्रॉ सोमवार को भारतीय समयानुसार दोपहर 12.30 बजे होगा।

हरभजन ने बुमराह को मैक्ग्रा, वाल्श और एम्ब्रोस जैसा गेंदबाज बताया

नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की सराहना करते हुए उन्हें ग्लेन मैक्ग्रा , कोर्टनी वाल्श और कर्टली एम्ब्रोस जैसा गेंदबाज बताया है। हरभजन ने कहा कि कहा, बुमराह रन नहीं देते और विकेट पर गेंदबाजी करते हैं जिससे उनकी गेंबाजी खेलना काफी मुश्किल होता है। वह विरोधियों को रन बनाने के अवसर नहीं देते जिसेस बल्लेबाज उनके खिलाफ गलतियां कर देते हैं। उन्होंने कहा कि , मैकग्राथ, वॉल्श और कर्टली एम्ब्रोस भी कुछ ऐसे ही गेंदबाज थे। उन्होंने बहुत अधि विकेट लिए और बुमराह भी यही कर रहे हैं। विकेट लेने की उनकी क्षमता के कारण उनका स्ट्राइक रेट भी कम है. बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुए दोनो ही मैच में अच्छी गेंदबाजी की। पहले टेस्ट में बुमराह ने कुल 8 विकेट लिए थे। उसी कारण भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में जीत दर्ज करने में सफल रही। वहीं दूसरे टेसट में भी बुमराह ने पहली पारी में भारतीय टीम की ओर से सबसे अधिक 4 विकेट लिए थे। बुमराह इस साल टेस्ट में सबसे ज्यादा 52 विकेट विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। वह इस प्रकार एक कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारत के दूसरे तेज गेंदबाज हैं। इससे पहले ये उपलब्धि जहीर खान के नाम थी।

कप्तान को कुछ साबित करने की जरूरत नहीं, रोहित के समर्थन में आए कपिल देव

नई दिल्ली (एजेंसी)। महान क्रिकेटर कपिल देव ने सोमवार को कहा कि रोहित शर्मा की वापसी करने की क्षमता पर संदेह नहीं करना चाहिए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि आलोचनाओं से घिरे भारतीय कप्तान को अपने करियर के इस चरण में खुद को साबित करने की जरूरत नहीं है। एडीलेड में गुलाबी गेंद के टेस्ट में रोहित ने मध्य क्रम में बल्लेबाजी करते हुए तीन और छह रन बनाए थे। प्रशंसकों और पूर्व खिलाड़ियों ने नरम रुख के लिए उनकी आलोचना की थी। भारत ने ढाई दिन में मैच 10 विकेट से गंवा दिया।

कपिल ने यहां दिल्ली गोल्फ क्लब में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि उसे खुद को साबित करने की जरूरत नहीं है। वह कई वर्षों से ऐसा करता आ रहा है इसलिए हमें किसी पर संदेह नहीं करना चाहिए। मैं उस पर संदेह नहीं करूंगा। मुझे उम्मीद है कि वह फॉर्म में वापस आ जाएगा, यह

महत्वपूर्ण है। रोहित अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण शुरुआती टेस्ट में नहीं खेले थे। सलामी बल्लेबाज के तौर पर अपने अधिकांश रन बनाने के बावजूद 37 वर्षीय रोहित दूसरे टेस्ट में छठे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे जिससे लोकेश राहुल को पारी का आगाज करने का मौका मिला जिन्होंने पर्थ में टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

कपिल ने कहा कि एक या दो प्रदर्शन के आधार पर, अगर आपको किसी की कप्तानी पर संदेह है। मेरा मतलब है कि सिर्फ 6 महीने पहले जब उसने टी20 विश्व कप जीता था तो आपने यह सवाल नहीं पूछा होता। इसे जाने दीजिए, उसकी क्षमता और प्रतिभा को जानते हुए, वह वापसी करेगा। वह मजबूती से वापसी करेगा। यह पूछे जाने पर कि क्या दूसरे टेस्ट में युवा हर्षित राणा को शामिल करना एक गलती थी, कपिल ने कहा कि मैं कोई नहीं हूं। मैं कैसे फैसला कर सकता हूं? वहां ऐसे लोग हैं जिनके पास यह तय करने की जिम्मेदारी है कि टीम में किसे होना चाहिए।

रोहित की अनुपस्थिति में उपकप्तान जसप्रीत बुमराह की अगुआई में पर्थ में भारत को 295 रन से जीत दर्ज की। यह पूछे जाने पर कि क्या बुमराह रोहित से कमान संभालने के लिए अच्छी तरह से तैयार हो रहे हैं, कपिल ने कहा, ''मुझे लगता है कि इस बारे में बात करना जल्दबाजी होगी। एक प्रदर्शन के आधार पर आप यह नहीं कह सकते कि वह सर्वश्रेष्ठ है और एक खराब प्रदर्शन के आधार पर आप यह नहीं कह सकते कि वह इसके लायक नहीं हैं।

पीसीबी अब कड़ा रुख अपनाय : अफरीदी

कराची । पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने कहा है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को अब कड़ा रुख अपनाना चाहिये। अफरीदी ने कहा कि भारतीय बोर्ड (बीसीसीआई) अगर अपनी टीम चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए

नहीं भेजती तो हमें भी किसी आईसीसी टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम नहीं भेजनी चाहिये। एक कार्यक्रम में अफरीदी ने कहा कि पीसीबी को क्रिकेट संबंधों पर कड़ा रुख अपनाना होगा। इसके साथ ही उसे मजबूत निर्णय लेने के लिए आत्मनिर्भर भी बनना पड़ेगा। उन्होंने कहा, 'पीसीबी को मजबूत और आत्मनिर्भर होने के साथ ही सैद्धांतिक फैसले भी लेने चाहिए। भारतीय टीम अगर पाकिस्तान में आकर नहीं खेल सकती है तो हमें भी भारत जाकर नहीं खेलना चाहिये। गौरतलब है कि चैंपियंस ट्रॉफी अगले साल फरवरी-मार्च के बीच पाकिस्तान में होने वाली है। भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के अपने मैच पाक में खेलने से इनकार कर दिया है और उसकी जगह पर टूर्नामेंट को 'हाइब्रिड मॉडल में कराने को कहा है जिससे पीसीबी सहमत नहीं है और उसने शर्त रखी है कि उसके भारत में होने वाले आईसीसी मुकाबले भी तटस्थ स्थल पर रखे जाने चाहिये। अफरीदी ने कहा कि आईसीसी को भी अब यह तय करना है कि क्या वह केवल पैसा कमाना चाहता है या प्रत्येक सदस्य देश को क्रिकेट खेलने का पूरा अवसर देना चाहता है। अगर वह ऐसा नहीं करता तो ये विश्व क्रिकेट के लिए नुकसानदेह रहेगा।

गेंदबाजी के बाद अब बल्लेबाजी में भी छाए शमी,

मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेली 32 रन की शानदार पारी

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के वरिष्ठ तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने सोमवार को बेंगलुरु में चंडीगढ़ के खिलाफ चल रहे सैयद मुश्ताक अली प्री क्वार्टर फाइनल में बंगाल के लिए 17 गेंदों में नाबाद 32 रनों की शानदार पारी खेली। शमी ने डेथ ओवरों में चंडीगढ़ के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए तीन चौके और दो शानदार छक्के लगाए।

16वें ओवर में जब बंगाल का स्कोर 8 विकेट पर 114 रन था, तब शमी आए और उन्होंने तलवार की तरह अपना बल्ला घुमाया और विपक्षी गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाईं। उनकी पारी 188.24 के शानदार स्ट्राइक रेट से आई और उन्होंने बंगाल को मुश्किल स्थिति से 9 विकेट पर 159 रन तक पहुंचाया। शमी बंगाल के लिए खेल में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे, जबकि करण लाल ने 25 गेंदों में 33 रन की पारी खेली। प्रदीप्त प्रमाणिक ने 24 गेंदों पर 30 रन बनाए, जबकि रितिक चटर्जी ने 12 गेंदों पर 28 रन बनाए, जिसमें चंडीगढ़ द्वारा पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद बंगाल ने 159 रन बनाए।

शमी के ऑस्ट्रेलिया में चल मौजूदा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के अंतिम दो टेस्ट के लिए उपलब्ध होने की संभावना है। हालांकि अनुभवी खिलाड़ी को अभी भी एनसीए की मेडिकल टीम से फिटनेस क्लीयरेंस नहीं मिली है, जो 'औपचारिकता का मामला' है। सैयद मुश्ताक अली टी20 खेलते समय उनके घुटने में फिर से सूजन आ गई, जो जाहिर तौर पर टेस्ट मैच खेलने के लिए उनकी तैयारी में बाधा डाल रही है। एक साल की चोट के बाद वापसी करने के बाद शमी ने 8 एसएमएटी टी20 मैचों के अलावा रणजी ट्रॉफी के एक मैच में 42 ओवर गेंदबाजी की।

आकाश दीप को मिल सकता है बचे हुए मैचों में अवसर

एडिलेड । युवा तेज गेंदबाज आकाश दीप को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर क्रिकेट सीरीज के बचे हुए मुकाबलों में खेलने का अवसर मिल सकता है। आकाश दीप ने टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण के बाद से ही प्रभावित किया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरुआती दो मैचों में उन्हें अंतिम ग्यारह में जगह नहीं मिल पायी है। आकाश दीप ने अपने टेस्ट करियर में कुल 10 विकेट लिए हैं, जिसमें से 8 बार उन्होंने बाएं हाथ के बल्लेबाजों का शिकार किया है। ऐसे में वह ट्रेविस हेड सहित बाएं हाथ के बल्लेबाजों के लिए मुसीबत बन सकते हैं। पिछले कुछ समय से हेड भारतीय टीम की हार के लिए जिम्मेदार रहे हैं फिर चाहते वह गत वर्ष हुए एक दिवसीय विश्वकप को लें या पिछल साल हुआ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल। इन दोनो में ही हेड ने बड़ी पारियां खेलकर अपनी टीम को जीत दिलायी थी। इसके बाद भी भारतीय टीम अभी तक हेड के खिलाफ प्रभावी रणनीति नहीं बना पायी है। ऐसे में अगर अकाश दीप मैदान पर उतरते हैं तो मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर से काम का बोझ भी कम होगा।

पहली बाजी गंवाने के बाद मैंने मानसिक मजबूती दिखाकर पलटवार किया: डी गुकेश

सिंगापुर (एजेंसी)। भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने विश्व शतरंज चैंपियनशिप के 11वें दौर में गत चैंपियन डिंग लिरेन को हराने के बाद रविवार को यहां कहा कि पहली बाजी गंवाने के बाद उन्होंने मानसिक मजबूती दिखाई जिससे वह पलटवार करके वापसी करने में सफल रहे। गुकेश ने यहां संवाददाताओं से कहा,''पहली बाजी में हार झेलने के बाद मुझे मानसिक मजबूती दिखाने की जरूरत थी। विश्व चैंपियनशिप की पहली बाजी गवाना अच्छा नहीं माना जा सकता है लेकिन मैंने पलटवार किया और इसके बाद अच्छी शतरंज खेली।''

गुकेश पहली बाजी हार गए थे लेकिन उन्होंने तीसरी बाजी जीत कर मुकाबला बराबरी पर ला दिया था। इसके बाद लगातार सात बाजी ड्रॉ रही लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने अब 6-5 की बढ़त हासिल करके खिताब की तरफ मजबूत कदम बढ़ा दिए हैं। उन्होंने कहा कि वापसी करवाने में उनकी टीम की भूमिका बहुत अहम रही और जोखिम उठाने का अपने फायदा मिला।

भारतीय खिलाड़ी ने कहा, ''इस बीच मुझे वापसी दिलाने के लिए मेरी टीम ने बहुत अच्छा काम किया। मैं यही सोच रहा था कि यह मुकाबला बेहद दिलचस्प है और मुझे जोखिम उठाने का भी फायदा मिला क्योंकि इससे मैंने उसे निश्चित तौर पर हैरानी में डाल दिया।'' गुकेश ने यह मानने से इनकार कर दिया कि चीन का खिलाड़ी 11वीं बाजी में भी ड्रॉ के लिए खेल रहा था। उन्होंने कहा, ''मैं नहीं मानता कि मेरा प्रतिद्वंदी अंक बांटने के लिए खेल रहा था। इस मुकाबले में वह भी कुछ अवसरों पर बेहतर स्थिति में था। यह 14 दौर का मुकाबला है और आप शुरू में ही इसे टाइब्रेक तक ले जाने की योजना नहीं बना सकते हैं क्योंकि शतरंज में गलतियां हमेशा होती हैं। यह मुकाबला अभी तक उतार चढ़ाव वाला रहा है।

शमी पूरी तरह फिट होने के बाद ही वापसी करें : रोहित

एडिलेड । ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट में भारतीय टीम की हार के बाद तेज गेंदबाज मो शमी को बचे हुए तीन टेस्ट मैचों के लिए टीम में शामिल किये जाने की मांग उठ रही है। इसी को लेकर भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि शमी जब भी चाहें टीम में शामिल हो सकते हैं पर मेरा मानना है कि उन्हें पूरी तरह से फिट होने के बाद ही टीम में शामिल होना चाहिये। टीम उनको शामिल करने को लेकर किसी तरह की जल्दबाजी नहीं चाहती है। उन्होंने कहा, 'शमी की प्रगति पर लगातार हमारी नजरें हैं। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेलते हुए, उनके घुटने में फिर से सूजन आ गई थी। उस कारण से टेस्ट मैच खेलने के लिए वह जो तैयारी कर रहे हैं, उसको थोड़ा झटका लगा है। हम उनको लेकर सावधानी बरत रहे हैं जिससे कि वापसी के बाद उन्हें फिर कोई समयस्या नहीं हो।

सीरिया में बशर अल असद को शुरू से ही रूस और ईरान जैसे देशों को समर्थन प्राप्त था लेकिन बीते कुछ वर्षों में रूस जहां यूक्रेन से युद्ध में वहीं ईरान के इजराइल से संघर्ष में शामिल होने से असद का सत्ता पर कंट्रोल पहले के मुकाबले कमजोर हुआ था।

सीरिया में तख्तापलट

कभी जनता पर चलवाए थे तोप के गोले, लाखों का कराया था कत्लेआम, सीरिया में खत्म हुआ असद का 50 साल पुराना शासन

नई दिल्ली

सीरिया में हालात हर बीतते दिन के साथ और खराब होते जा रहे हैं। विद्रोही एक-एक करके सीरिया के अलग-अलग शहरों को अपने कब्जे में ले रहे हैं। हालात किस कदर बिगड़ चुके हैं इसका अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि विद्रोहियों ने अब सीरिया की राजधानी दमिश्क पर भी कब्जा कर लिया है। साथ ही विद्रोहियों ने असद के सैनिकों को आत्म समर्पण करने को भी कहा है। विद्रोहियों की बढ़ती पकड़ को देखते हुए सीरिया में सैनिक भी अपनी पोस्ट को छोड़कर जाने लगे हैं। मिली जानकारी के अनुसार सीरियाई सरकार का अब पतन हो गया है। जिसका साफ मतलब हुआ कि सीरिया से अब असद परिवार के 50 साल के शासन का अंत हो गया है।

वर्ष 2000 से खुद सत्ता में थे बशर अल-असद

आपको बता दें कि सीरिया सरकार की संभाल रहे मौजूदा राष्ट्रपति बशर अल-असद वर्ष 2000 से ही अपनी सरकार चला रहे थे। दो दशक से भी ज्यादा के समय में अल असद की सरकार ने गृहयुद्ध भी झेला लेकिन रूस और ईरान जैसे देशों का साथ मिलने की वजह से वह लगातार सत्ता में बने रहे. इससे पहल इनके पति हाफिज अल असद ने सीरिया में 30 साल तक शासन किया था। उनकी मौत के बाद ही उनके बेटे बशर अल असद ने सत्ता संभाली थी।

खबर संक्षेप

पाक में 22 आतंकवादी और 6 सैनिक की मौत

पेशावर। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में दो दिनों के दौरान तीन अलग-अलग अभियानों में कम से कम 22 आतंकवादी जबकि छह सैनिक मारे गए। 'इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस' ने कहा कि खुफिया जानकारी पर आधारित अभियान 6 से 7 दिसंबर तक खैबर पख्तूनख्वा के टांक, उत्तरी वजीरिस्तान और थाल जिलों में चलाए गए।

सड़क दुर्घटना में 26 लोगों की मौत

आबिदजान। आइवरी कोस्ट में दो बसों की भीषण टक्कर में कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई और 28 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जानकारी के अनुसार देश के मध्य-पश्चिम में ब्रोकोआ गांव में दो वाहनों की टक्कर हो गई। बयान में कहा गया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। मारे गए 26 लोगों में से दस की मौत टक्कर के बाद लगी आग में झुलसने से हुई।

दो दिवसीय दौरे पर विदेश मंत्री, मनामा डायलॉग के 20वें संस्करण में लेंगे हिस्सा

बहरीन पहुंचे जयशंकर, मनामा डायलॉग में होंगे शामिल द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की होगी समीक्षा

मैं मनामा डायलॉग में भाग लेने के लिए उत्सुक हूं

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर दो दिवसीय बहरीन दौरे पर पहुंच गए हैं। जहां वे मनामा डायलॉग और चौथे भारत-बहरीन उच्च संयुक्त आयोग (एचजेसी) की सह-अध्यक्षता करेंगे। इस दौरान द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण पहलुओं की समीक्षा की जाएगी।

मनामा

भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर मनामा डायलॉग में हिस्सा लेने के लिए बहरीन के मनामा पहुंच गए हैं। उनका स्वागत बहरीन के विदेश मंत्री ने किया। इसे लेकर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में जानकारी साझा की है। उन्होंने लिखा, मनामा पहुंचकर बहुत खुशी हो रही है। अपने भाई विदेश मंत्री डॉ. अब्दुल्लातिफ बिन राशिद अल जायनी से मिलकर बहुत अच्छा लगा। कल मनामा डायलॉग में भाग लेने के लिए उत्सुक हूं। मुझे विश्वास है कि हमारा उच्च संयुक्त आयोग बहुत ही उत्पादक होगा।

एक्स पर पोस्ट में जानकारी साझा की

एचजेसी की सह-अध्यक्षता करेंगे

विदेश मंत्री अपनी यात्रा के दूसरे चरण के तहत बहरीन की यात्रा कर रहे हैं। वे 8 से 9 दिसंबर तक बहरीन में रहेंगे, जहां वे बहरीन के विदेश मंत्री अब्दुल्लातिफ बिन राशिद अल जायनी के साथ चौथे भारत-बहरीन उच्च संयुक्त आयोग (एचजेसी) की सह-अध्यक्षता करेंगे। इस मंत्रिस्तरीय बैठक में द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण पहलुओं की समीक्षा की जाएगी और भारत और बहरीन के बीच बहुआयामी संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की जाएगी।

- बहुआयामी संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की जाएगी

दोनों देशों के बीच सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सहयोग

विदेश मंत्री 8 दिसंबर को बहरीन में आईएसएस मनामा डायलॉग के 20वें संस्करण में भी भाग लेंगे। इस वर्ष मनामा डायलॉग का विषय है 'क्षेत्रीय समृद्धि और सुरक्षा को आकार देने में मध्य पूर्व का नेतृत्व। भारत और बहरीन के बीच सौहार्दपूर्ण राजनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और लोगों के बीच संपर्कों की विशेषता वाले उत्कृष्ट द्विपक्षीय संबंध हैं। दोनों देशों के बीच कई उच्च स्तरीय बातचीत हुई है जो दोनों देशों के बीच संबंधों की निकटता को दर्शाती है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि बहरीन भारत के साथ अधिक से अधिक आर्थिक जुड़ाव की तलाश करने का इच्छुक है क्योंकि बहरीन बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था के महत्व और क्षमता को पहचानता है और हाल के दिनों में इसकी पूर्व की ओर देखो नीति में भारत एक प्रमुख धुरी के रूप में है। दोनों देशों के बीच सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सहयोग है। दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश संबंध फल-फूल रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि बहरीन में 3 लाख से अधिक भारतीय नागरिक रहते हैं। बहरीन ने बहरीन के इतिहास और प्रगति में भारतीय समुदाय के योगदान को स्वीकार करने और चिह्नित करने के लिए नवंबर 2015 में 'लिटिल इंडिया इन बहरीन' परियोजना शुरू की।

बीएनपी लीडर बोले- भारत ने हमसे चटगांव मांगा तो बंगाल, बिहार और ओडिशा वापस ले लेंगे

ढाका में इंडियन हाई कमीशन के सामने हुआ विरोध-प्रदर्शन

ढाका

बांग्लादेश की राजधानी ढाका में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने रविवार को इंडियन हाई कमीशन के सामने भारत के विरोध में लॉन्ग मार्च निकाला। हालांकि पुलिस ने इस मार्च को बीच में ही रोक दिया।

इसके बाद बीएनपी के एक प्रतिनिधि गुट को पुलिस की मदद से इंडियन हाई कमीशन को ज्ञापन सौंपने की इजाजत दी गई। बीएनपी के जॉइंट जनरल सेक्रेटरी रूहुल कबीर रिजवी ने इस दौरान भारत विरोधी बयान दिए। रिजवी ने कहा- भारत हर कदम पर बांग्लादेश को नुकसान पहुंचा सकता है। उसने शेख हसीना को इसलिए शरण दी क्योंकि उसे बांग्लादेश के लोग पसंद नहीं हैं। भारत किसी से दोस्ती नहीं कर सकता।

शेख हसीना ने 16 साल सरकार चलाई

उन्होंने कहा कि अगर भारत चटगांव मांगता है, तो हम बंगाल, बिहार और ओडिशा वापस ले लेंगे। भारत में सांप्रदायिकता बहुत ज्यादा है। शेख हसीना ने दिल्ली के आशीर्वाद से ही बांग्लादेश में 16 साल सरकार चलाई। भारत ने वकील आलिफ की हत्या के बारे में भी कुछ नहीं कहा। बता दें कि चटगांव में 26 नवंबर को चिन्मय प्रभु के समर्थन में प्रदर्शन के दौरान एक वकील सैफुल इस्लाम ऊर्फ आलिफ की मौत हो गई थी। वकील की मौत कैसे हुई, ये पता नहीं चल पाया। भारत ने वीजा बंद करके बांग्लादेश को फायदा पहुंचाया रिजवी ने दावा किया कि भारत ने वीजा बंद करके बांग्लादेश को फायदा पहुंचाया है। उन्होंने कहा, इससे हमारा देश सम्पन्न होगा। प्रोडक्शन बढ़ेगा। बॉर्डर बंद करके अच्छा काम किया।

लोगों से की जा रही पूछताछ

कठुआ के हीरानगर में दिखे चार संदिग्ध सुरक्षाबलों ने चलाया तलाशी अभियान

जम्मू

जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के हीरानगर कस्बे में 3-4 लोगों की संदिग्ध गतिविधि की सूचना के बाद सुरक्षाकर्मियों ने तलाशी अभियान चलाया है। एसएसपी कठुआ शोभित सक्सेना कहते हैं, कुछ संदिग्ध हरकतें दिखीं। इसलिए हमने एक घंटे के भीतर ही कार्रवाई की। कल रात से ही हमने सेना, एसओजी, सीआरपीएफ और अन्य लोगों के साथ मिलकर पूरे इलाके की तलाशी ली...हवाई निगरानी भी की जा रही है।

उधमपुर में दो पुलिसकर्मियों की गोली लगने से मौत

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में दो पुलिसकर्मियों के शव मिले हैं। दोनों को गोली लगी थी। एक पुलिसकर्मी घायल है। पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह करीब 6.30 बजे उधमपुर जिला मुख्यालय में काली माता मंदिर के बाहर पुलिस वैन के अंदर पुलिसकर्मियों के गोलियों से छलनी शव पड़े मिले।

टैरिफ वाली धमकी के बाद विदेश मंत्री का बयान

डॉलर के खिलाफ नहीं है भारत, न ही ब्रिटिश करेंसी लाने का प्रस्ताव

नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका के अगले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अपील पर प्रतिक्रिया दी है। ट्रंप की अपील थी कि ब्रिक्स के सभी देश उनके सामने यह सुनिश्चित करें कि वे डॉलर के खिलाफ कोई नई करेंसी नहीं बनाएंगे और किसी ऐसी करेंसी का समर्थन भी नहीं करेंगे। ऐसा करने पर उन्होंने 100 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी दी थी. विदेश मंत्री ने अब स्पष्ट किया है कि भारत का डॉलर को कमजोर करने का कोई इरादा नहीं है। विदेश मंत्री ने कतर के दोहा फोरम में एक पैनल डिस्कशन में कहा, मुझे स्पष्ट रूप से नहीं पता कि ट्रिगर किस चीज के लिए था, लेकिन मैंने हमेशा कहा है कि भारत कभी भी डी-डॉलराइजेशन में शामिल नहीं रहा है। फिलहाल, ब्रिक्स करेंसी बनाने का ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है। उन्होंने यह भी साफ किया कि ब्रिक्स में शामिल देशों का मसले पर आइडेंटिकल पॉजिशन नहीं है।

मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ओंकारेश्वर की शरण में...

रुद्रप्रयाग। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रुद्रप्रयाग जिले के उखीमठ में ओंकारेश्वर मंदिर में भगवान भोलेनाथ के दर्शन करते हुए।

कई के मलबे में दबे होने की आशंका

हेग की रिहायशी इमारत में तेज धमाका, पांच लोगों की हुई मौत

हेग

नीदरलैंड्स के हेग शहर में एक रिहायशी इमारत में हुए तेज धमाके में पांच लोगों की मौत की खबर है। इमारत के मलबे में भी लोगों के दबे होने की आशंका है।

कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका

नीदरलैंड्स की जांच एजेंसियों ने बताया कि धमाके और आग की चपेट में आकर पांच अपार्टमेंट्स प्रभावित हुए हैं। पुलिस ने घटना को लेकर लोगों से जानकारी देने की अपील की है। दरअसल ऐसा कहा जा रहा है। धमाके के बाद एक कार तेजी से वहां से गुजरी थी।

बीएसएफ के 60 वें स्थापना दिवस समारोह

आने वाले दिनों में यह खतरा और भी गंभीर होने वाला है: गृह मंत्री

नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को भारत-पाक सीमा से 300 किलोमीटर दूर प्रशिक्षण शिविर में आयोजित बीएसएफ के 60वें स्थापना दिवस समारोह में पहुंचे। यहां उन्होंने एक खतरे के प्रति आगाह करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में यह और गंभीर होने वाला है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बीएसएफ के 60वें स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह में जवानों को संबोधित किया।

विजेताओं को वीरता पुरस्कार दिए

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार पाकिस्तान से सटी भारत की सीमा पर इस वर्ष 260 से अधिक ड्रोन गिराए गए या बरामद किए गए हैं, जबकि 2023 में यह आंकड़ा 110 ड्रोन का था। हथियार तथा मादक पदार्थ तस्करी के लिए इस्तेमाल किए गए ड्रोन सबसे अधिक पंजाब और कुछ राजस्थान तथा जम्मू में मार गिए या बरामद गए। गृह मंत्री ने परेड की समीक्षा की, सलामी ली और वीरता पुरस्कार विजेताओं को पदक और कुछ अन्य अलंकरण प्रदान किए। बीएसएफ की स्थापना एक दिसंबर 1965 को की गई थी, जिसमें फिलहाल 2.65 लाख जवान हैं।

भारत ने नेपाल में स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण के लिए 3.54 करोड़ देने का वादा

काठमांडू। भारत ने नेपाल के कोशी प्रांत में एक स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण के लिए 3.54 करोड़ रुपए का अनुदान देने का वादा किया है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई।

विज्ञप्ति के मुताबिक, तेरहाथुम जिले में कहलालंग स्वास्थ्य केंद्र की आधारशिला शुक्रवार को नेपाली कांग्रेस की सांसद सीता गुरुंग और नेपाल में भारतीय दूतावास के प्रथम सचिव अविनाश कुमार ने संयुक्त रूप से रखी।

सांसदों ने किया मतदान का बहिष्कार

साउथ कोरिया में राष्ट्रपति यून के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव फेल

सियोल

दक्षिण कोरियाई संसद में राष्ट्रपति यून के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव विफल हो गया है, क्योंकि सत्तारूढ़ पार्टी के सांसदों ने मतदान का बहिष्कार कर दिया है। मार्शल लॉ की घोषणा के बाद राष्ट्रपति यून सुक योल पर महाभियोग चलाने के प्रस्ताव के लिए विपक्षी सांसदों को कुछ वोटों की कमी खली। सत्तारूढ़ पीपुल्स पावर पार्टी (पीपीपी के सांसदों ने पार्टी के तीन सांसदों को छोड़कर मतदान का बहिष्कार किया। लिहाजा विधेयक को पारित करने के लिए जरूरी 200 सदस्यों (सदन के दो तिहाई) से कम मत मिले। इसका मतलब है कि राष्ट्रपति यून अभी पद पर बने रहेंगे।

पर्यटकों के लिए अब और भी खास बना बंगुस पर्यटन स्थल

बंगुस की बर्फीली वादियों में सैलानियों का उमड़ा सैलाब

जम्मू

उत्तर कश्मीर का प्रसिद्ध पर्यटन स्थल वादी-ए-बंगुस इस समय सर्दियों के मौसम में एक जादुई रूप में बदल चुका है। इस क्षेत्र में पहली बार बर्फबारी के साथ हरे-भरे मैदान बर्फ से ढक गए हैं, जिससे यह एक सर्दियों की शानदार मंजर बन गया है। क्षेत्र में लगभग एक फीट बर्फ गिर चुकी है, जिससे यहां की लुभावनी खूबसूरती और भी बढ़ गई है।



धरती का स्वर्ग कहा जाता है कश्मीर का बंगुस

कश्मीर अपनी खूबसूरती की वजह से देश के सबसे पॉपुलर टूरिस्ट स्पॉट में एक है। लोगों को हैरान कर देने वाली खूबसूरती की वजह से इसे धरती का स्वर्ग कहा जाता है। यहां साल भर देश और दुनिया के कोने-कोने से पर्यटक आते हैं। कश्मीर घाटी का कण-कण खूबसूरत नजारों से भरा है लेकिन इसके बावजूद कई ऐसी जगहें भी हैं जो टूरिस्ट स्पॉट के तौर पर ज्यादा मशहूर नहीं है लेकिन अगर आप भी यहां पहुंच जाएं तो आप खुद को प्रकृति की गोद में महसूस कर पाएंगे। ऐसी ही एक जगह है कश्मीर की बंगस घाटी।

ईरान के कदम से एशिया में बढ़ी चिंता

परमाणु हथियार में इस्तेमाल होने वाले यूरेनियम का बढ़ा रहा 'भंडार'

मनामा

अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के प्रमुख ने चेतावनी दी कि ईरान परमाणु हथियार बनाने में इस्तेमाल होने योग्य यूरेनियम के भंडार को तेजी से बढ़ा रहा है और उसने उन्नत सेंट्रीफ्यूज का निर्माण शुरू कर दिया है। ईरान द्वारा अपने अब तक के सबसे ज्यादा वजन के साथ एक सफल अंतरिक्ष यान प्रक्षेपण की घोषणा किये जाने के कुछ घंटों बाद ही राफेल मारियानो ग्रॉसी ने यह टिप्पणी की। ईरान के सफल अंतरिक्ष प्रक्षेपण को लेकर पश्चिमी देशों का आरोप है कि इससे तेहरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम में सुधार हुआ है। सिमोर्ग रॉकेट का प्रक्षेपण ऐसे समय में किया गया।



लेबनान में युद्ध विराम के बाद भी हमले

ईरान के इस कदम से पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका है, जहां गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ इजराइल का युद्ध जारी है तो वहीं लेबनान में युद्ध विराम के बाद भी हमले हो रहे हैं। ईरान हालांकि अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप की आने वाली सरकार के साथ संभावित वार्ता के लिए जमीन तैयार करने में जुटा है।

'द डायरी ऑफ मणिपुर' से डेब्यू करेंगे अमित राव

मुंबई। मणिपुर हिंसा के ज्वलंत मुद्दे पर बनने जा रही फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर से अमित राव हिंदी फिल्मों में डेब्यू कर रहे हैं। 'द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल' के मेकर सनोज मिश्रा अब मणिपुर हिंसा के ज्वलंत मुद्दे पर फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' बनाने जा रहे हैं। इस फिल्म के जरिए अमित राय हिंदी सिनेमा में डेब्यू करने जा रहे हैं। फिल्म के लेखक निर्माता और निर्देशक सनोज मिश्र ने फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' से जुड़ी जानकारी शेयर की। उन्होंने बताया कि इस फिल्म के जरिए मणिपुर हिंसा की सच्चाई दिखाने जा रहा हूं। सनोज मिश्रा फिल्म्स के बैनर तले बनने जा रही यह फिल्म।

लाइफ Style

प्रियंका

हिंदी सिनेमा में वापसी को तैयार

बॉलीवुड से हॉलीवुड तक अपने अभिनय का परचम लहराने वाली अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा इन दिनों भारतीय सिनेमा में अपनी वापसी को लेकर चर्चा में हैं। उन्हें आखिरी बार हिंदी फिल्म 'द स्काई इज पिंक' में देखा गया था, जिसमें वह फरहान अख्तर के साथ नजर आईं। यह फिल्म 2019 में रिलीज हुई थी और प्रियंका पिछले 5 साल से हिंदी सिनेमा से दूर हैं। अब प्रियंका ने हिंदी फिल्म करने के संकेत दिए हैं। एक बातचीत में प्रियंका ने कहा, मैं कई निर्माताओं से मिलती हूं और कहानी पढ़ती हूं। हिंदी फिल्मों में मैं अलग तरह का रोल तलाश रही हूं। यह साल मेरे लिए वाकई बहुत व्यस्त रहा, लेकिन मेरे पास कुछ है। मैं आप सब लोगों को जल्द बताऊंगी। इसके अलावा जब प्रियंका से फिल्म 'जी ले जरा' के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। फरहान ने अपनी फिल्म 'जी ले जरा' की घोषणा 2021 में की थी, लेकिन अभी तक उनकी यह फिल्म शुरू नहीं हो पाई है। इसकी स्टाकरस्ट और कहानी से जुड़ीं कई जानकारियां सामने आ चुकी हैं, वहीं कई बार फिल्म के डिब्बा बंद होने की खबरें भी सामने आईं। हालांकि, फिल्म को ठंडे बस्ते में डालने की खबरों को फरहान नकार चुके हैं। इस फिल्म में प्रियंका के साथ आलिया और कैटरीना भी नजर आएंगी।

एक बातचीत में प्रियंका ने कहा, मैं कई निर्माताओं से मिलती हूं और कहानी पढ़ती हूं। हिंदी फिल्मों में मैं अलग तरह का रोल तलाश रही हूं। यह साल मेरे लिए वाकई बहुत व्यस्त रहा, लेकिन मेरे पास कुछ है। मैं आप सब लोगों को जल्द बताऊंगी। इसके अलावा जब प्रियंका से फिल्म 'जी ले जरा' के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया।

हॉलीवुड मसाला

बहा ले गई समंदर की लहर

लॉस एंजिलस। रूसी अभिनेत्री कमिला बेल्यात्सकाया नहीं रहीं। हाल ही में एक खौफनाक हादसे में उनकी मौत हो गई। सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे देख किसी का भी दिल दहल जाए। कमिला महज 24 साल की थीं। वह समंदर किनारे योगा कर रही थीं। योग करते वक्त समंदर की लहरें तेजी से आईं और उन्हें बहाकर ले गईं। वो थाईलैंड के कोह समुई आइलैंड पर योग कर रही थीं। उन्हें ये जगह बेहद पसंद थी।

माइकल जैक्सन की बेटी पैरिस ने ब्वॉय फ्रेंड संग रचाई सगाई

लॉस एंजिलस। वर्ल्ड फेमस माइकल जैक्सन की बेटी चर्चा में हैं। माइकल जैक्सन की बेटी पैरिस जैक्सन ने सगाई कर ली है। 26 साल ती सिंगर और मॉडल ने यह खबर 6 दिसंबर को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की है। पैरिस ने अपने लॉन्गटाइम बॉयफ्रेंड जस्टिन लॉन्ग से सगाई की है। इस मौके पर दोनों की कुछ खूबसूरत तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है जिसमें कपल बेहद ही रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहा है। पैरिस और जस्टिन की लव स्टोरी 2022 में शुरू हुई थी। पैरिस जैक्सन अपने पिता माइकल जैक्सन की तरह सिंगर हैं। 'विल्टेड' नाम के एल्बम से उन्हें काफी पॉपुलारटी हासिल हुई। इसे साल 2020 में रिलीज किया गया था। उनकी सगाई की खबर पर उनके फैंस में खुशी का माहौल है।

ऐसे हिट होती है फिल्म खोला राज...

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम का कहना है कि यदि फिल्म अच्छी तरह से बनाई गई है तो जरूर सफल होती है। वर्ष 2024 यामी गौतम के लिए खास रहा है। अपनी बेहतरीन अदाकारी से उन्होंने सभी का दिल जीत लिया है और अपनी शानदार अभिनय क्षमता को फिर से साबित किया है, जो ये बताता है कि वो इंडस्ट्री की सबसे बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक हैं। आर्टिकल 370 में उनके दमदार परफॉर्मेंस ने उन्हें फिल्म ऑफ दि ईयर का खिताब दिलवाया है, और फिल्म भी बड़ी हिट साबित हुई है। यामी गौतम ने कहा कि मैंने हमेशा ऐसी फिल्मों को चुना है जो किसी न किसी तरीके से खास होती हैं और आदित्य ने भी ऐसा ही किया। उन्होंने फिल्म आर्टिकल 370 को लोकेश के साथ मिलकर प्रोड्यूस किया। इस फिल्म को लेकर कई सवाल और सलाहें आईं।

'बेबी जॉन' का ट्रेलर आज होगा रिलीज

मुंबई। पिछले लंबे समय से अभिनेता वरुण धवन अपनी आगामी फिल्म 'बेबी जॉन' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसके निर्देशन की कमान एटली ने संभाली है, जिन्होंने बीते साल शाहरुख खान के साथ फिल्म 'जवान' जैसी सुपरहिट फिल्म दी थी।। दरअसल, वरुण की फिल्म का ट्रेलर आज 9 दिसंबर को मुंबई में एक भव्य कार्यक्रम में लांच किया जाएगा। वरुण भी होंगे कार्यक्रम में शामिल बॉलीवुड की रिपोर्ट के मुताबिक, 'बेबी जॉन' का ट्रेलर 9 दिसंबर, 2024 को रिलीज किया जाएगा। इस कार्यक्रम में वरुण और एटली समेत फिल्म की बाकी स्टार कास्ट भी शामिल होगी। सितंबर, 2024 में एटली ने मुंबई में आयोजित बिग सिने एक्सपो, 2024 में 'बेबी जॉन' की खास झलकियों दिखाई थीं।

टीवी मसाला



सलमान का 'नौकर', रहा बेरोजगार सिर्फ 1 किरदार ने बना दिया लोकप्रिय

मुंबई। हम जिस एक्टर की बात कर रहे हैं, वे सलमान खान की पहली सुपरहिट फिल्म 'मैंने प्यार किया' में उनके नौकर बने थे। उन्होंने फिर 'हम आपके हैं कौन' में उनके दोस्त का रोल निभाया था। ब्लॉकबस्टर देने के बाद भी एक्टर को कुछ वक्त तक बेरोजगार रहना पड़ा। मगर एक किरदार ने उन्हें रातोंरात स्टार बना दिया। वे आज एक बड़े सभी के चहेते स्टार हैं, जिनकी नेटवर्थ करोड़ों में है।

हॉरर कॉमेडी फिल्म 'नई नवेली' में कृति सैनन

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सैनन फिल्मकार आनंद एल राय की हॉरर कॉमेडी फिल्म नई नवेली में काम करती नजर आ सकती हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि आनंद एल राय हॉरर कॉमेडी फिल्म नई नवेली बनाने जा रहे हैं, जिसके लिये उन्होंने कृति सैनन को साइन किया है। यह फिल्म आनंद एल राय के बैनर कलर येलो प्रोडक्शंस के तहत बनाई जाएगी। यह फिल्म तेरे इश्क में पर काम करने के बाद कृति सैनन और आनंद एल राय के बीच एक और सहयोग का प्रतीक है। तेरे इश्क में का एक बड़ा हिस्सा पूरा होने के बाद नई नवेली का प्रोडक्शन 2025 के मध्य में शुरू होगा। हॉरर कॉमेडी इस सीजन की पसंद बनी हुयी है और नई नवेली को लोकप्रिय शैली में एक नया रूप लाने की उम्मीद है। हॉरर-कॉमेडी फिल्म नई नवेली बनाने के अलावा, आनंद एल राय बहुचर्चित तनु वेड्स मनु फ्रेंचाइजी के तीसरे भाग का निर्देशन करने की भी तैयारी कर रहे हैं। फिल्म में कंगना रनौत और आर माधवन मुख्य भूमिका में होंगे।

'पुष्पा 2' तोड़ेगी 'दंगल' का महारिकॉर्ड, ये हैं देश की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्में

मुंबई। अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2' कमाई की सुनामी लेकर आई है। यह फिल्म 5 दिसंबर को रिलीज हुई और इसने पहले ही दिन देश और दुनिया में सबसे अधकि कमाई करने वाली भारतीय फिल्म का रिकॉर्ड अपने नाम किया। दूसरे दिन भी फिल्म ने छप्परफाड़ कमाई की और महज 2 दिन में इसने दुनियाभर में 400 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया। आइए दुनियाभर में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली 5 भारतीय फिल्मों के बारे में जानें।

'दंगल' : दुनियाभर में सबसे ज्यादा कमाऊ भारतीय फिल्मों में पहले स्थान पर आमिर खान की 2016 में आई 'दंगल' है। फातिमा सना शेख, सान्या मल्होत्रा और जायरा वसीम जैसे कलाकारों से सजी इस फिल्म ने दुनियाभर में लगभग 2,000 करोड़ रुपये कमाए थे। फिल्म का बजट महज 80 करोड़ रुपये था। इसकी रिलीज को 8 साल हो चुके हैं, लेकिन कोई भी फिल्म अभी इस आंकड़े को पार नहीं कर पाई है। अब शायद 'पुष्पा 2' इसे मात दे दे।

'बाहुबली 2: द कंक्लूजन': 'बाहुबली 2: द कंक्लूजन' ने दुनियाभर में खूब तहलका मचाया था। इस फिल्म में प्रभास, अनुष्का शेट्टी, तमन्ना भाटिया और राणा दुग्गुबाती जैसे कलाकार अहम किरदार में नजर आए थे और इन सभी सितारों के लिए यह फिल्म मील का पत्थर साबित हुई थी। एसएस राजौमली के निर्देशन में बनी इस फिल्म की भव्यता देख हर कोई हैरान था। फिल्म ने 1,788 करोड़ रुपये कमाए थे। 250 करोड़ रुपये के बजट वाली यह फिल्म आप डिज्नी+हॉटस्टार पर देख सकते हैं।

आरआरआर: भारत की सबसे कमाऊ फिल्मों की बात हो तो ऑस्कर पा चुकी ब्लॉकबस्टर फिल्म 'आरआरआर' का जिक्र कैसे न हो। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड कमाई की थी। साल 2022 में आई इस फिल्म का निर्देशन एसएस राजामौली ने किया था। फिल्म में राम चरण, जूनियर एनटीआर और आलिया भट्ट अहम भूमिका में नजर आए थे। इस फिल्म ने दुनियाभर में 1,236 करोड़ रुपये की कमाई की थी। यह फिल्म नेटफ्लिक्स, जीऽ और डिज्नी+हॉटस्टार पर मौजूद है।

'केजीएफः चैप्टर 2' और 'जवान' : दुनियाभर में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्मों में चौथे स्थान पर कन्नड़ सुपरस्टार यश की फिल्म 'केजीएफ : चैप्टर 2' है। फिल्म में संजय दत्त और रवीना टंडन भी थे। इसने दुनियाभर में 1,200 करोड़ रुपये बटोरे थे। इस फिल्म का लुत्फ आप अमेजन प्राइम वीडियो पर उठा सकते हैं। उधर नेटफ्लिक्स और यूट्यूब पर मौजूद शाहरुख खान की 'जवान' भी देश की 5 सबसे कमाऊ फिल्मों में शामिल है।

JHARKHAND EDUCATION CENTER
RANCHI
T.L. No.: (RAN54082621210695)
We Offer All Courses From Board, Council and Institutions
MATRIC VOCATIONAL IIT
MANAGEMENT ENGINEERING AICTE
INTERMEDIATE UG & PG LAW
NCTE MBBS ANM & GNM
We here to help you...
House No. 01, Singh Mansion, Shanti Nagar, Hatia, Ranchi-03
+91 9431360101
info.jharkhandeducationcenter@gmail.com
www.jharkhandeducationcenter.com

हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रवेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.